आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 32.4° न्यून. 24.3°
रांची: अधिक. 33.7° न्यून. 25.9°

रांची, मंगलवार
17 जून 2025
वर्ष-26, अंक-135, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## भारत को आहत करने की चेष्टा पर सेना ने दिया है मुंहतोड़ जवाब

राष्ट्रीय नवीन मेल




**शिप्रा सैनी मौर्या**

इतिहास साक्षी है कि जब-जब किसी ने भारत को आहत करने की चेष्टा की भारतीय सैनिकों ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। इस बार आतंकवादियों द्वारा किया गया दुस्साहस न सिर्फ निंदनीय था अपितु यह सभी को मर्माहत करने वाला था, क्योंकि यह धर्म विशेष को लक्षित था एवं मासूमों को निशाना बनाया गया। उनका ध्येय भारत में सांप्रदायिक दंगे फैलाने का था। धन्यवाद भारतवासियों को कि उन्होंने ऐसा होने नहीं दिया एवं सभी धर्मावलम्बियों ने मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध आवाज उठाई। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने सोची समझी रणनीति अनुसार आतंकवादियों को ही निशाना बनाया उनके आदेशानुसार हमारी भारतीय सेना ने जिस सटीकता एवं तत्परता के साथ आतंकवादियों के पनाहघरों को ध्वस्त किया वह अतिशय प्रशंसा योग्य है। एक-एक सैनिक में अदम्य साहस एवं भारत की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता कूट-कूट कर भरी हुई है। साथ ही तकनीक का उच्च स्तर पर प्रयोग यह आश्वस्त कर गया कि हमारे देश का सैन्य बल एवं सैन्य उपकरण उच्च कोटि की सुरक्षा प्रदान करने योग्य है। भारतीय सेना के वीर सैनिकों को कोटि-कोटि धन्यवाद एवं प्रणाम। जय हिंद।

# ईरान में फंसे 10 हजार भारतीय

## ईरान विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की दी इजाजत, भारत ने शुरू की रेस्क्यू की तैयारी

### ईरान के मिसाइल हमले में इजराइल में 8 की मौत, 200 घायल

ईरान ने सोमवार को सेंट्रल इजराइल में कई स्थानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 8 लोगों की मौत और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पिछले चार दिनों में यह इजराइल पर ईरान का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। अब तक ईरानी हमलों में इजराइल में 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 600 से अधिक घायल हैं। वहीं ईरान में अब तक 224 लोगों की मौत और 1,277 से ज्यादा घायल होने की पुष्टि हुई है। एक अमेरिकी मानवाधिकार संगठन का दावा है कि ईरान में अब तक 406 लोगों की मौत हो चुकी है।


ईरान में फंसे छात्र

### इजराइल का ईरान पर जवाबी हमला

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के 30% मिसाइल लॉन्चर्स को तबाह कर दिया है। इसके लिए 50 से अधिक फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट्स का इस्तेमाल किया गया और 120 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चिंग सिस्टम को नष्ट किया गया।इजराइली एयरफोर्स ने रविवार को तेहरान में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी और उनके डिप्टी हसन मोहकिक समेत 4 खुफिया अफसरों की मौत हो गई। यह हमला ईरान के खुफिया ढांचे पर बड़ा झटका माना जा रहा है।

**एजेंसी । तेहरान**

ईरान और इजराइल के बीच लगातार चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इस बीच सोमवार को ईरान ने बड़ी घोषणा करते हुए विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। इससे पहले सभी हवाई अड्डों को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था, लेकिन अब लैंड बॉर्डर खुले रखे गए हैं।

**● छात्रों को आर्मेनिया की नॉरदुज सीमा चौकी के रास्ते बसों से निकाला जाएगा**

**भारत ने शुरू की प्रक्रिया :** सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने अपने 1,500 छात्रों सहित करीब 10,000 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से संपर्क किया है। छात्रों को आर्मेनिया की नॉरदुज सीमा चौकी के रास्ते बसों से निकाला जाएगा।ईरानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि देश छोड़ने से पहले सभी विदेशी नागरिकों को राजनयिक मिशनों के माध्यम से अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, वाहन की जानकारी, निकलने का समय और बॉर्डर की जानकारी जनरल प्रोटोकॉल विभाग को देनी होगी।

## इजराइल ने तेहरान के आसमान पर कब्जे का किया ऐलान


**तेल अवीव।** इजराइल की सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है। सेना का कहना है कि उसने ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों को इस हद तक कमजोर कर दिया है कि उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि इजराइल अब कहता है कि पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान पर उसका नियंत्रण है। **शेष पेज 11 पर**

### ईरान ने इजराइल पर फिर से किए मिसाइल हमले, 3 लोगों की मौत

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरान ने कहा कि उसने लगभग 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया।

## सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को डीआईजी सह एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि नामकुम स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल परिसर में राठौर जनरल स्टोर नामक एक फर्जी संस्था के माध्यम से भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों के स्टाम्प बनाकर फर्जीवाडा किया जा रहा है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए नामकुम थाना से एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मिलिट्री हॉस्पीटल नामकुम परिसर में स्थित राठौर जनरल स्टोर के दुकान से सेना के विभिन्न पदाधिकारी के नाम से बना हुआ भारी मात्रा में रबर स्टाम्प और प्रीइंक्ड फ्लैश स्टैम्प और एक पोको कम्पनी का मोबाईल, एक सादा कागज पर मोहर बनाने का नमुना, एवं दुकानदार को स्टाम्प मुहर बनाने के लिए दिया गया वाट्सअप का स्क्रीन शॉट बरामद किया गया। राठौर जनरल स्टोर के मालिक सर्वेश कुमार सिंह के पास भारतीय सेना से मुहर बनाने के लिए प्राधिकार पत्र और अन्य वैध कागजात की मांग करने पर दुकान मालिक के द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात् बरामद समान को विधिवत जप्त किया गया। साथ ही साथ इनके निशानदेही पर स्टाम्प बना कर उपलब्ध कराने वाले दास साउन्ड नामक दुकान के संचालक आशीष दास को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इनके दुकान से कम्प्यूटर का सीपीयू का विधिवत जब्त किया गया। **शेष पेज 11 पर**

## दिल्ली से रांची आ रहा एयर इंडिया का विमान दिल्ली डायवर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**विमान में तकनीकी खामी की वजह से दिल्ली डायवर्ट किया गया : एयर इंडिया प्रवक्ता**

**रांची।** दिल्ली से रांची आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। सोमवार 16 जून को एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट दिल्ली से रांची आ रही थी। विमान को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शाम को 6:20 बजे लैंड करना था। लेकिन वापस दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से उड़ान भरने के बाद हमारा एक विमान दिल्ली लौट आया। संदिग्ध तकनीकी कारणों की वजह से ऐसा करना पड़ा। इंस्पेक्शन और क्लियरेंस के बाद विमान का परिचालन जारी रहा। बोइंग 737 मैक्स 8 को 16 जून को शाम 4:25 बजे दिल्ली से रांची के लिए उड़ान भरना था। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग का समय 6:20 बजे था, लेकिन दिल्ली से विमान ने 7:56 बजे उड़ान भरी और विमान में तकनीकी खामी की वजह से उसे वापस दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया।

## अस्पताल में भर्ती सोनिया गांधी की हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर हैं। उन्हें रविवार देर रात पेट की समस्या के कारण दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल के बयान के अनुसार, 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को वर्तमान में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया है।



डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति और सरकार की नियमावली का मामला

## हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाब के लिए दिया मौका

**रांची (आईएएनएस)**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के मामले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, केंद्र सरकार और यूपीएससी सहित सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का एक और मौका दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित की गई है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इसके पहले इस याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई की थी और सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए 16 जून तक जवाब देने को कहा था। मरांडी ने अपनी याचिका में कहा है कि डीजीपी के पद पर गुप्ता की नियुक्ति में यूपीएससी की गाइडलाइन्स और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना की गई है।




याचिका में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी चयन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा, समिति के सदस्य पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने पिछली सुनवाई के दौरान अदालत को बताया था कि राज्य सरकार ने बिना किसी गंभीर आरोप के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को कार्यकाल पूरा किए बगैर डीजीपी के पद से हटाकर इस पद पर अनुराग गुप्ता को नियुक्त कर दिया **शेष पेज 11 पर**

साइप्रस में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## आतंकवाद के विरुद्ध नया अध्याय लिखने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा

**निकोसिया (आईएएनएस)**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर भी चिंता व्यक्त की।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं भव्य स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए राष्ट्रपति का हृदय से धन्यवाद करता हूं। जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, तब से यहां के राष्ट्रपति और यहां के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया है, वह सीधे दिल को छू गया। अभी कुछ देर पहले ही मुझे साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मुहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। **शेष पेज 11 पर**



### कनाडा की यात्रा पर गए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। **शेष पेज 11 पर**

पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान, कहा

### विनम्रता व कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं

**निकोसिया (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस।'' से नवाजा है। पीएम मोदी ने साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार को देश की जनता को समर्पित किया। **शेष पेज 11 पर**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## दो चरणों में पूरी होगी जनगणना

### केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

**पहला चरण 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा**

**दूसरा चरण 1 मार्च 2027 से शुरू होगा**

केंद्र सरकार ने सोमवार को जनगणना के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। राजपत्र में बताया गया है कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि पहला चरण 1 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा, जिसमें जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल होंगे, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च, 2027 से शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया, "केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र असाधारण, भाग 2, खंड 3 उपखंड (ii) तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1455(अ) तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, **शेष पेज 11 पर**

### 1.53 करोड़ की ठगी करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड सीआईडी ने 1.53 करोड़ की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। सीआईडी की टीम ने उत्तरप्रदेश के हापुड़ के रहने वाले मो. आसिफ को दबोच लिया। सीआईडी ने सोमवार को बताया कि साइबर अपराधियों ने वादी से वाट्सअप के माध्यम से संपर्क किया और राशि निवेश करने का प्रलोभन दिया। कहा कि जल्द ही पैसा 5-10 गुणा बढ़ जाएगा। इसके बाद भुक्तभोगी को वाट्सअप पर एक लिंक भेजा और कुल 1.53 करोड़ रुपए की ठगी कर ली थी।

**इंडिया**

## काले शीशे और झंडे लगी हूटर बजाती कथित वीआइपी गाड़ियों की बढ़ती भीड़



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

दिखावा और शक्ति प्रदर्शन के दौर में नेताओं से लेकर अधिकारी और व्यापारी तक अपने को वीआइपी साबित करने की दौड़ में लगे हैं और न्यायालयों के आदेश भारत और राज्य सरकारों के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सायरन बजाती,पार्टी या संगठन के झंडे लगी गाड़ियां धड़ल्ले से राजधानी रांची तक में घूम रहीं हैं जिनमें से अधिकांश में आरपार नहीं दिखने वाले काले शीशे लगे होते हैं। कई आपराधिक घटनाओं के बाद काले शीशे पर रोक का अभियान चला और हूटर लगी गाड़ियों से उनके घटते महत्त्व को ध्यान में रखकर इस पर रोक के लिए चला अभियान अब धीमा पड़ गया है और भीड़ से बचने के लिए छुपे हुए हूटर वाले निजी वाहन या कथित वीआइपी नियम कानूनों का खुले आम मजाक उड़ा रहे हैं। गाड़ी में काले शीशे लगाने और झंडा लगाने का अधिकार कुछ विशेष व्यक्तियों को ही है। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में फैसला सुनाया था कि कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी में काले शीशे या फिल्म नहीं लगा सकता है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार, गाड़ी के सामने और पीछे के शीशों की पारदर्शिता कम से कम 70% होनी चाहिए, और साइड के शीशों की 50%। अधिकारियों का कहना है कि विशेष कारणों से सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेष अनुमति कुछ लोगों को दी जाती है। फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के अनुसार, कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को ही अपनी गाड़ी पर झंडा लगाने की अनुमति है।राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल, उप-राज्यपाल, प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री, और अन्य कैबिनेट मंत्री झंडा लगा सकते हैं।विदेशी दूतावासों के अध्यक्ष भी अपनी गाड़ी पर झंडा लगा सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लग सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विरुद्ध अनधिकृत वाहनों में लगे हूटर, फ्लैशलाइट, वीआईपी स्टीकर और भ्रामक नंबर प्लेट को हटाने के के बावजूद जनप्रतिनिधियों, नेताओं और अधिकारियों के वाहनों में अधिनियम का खुला माखौल उड़ाया जा रहा है। कानून की बात करें तो जनप्रतिनिधियों को भी अपने वाहन में हूटर, सायरन लगाने का अधिकार नहीं है। हूटर का इस्तेमाल सिर्फ फायर ब्रिगेड के वाहन, एंबुलेंस एवं पुलिस के वाहन में ही हो सकता है। इसके बावजूद राज्य में दिन भर हूटर लगे वाहन धड़ल्ले से घूमते देखे जा सकते हैं। इनमें विधायक उनके रिश्तेदार और कई पार्टी नेता भी अपना दबदबा बनाने हूटर बजाते घूमते देखे जा सकते हैं। मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 212-1994 में नौ जुलाई 2013 को संशोधन कर उपनियम स्थापित किए गए हैं। इसके तहत किसी भी अग्निशमन यान के चालक को आग बुझाने के लिए जाते समय हूटर बजाने का अधिकार है। किसी भी एंबुलेंस के चालक भी गंभीर मरीज को उपचार के लिए ले जाते समय ही वाहन में लगे हूटर को बजा सकता है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति या राज्य विधानसभा के एस्कोर्टिंग में लगे सुरक्षा वाहन हूटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। सेना, पुलिस, कार्यपालक दंडाधिकारी के वाहन चालक कानून व्यवस्था की स्थिति बनने पर हूटर, सायरन का उपयोग कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त किसी भी वाहन में लगा हूटर, सायरन अवैध है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार विंडस्क्रीन सहित कार के शीशों में 70 प्रतिशत से ज्यादा दृश्य प्रकाश संचरण होना चाहिए। मोटर वाहन अधिनियम राजनेताओं को अपनी कार के विंडस्क्रीन पर अपनी पार्टी का झंडा या राजनीतिक नेताओं की तस्वीर लगाने की अनुमति नहीं देता है। इसी प्रकार झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद निजी गाड़ियों के बाहर लगी लाल साइन बोर्ड अब बहुत चालाकी से गाड़ियों के अंदर लगाई जा रही है ताकि आदेश का उल्लंघन भी न हो और वीआइपी का रौब भी बना रहे। कुछ स्वयं सेवी संस्थाएं सरकारी या अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलते जुलते नामों वाले बोर्ड लगाकर धड़ल्ले से घूम रही हैं जिनमें से एक कथित वीआइपी शराब की तस्करी में रिंग रोड में पकड़े भी गए थे। सरकारी अधिकारियों की निजी गाड़ियों पर भारत सरकार या झारखंड सरकार या अपने विभाग का नाम से लेकर नंबर प्लेट पर पुलिस या वन विभाग की तरह पेंट कराकर चलने से कथित वीआइपी लोगों की भीड़ बढती जा रही है। अनेक बड़े व्यापारी,बिल्डर,नेता सरकारी बॉडीगार्ड नहीं मिलने पर पीएम की तरह एक ही रंग के सफारीधारी निजी सुरक्षाकर्मी लेकर चलते हैं जिससे भ्रम भी होता है और सुरक्षा संबंधी चूक की भी संभावना है। सबसे बुरा लगता है जब ये कथित वीआइपी सडकों पर हूटर बजाते काले शीशे वाली गाड़ियों से गुजरते हैं तो पब्लिक अनेकों बार ऐसे ही हूटर बजाते एंबुलेंस को भी भाव नहीं देती जो अत्यंत चिंताजनक बात है। नियम है कि बिना निबंधन कोई भी गाडी शो रूम से बाहर नहीं निकलेगी पर बिना नंबर प्लेट वाली सिर्फ अपना पदनाम लिखी गाड़ियां भी सडकों पर चल रही है।



## गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी पंचतत्व में विलीन

### अहमदाबाद विमान हादसे में हुआ था निधन



**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य मंत्री भी मौजूद थे। सिविल अस्पताल से रूपाणी के पार्थिव शरीर को सोमवार को राजकोट लाया गया था। जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल भी उनके घर पहुंचने और श्रद्धांजलि दी। उसके बाद शाम को अंतिम यात्रा निकाली गई।

**12 जून को विमान हादसे में रूपाणी का हुआ था निधन :** रूपाणी, लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में शामिल थे जो 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। विमान में सवार लोगों में से 241 की मौत हो गई। केवल एक यात्री ही बच पाया। इसके अलावा इस त्रासदी में जमीन पर 29 लोगों की मौत हो गई जिसमें एमबीबीएस के पांच छात्र भी शामिल हैं।

**शेष पेज 11 पर**

# राष्ट्र विरोधी बयान दे रहे झामुमो के प्रवक्ता : मनोज सिंह

**तुष्टीकरण से पॉपुलेशन हैकिंग तो झामुमो-कांग्रेस के डीएनए में**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने आज झामुमो महासचिव प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा पर झामुमो का बयान सिर्फ असंवैधानिक और अमर्यादित टिप्पणी ही नहीं बल्कि झामुमो ने राष्ट्र विरोधी बयान दिया है। कहा कि प्रधानमंत्री जब विदेश जाते हैं तो वे पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधिधित्व करते हैं। आज अनेक राष्ट्र प्रधानमंत्री जी को अपने राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर रहे जिससे देश का सम्मान बढ़ रहा।आज भी साइप्रस ने अपने सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री जी को सम्मानित किया है। लेकिन झामुमो इतनी छोटी मानसिकता से ग्रसित है कि उसे इसमें गर्व महसूस नहीं होता। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत कंज्यूमर नेशन नहीं बल्कि दुश्मन के घर में घुसकर मारने वाला स्ट्रांग नेशन बना है। विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कंज्यूमर नेशन तो कांग्रेस ने बनाकर रखा था। कहा कि जनगणना के संबंध में बयानबाजी की झामुमो अपनी नासमझी को उजागर कर रहा। एक तरफ सरकारी कार्य अब तेजी से डिजिटल हो रहे। बैंकों के लेनदेन से लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से धरातल पर उतर रहा। झारखंड की सरकार भी योजनाओं को डिजिटल रूप में नीचे तक पहुंचा रही। कोविड काल में तो भारत ने डिजिटल क्रांति का ऐसा नमूना पेश किया कि दुनिया चकित रह गई। टीकाकरण के साथ ही डिजिटल सर्टिफिकेट मिलना यह अमेरिका जैसे विकसित देश में भी संभव नहीं हो पाया था जिसे भारत ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सफलता पूर्वक पूरा किया। कहा कि जनगणना की अभी अधिसूचना जारी हुई है और झामुमो की बौखलाहट सामने आने लगी। इनकी चिंता स्वाभाविक है। कहा कि कोविड टीकाकरण पर भी झामुमो ने खूब दुष्प्रचार किए थे लेकिन जनता की स्वीकृति के आगे इनकी एक भी नहीं चली। बाद में झामुमो के नेता टीका भी लगवाने लगे और अपने नाम का श्रेय भी लेने लगे।

मंत्री दीपिका पांडे ने ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री का किया दौरा, कहा

# महिलाओं के जीवन में आ रहा है सकारात्मक बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने सोमवार को खेलगांव स्थित ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक मंजिल और विभाग का दौरा किया और संचालन एवं उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित डीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी सेवाएं दे रही महिलाओं से मुलाक़ात की। इस दौरान झारखंड के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई।

मौके पर मंत्री ने कहा कि ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड और जेएसएलपीएस के पहल महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। इन महिलाओं के आत्मविश्वास और समर्पण ने यह स्पष्ट कर दिया कि सही अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर ग्रामीण प्रतिभाएं किसी से पीछे नहीं। मंत्री ने कई कर्मचारियों के साथ-साथ कई महिलाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान 20 से अधिक कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत सफलता की कहानियां साझा की।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन, ओरिएंट क्राफ्ट फैशन इंडस्ट्री लिमिटेड के सीएमडी सुधीर ढींगरा, वीपी निशा तोमर, सीनियर जीएम सस्टेनेबिलिटी अर्चना मान समेत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है : संजय सेठ



**रांची।** रांची महानगर द्वारा आयोजित संकल्प सभा सुखदेव नगर मंडल एवं धुर्वा मंडल में आयोजित की गई इस संकल्प सभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रांची के विधायक सीपी सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी को संकल्प दिलाया एवं अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रप्रथम के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए। अपने संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा विकसित भारत को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियां मोदी सरकार आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के साथ, भारत को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना से काम कर रही है। आतंक के मुद्दे पर हमने जीरो टॉलरेंस की नीति रखी। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। संकट काल में युद्धग्रस्त देश से नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिशन नहीं है यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। 11 वर्षों की यात्रा सिर्फ मोदी जी ने नहीं की है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साथ लेकर, उसे पूर्ण करने को समर्पित रही यात्रा है और यह संकल्प की सिद्धि तक जारी रहेगी। भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि मिल रही है। रक्षा क्षेत्र में हमें नई ऊंचाई मिली है। मौके पर बलराम सिंह, ओमप्रकाश पंडे, उमेश यादव, रमेश सिंह, अमित कुमार, ललित ओझा, हरेंद्र सिंह, शिव जी सिंह, दीपक लोहरा, वीणा मिश्रा, चंदन पटेल सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थिति थे।

### एलजेपी(आर) के विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव बने अवनीश रंजन मिश्र




**रांची।** अवनीश रंजन मिश्रा को लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के विधि प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। इस आदेश विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुलदीप चौहान ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अनुमति से अवनीश रंजन मिश्र को विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप चौहान ने कहा है कि हमें विश्वास है कि अवनीश रंजन मिश्र के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। इससे पहले अवनीश रंजन पहले विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव थे।

### डुमरी आत्महत्या कांड : आजसू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र

**रांची।** गिरिडीह जिला अंतर्गत डुमरी प्रखंड के बलथरिया पंचायत के पंचायत सेवक सुखलाल महतो की आत्महत्या मामले में आजसू नेता संजय मेहता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है। संजय मेहता ने आयोग के अध्यक्ष के नाम अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह मामला न सिर्फ मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा है, बल्कि कार्यस्थल पर सरकारी पदाधिकारियों द्वारा किए गए मानसिक उत्पीड़न का गंभीर उदाहरण भी है। उन्होंने बताया कि मृतक सुखलाल महतो ने आत्महत्या के पूर्व लिखे पत्र में डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) समेत तीन अन्य अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना और सार्वजनिक अपमान के गंभीर आरोप लगाए थे। संजय मेहता ने आशंका जताई है कि चूंकि यह मामला सरकार और सरकारी पदाधिकारियों से जुड़ा है, इसलिए तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है, और सरकारी मशीनरी द्वारा सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा कि "यहाँ तो मुंसिफ़ ही चोर है", इसलिए मानवाधिकार आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संजय मेहता ने आयोग को भेजे अपने पत्र में संविधान के अनुच्छेद 21 और यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स के अनुच्छेद 5 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन और अमानवीय व्यवहार से मुक्ति का अधिकार है, और यह घटना इन मूल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। मानवाधिकार आयोग ने संजय मेहता के पत्र पर संज्ञान लेते हुए केस संख्या 14015/IN/2025 के अंतर्गत दिनांक 16 जून 2025 को मामला दर्ज कर लिया है। संजय मेहता ने आयोग से निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की माँग की है।

### गौ सेवा के क्षेत्र में चुनौती व संभावनाएं विषय पर कार्यशाला 19 जून से



**रांची।** गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन पशुपालन भवन, हेसाग में किया जाएगा। गुरुवार को कार्यशाला का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में विभागीय सचिव अबु बकर सिद्दीख एवं निदेशक, पशुपालन किरण पासी भी उपस्थित रहेंगे। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न राज्यों के वक्ता शामिल होंगे। कार्यशाला की तैयारी को लेकर हेसाग स्थित पशुपालन भवन परिसर में स्टाल भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें झारखंड गो सेवा आयोग से निबंधित गौशालाओं के द्वारा संचालित गतिविधियों को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के दृष्टिकोण से झारखंड राज्य में नीति निर्धारण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। गो सेवा के महत्व, वर्तमान चुनौतियों एवं संभावनाओं पर देश के प्रख्यात वक्ताओं के विचारों को सुनने एवं समझने का अवसर प्रदान करेगी। जिससे प्रदेश के गो पालक, गौशाला संचालन समितियां एवं इस क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों को लाभ मिलेगा। इस दो दिवसीय कार्यशाला के मंथन से निकलने वाले सकारात्मक विचारों से भविष्य में हमारी गौशालाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। राजीव रंजन प्रसाद सोमवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस अवसर पर आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक, डॉ मुकेश मिश्रा एवं पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडे उपस्थित थे।

### बेड़ो के महादानी मैदान के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा

**रांची।** बेड़ो अंचल अंतर्गत मौजा-बेड़ो में महादानी मैदान की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 17 जून के सुबह 06:00 बजे से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

# राज्यपाल गंगवार से मिला समता युवा संघ का प्रतिनिधिमंडल

- रांची में रेलवे जोनल कार्यालय खोलने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रेलवे से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया गया। संदीप नागपाल ने राज्यपाल को रांची में रेलवे जोनल कार्यालय खोले जाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर रांची में जोनल कार्यालय स्थापित किया जाता है तो झारखंड के लोगों को रेलवे से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान मिल सकेगा।

इसके साथ ही रांची से देहरादून के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की वर्षों पुरानी मांग को भी दोहराया गया। साथ ही रांची से पारसनाथ के लिए सीधी ट्रेन की मांग की गई और पारसनाथ को एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किए जाने का आग्रह किया गया।

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि वे संबंधित सांसदों एवं मंत्रियों से आग्रह करेंगे कि इस दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि समता युवा संघ रेलवे जोनल कार्यालय से संबंधित एक औपचारिक मांग पत्र राज्य प्रशासन और केंद्रीय मंत्रालय को भी भेजे ताकि इस पर उचित कार्यवाही हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार बिहार और कोलकाता में रेलवे के जोनल कार्यालय हैं, उसी प्रकार झारखंड की राजधानी रांची में भी जोनल कार्यालय होना न्यायोचित है। उन्होंने इससे जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान हाल ही में हुए एक हवाई दुर्घटना में 242 यात्रियों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अतिरिक्त राज्य की विधि-व्यवस्था एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राकेश जैन, संदीप नागपाल, श्रीराम सिंह एवं राहुल शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### विशेष समिति की बैठक में नहीं शामिल हुए अधिकारी

**रांची।** धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं झरिया के भौरा में बीसीसीएल क्षेत्र 10 एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा ज़बरन ओबी डंप किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित "विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण)" की विभागीय बैठक सोमवार को समिति कक्ष में आयोजित हुई।

समिति ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया जाना था परंतु विभागों के वरीय पदाधिकारियों के बैठक में नहीं आने के कारण बैठक नहीं हो पाई। समिति के संयोजक मथुरा महतो ने समिति शाखा को निर्देशित किया है कि बैठक में सचिव स्तर के पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने की सूचना झारखंड विधान सभा अध्यक्ष सहित मुख्य सचिव झारखंड सरकार को दे दी जाए। विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) की बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, सदस्य अरूप चटर्जी, सदस्य राज सिन्हा, सदस्य उमाकांत रजक एवं सदस्य चंद्रदेव महतो के साथ-साथ रंजीत कुमार संयुक्त सचिव, अनूप लाल, उप सचिव झारखंड विधानसभा उपस्थित रहे।

ग्रामीण एसपी ने की क्राइम मीटिंग, कहा

# जनता व पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाया जाए




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने सोमवार को थाना प्रभारी और डीएसपी के साथ क्राइम मीटिंग की। मीटिंग के दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाया जाए। साथ ही जनता के साथ पुलिस के अच्छे रिश्ते थाना स्तर पर ग्रामीणों के साथ इस लिए बैठक करने को कहा गया है। ग्रामीण एसपी ने मई या उससे पहले हुए अपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। मामलों के अनुसंधान को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश भी गया है क्राइम कंट्रोल को लेकर बैठक में ग्रामीण एसपी ने कड़े निर्देश दिए है। जेल से छूटने वाले अपराधियों पर नजर रखे। महिला सुरक्षा व बच्चों के मामले में थाना प्रभारी गंभीरता से कार्रवाई करें।

# महिला आयोग का नहीं होना खुद एक अपराध है : राफिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करने वाले सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक मंच राज्य महिला आयोग का गठन अब तक नहीं हो पाया है। यह न केवल एक प्रशासनिक विफलता है, बल्कि सरकार की महिलाओं के प्रति सोच को भी बेनकाब करता है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि अब यह पूरी तरह साफ हो गया है कि सरकार महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के मुद्दों को लेकर कतई गंभीर नहीं है। राफिया नाज़ ने कहा कि वर्ष 2020 में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक आयोग का पुनर्गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, यह साफ संकेत है कि सरकार की नीयत में ही खोट है। महिला आयोग का गठन न होने के कारण झारखंड की हजारों महिलाएं आज न्याय से वंचित हैं। यह आयोग महिलाओं को एक ऐसा मंच देता है, जहाँ वे बिना डर और भेदभाव के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं, और त्वरित कार्रवाई की मांग कर सकती हैं। यह न सिर्फ एक सलाहकार निकाय होता है, बल्कि इसमें जांच कराने, रिपोर्ट पेश करने और सरकार से जवाबदारी तय करने की संवैधानिक शक्तियाँ भी निहित होती हैं। राफिया नाज़ ने बताया कि आयोग के अभाव में आज 5,200 से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह और कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा, "इन हजारों पीड़िताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही, और उनकी फाइलें सरकारी दफ्तरों में धूल खा रही हैं। क्या यही महिला सम्मान और सुरक्षा का झारखंड मॉडल है? राफिया ने कहा महिला अपराधों के तेजी से निपटारे के लिए विशेष अदालतों की स्थापना की घोषणाएं तो हुईं, परंतु जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस पिकेट की स्थापना भी राज्य सरकार की घोषणाओं तक ही सीमित रही है। विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में महिलाओं के पास कोई सुरक्षा तंत्र नहीं है। थाने दूर हैं, महिला पुलिसकर्मी कम हैं और कई मामलों में पीड़िता को FIR तक दर्ज करवाने में महीनों लग जाते हैं। महिला आयोग निष्क्रिय होने से महिलाएं पूर्ण रूप से असुरक्षित और असहाय महसूस कर रही हैं।

# शैडो डीजीपी से स्पष्टीकरण मांग रहा झारखंड का गृह विभाग : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर डीजीपी को लेकर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने कहा कि डीजीपी अनुराग गुप्ता अब न अखिल भारतीय सेवा में हैं, ना सस्पेंड हो सकते हैं, ना उनपर कोई विभागीय कार्रवाई लागू होती है, ना तो उन्हें वेतन मिल रहा है कि मुख्यमंत्री उनका वेतन रोक सकते हैं। आज झारखंड की पुलिस व्यवस्था शैडो डीजीपी के हाथों में है। झारखंड इतिहास रच रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के सारे तुगलकी आदेश वही दे रहे हैं। सिपाहियों तक की ट्रांसफ़र-पोस्टिंग कैसे ले-देकर हो रही है? पता कर लीजिये। कोई नहीं बताये तो हमें कॉल करियेगा, विस्तार से सब बता देंगे। कहा कि 10 जून को 8 आईपीएस अधिकारियों को डीजीपी पद पर बैठे असंवैधानिक व्यक्ति ने असंवैधानिक तरीके से अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया तो इसमें हैरान होने वाली क्या बात है? बिना यूपीएससी की सूची में नाम वाले व्यक्ति ने बिना मुख्यमंत्री की स्वीकृति, और बिना किसी विधिक अधिकार के ये सब कर दिय तो क्या बुरा किया? कहा कि सुनने में आया है कि अब गृह विभाग ने उसे रद्द कर "स्पष्टीकरण" मांगा है। परंतु स्पष्टीकरण किससे मांग रहे हैं? उस व्यक्ति से जिसे आप नियमों के दायरे में ला ही नहीं सकते? जब वे अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी रहे ही नहीं तो ज़ाहिर है वो अखिल भारतीय सेवा के नियम को क्यों मानेंगे?

### विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं : मरांडी




**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को जन-जन तक किसान मोर्चा पहुंचाए। वर्तमान में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियानके तहत कृषि वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं बाजार से जुड़ने के नए विकल्पों की जानकारी दी जा रही है। वे सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक विकास का एजेंडा नहीं, बल्कि हर भारतीय के सपनों और अधिकारों का प्रतिबिंब है। विकसित भारत मतलब हर गांव, हर शहर, हर घर में खुशियाली, समृद्धि और समान अवसर प्राप्त हो। यह संकल्प है कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में हो - आत्मनिर्भर, समृद्ध और सक्षम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने ऐसा भारत रखने का सपना देखा है, जहां कृषि, उद्योग, विज्ञान, तकनीक सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हो और देश का प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में अवसरों से सशक्त हो।

**'पांच प्रण' और '11 संकल्प' को धरातल पर उतारे मोर्चा : कर्मवीर सिंह**

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत के लिए प्रस्तुत पांच प्रण देश को प्रगति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं। 11 संकल्प जैसे - कर्तव्य पालन, समावेशी विकास, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, कानून के शासन का सम्मान, महिला नेतृत्व में विकास, वंशवादी राजनीति का अंत, आरक्षण की सुरक्षा आदि, भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने के दृढ़ संकल्प हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि झारखंड में भाजपा किसान मोर्चा ने घोषणा की किसानों की समस्याओं को लेकर 24 जून को प्रदेश के सभी प्रखंड कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**समारोह की तैयारी** आजसू छात्र संघ ने बनाई बलिदान दिवस की तैयारी की रणनीति, बोले प्रवीण प्रभाकर

# राज्य निर्माण में छात्रों–युवाओं की भूमिका अहम

- प्रभाकर ने कहा- बलिदान दिवस पर राज्य के नवनिर्माण की हुंकार भरेगी आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि 22 जून को बलिदान दिवस के माध्यम से राज्य के नवनिर्माण के लिए हुंकार भरी जाएगी।

श्री प्रभाकर सोमवार को केंद्रीय कार्यालय में आजसू छात्र संघ की बैठक में कहा कि राज्य निर्माण में छात्रों–युवाओं की अहम भूमिका रही है। झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए पुनः छात्रों–युवाओं को आगे आना होगा।

बैठक में बलिदान दिवस समारोह की तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने की, जबकि संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। इसे सफल बनाने के लिए आजसू छात्र संघ के सभी कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि समारोह में राज्यभर से कार्यकर्ता जुटेंगे।


कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार छात्रों–युवाओं के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किए थे, उन्हें हेमन्त सोरेन भूल चुके हैं। युवाओं को न रोजगार दिया जा रहा है और न ही बेरोजगारी भत्ता। राज्य का शैक्षणिक माहौल भी सुधारने का कोई प्रयास नहीं हो रहा।

बैठक में राजकिशोर महतो, रोशन नायक, राजेश सिंह, रवि रोशन, प्रशांत महतो, नितेश कुमार, शिवम कुमार, अभिषेक कुमार, अंगद, बिट्टू, प्रियांशु, पीयूष कुमार, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### आजसू की कोल्हान प्रमंडलीय बैठक आज

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो आज को चांडिल जाएंगे। श्री महतो सरायकेला जिले के चिलगु, चांडिल स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कोल्हान प्रमंडलीय बैठक को संबोधित करेंगे तथा बलिदान दिवस समारोह की तैयारी का जायजा लेंगे। पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बताया कि बैठक 11 बजे होगी, जिसमें 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस समारोह की तैयारी की रणनीति बनेगी। बैठक में कोल्हान क्षेत्र के केंद्रीय नेता, तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला की जिला समिति के पदाधिकारी तथा संगठन विस्तार के लिए नवगठित जिला संयोजक मंडली के सदस्य भाग लेंगे।


1 10 फीट के नाले के बीचों- बीच बना घर


2 10 फीट से घटकर हुआ 4 फीट


3 3 फीट नाले पर बने घर


4 2 फीट का गलियारा

# 35 फीट के नाले का अतिक्रमण पहुंचा दो पर

**मनोज मिश्रा। रांची।** सारे सफलता के द्वार योजनाबद्ध तरीके से किए काम होते हैं प्लानिंग समुद्र सुखा सकती है नदियों की क्या। प्लानिंग की ताकत का दुरूपयोग भी होता है और वह हमेशा भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाती है। प्लानिंग के दुरूपयोग का एक रूप पंचशील नगर, शाहदेव नगर है यहां के लोग चावल, जीरा, हल्दी, नमक, दो बोरा चावल, दो बोरा आलू, एक बोरा प्याज स्टॉक करने शुरू कर दिए हैं। साल में एक एक महीने खौफ के साये में रहते है, कहीं तीन बार बारिश न हो जाए। दरअसल, पंचशील नगर, शाहदेव नगर में रहने वालों की जमीन नाले पर बनी है। ग्रीन लैंड में भवन नहीं बन सकते, बने हैं प्रमाण प्रकृति दे रही है हर साल। बनहोरा नदी सिमट कर 35 फीट का नाला बनी। अतिक्रमण के कारण 35 फीट का नाला पंचशील चौक पर 10 फीट का नाला हुआ। आगे बढ़कर 10 फीट का नाला चार फीट का नाला बना और इस बीच के जमीन का अतिक्रमण कर ध्यान भटकाने के लिए एक मंदिर बना दिया गया। आगे बढ़कर चार फीट का नाल 3 फीट में बदला, इस बीच रहने वाले खासकर रोड नंबर तीन में पांच फीट उपर पानी बहता है और फिर दो फीट का गलियारा बहते पानी को मिला। मतलब योजनाबद्ध तरीके से नदी फिर नाले को मिटाया गया। एक तरफ जहां गांवों में बारिश की आस में नजरों को आकाश में टिकाए किसानों को बारिश होने पर सबसे ज्यादा और सबसे पहले खुशी होती है, वहीं शहरों में यह किसी आपदा से कम नहीं होती। नाले -नलियों का पानी सड़कों पर निकलकर जम जाती है और इसमें कभी बड़े हादसे भी होते हैं। शहर के बाजार में सब्जी के अच्छे दाम की चाहत में सब्जी बेचकर अपने घर लौटते तीन किसान नाले में डूब गए और लाश सप्ताहभर बाद मिली। निगम ने शाहदेव नगर के रोड नंबर तीन में नाला पर बोर्ड लगवाया सावधान खतरनाक नाला और बैरिकेटिंग की।

## शाहदेव नगर में साल में एक बार स्थिती भयावह हो जाती है : संतोष



रांची सिविल कोर्ट के एडवोकेट संतोष कुमार बताते हैं कि शाहदेव नगर में साल में एक बार भयावह हालात हो जाती है। तीन बारिश में दो से तीन फीट तक पानी बहने लगता है। तीन से चार दिन तक हमलोग घर से नहीं निकल पाते, बच्चों की स्कूल छूट जाती है, अपने वाहनों को दूसरे जगहों पर रखना पड़ता है। दो बोरा चावल, एक बोरा आलू, एक बोरा प्याज और मसालों का स्टॉक अपने घरों में रख लेते हैं जाने कब बारिश हो जाए और चारों तरफ से बंद हो जाएं। वहीं पंचशील नगर में पांच फीट उपर पानी बहता है वहां के हालात और बदतर हो जाते हैं।

# टॉपर अनन्या पॉल को संस्था ने किया सम्मानित



**रांची।** उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा लेक रोड निवासी नवीन पॉल की पुत्री अनन्या पॉल झारखंड बोर्ड 12 वीं आट्र्स की परीक्षा में 92.6% अंक प्राप्त करके जिला टॉपर एवं राज्य में 5 वीं स्थान प्राप्त कर परचम लहराई। इसकी जानकारी प्राप्त होने पर आज छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच की ओर से टॉपर छात्रा अनन्या पॉल एवं उनके माता पिता को अंगवस्त्र,पुष्पगुच्छ,लेखनी एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए लेक रोड स्थित उनके आवास मे सम्मानित किया गया। मौके पर अनन्या पॉल ने बताया मैं मध्यम परिवार की हूं। मेरे पापा चाय पकौड़ी बेचकर घर परिवार चला रहे है। मेरी एक ही इच्छा है मैं पढ़ लिखकर ईमानदार अफसर बनूं और देश, राज्य,घर परिवार की सेवा करूं। सम्मान समारोह की अध्यक्षता क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश ने किया। मौके पर क्लब के संरक्षक राजेश केडिया, प्रेम शंकर मिश्रा,विजय पाठक, अमित मिश्रा,अंकित सर्राफ, दीपक कुमार साहू,पिया बर्मन, रवि मेहता,लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं मंच के सुरेंद्र कुमार शर्मा,जगमोहन शर्मा, सुदेश कुमार शर्मा आदि आदि मौजूद थे।

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों को कराया भोजन



**रांची।** सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में सोमवार को डॉक्टर प्रभात कुमार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 1 जून से 16 जून तक 16 दिनों मे 3140 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधु जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल,पवन कुमार पोद्दार, विष्णु सोनी, सुरेश भगत सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## आज / कल




### जनता दरबार में सामने आया कांके अंचल में जमीन हड़पने के प्रयास का मामला

# डीसी ने दिए जांच कर कार्रवाई का आदेश

- शहर अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज
- जनता दरबार में नशे के खिलाफ लोगों का जागरुक करते रहे उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 'थैंक यू डीसी सर, मेरी जमीन का म्यूटेशन हो गया, भू-माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने का मंसूबा नाकाम हो गया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह शब्द रामेश्वर कुमार यादव की है। जिनकी समस्या का समाधान जनता दरबार के माध्यम से हुआ और आज उन्होंने उपायुक्त को धन्यवाद दिया। दरअसल रामेश्वर कुमार यादव ने शहर अंचल के करमटोली में जमीन खरीदी थी, साल 2020 से ही वो म्यूटेशन के लिए प्रयासरत थे, इस बीच भू-माफियाओं द्वारा फर्जी डीड बनाकर दूसरे व्यक्ति को जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा था। जनता दरबार में अपनी समस्या लेकर आने के बाद उपायुक्त द्वारा संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया जिसके बाद आवेदक की समस्या का समाधान हुआ।



**मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिलाने का निर्देश**

रामवृक्ष उरांव की बेटी की शादी इसी महीने है, वो अर्थिक सहायता के संबंध में जनता दरबार में फरियाद लेकर आए थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा तत्काल जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को फोन पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**● कांके अंचल में मिलीभगत कर जमीन हड़पने का प्रयास**

जनता दरबार में एक बार फिर से कांके अंचल में मिलीभगत कर जमीन हड़पने के प्रयास का मामला सामने आया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा फौरन मामले की जांच कर नियमसंगत कार्रवाई का आदेश जारी किया गया। आवेदक द्वारा अंचल के मौजा मदनपुर में मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज के आधार पर म्यूटेशन कर जमीन हड़पने का प्रयास, मानसिक प्रताड़ना और पूरे परिवार को भयभीत करने से संबंधित शिकायत आवेदन के माध्यम से किया गया था। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा एएसओ को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है।

**● शहर अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज, प्रपत्र- 'क' गठित करने का निर्देश**

रंजीत मोहन ने 31 मार्च 2025 को म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, निर्धारित समय-सीमा बीतने के बाद भी दाखिल-खारिज हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं होने पर वो जनता दरबार पहुंचे। उन्होंने उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को बताया कि कर्मचारी द्वारा फाइल आगे न बढ़ाकर टाल-मटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा फौरन कर्मचारी को शो-कॉज करने और एक सप्ताह में म्यूटेशन हेतु अग्रेतर कार्रवाई नहीं करने पर प्रपत्र-क गठित करने का निर्देश दिया गया।

**● जनता दरबार पदाधिकारियों को बुलाकर ली अद्यतन जानकारी**

जनता दरबार में सड़क दुर्घटना में मृतक के पिता प्राकृतिक आपदा के तहत मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे। पूरे मामले और दस्तावेज की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को जनता दरबार में बुलाकर मुआवजा भुगतान के लिए अग्रेतर कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सदस्यों द्वारा ग्राम प्रधान के विभिन्न समस्याओं के संबंध में आवेदन दिया गया। इनमें ग्राम प्रधानों को विगत एक वर्ष से राशि भुगतान न होने के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कोषागार पदाधिकारी को जनता दरबार में बुलाकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

# समर्पण शाखा का स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एस्ट्रो ग्रीन सोसाइटी में किया गया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड, बीपी, बॉडी वेइट, हिमोग्लोबिन और भी तरह-तरह की जांच किए गए। इस शिविर से 62 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर का आयोजन बायो पैथ लैब ने किया। इस शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य प्रभारी आशा संथालिया, सोनल शर्मा, संयोजिका राधा ड्रोलिया ने बहुत ही अच्छे तरीके से तैयारी की थी।

# रिम्स के पुराने भवन को तोड़कर नए से बनाने की है संभावना : निदेशक

### अंतिम स्थिति में अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीजों से है रिम्स परेशान

- भवन की स्थिति की समीक्षा बैठक की जाएगी
- रेफर होकर आने वाले मरीजों के लिए नीति बनाने पर होगी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पतालों और पुराने अस्पतालों में रिम्स जाना जाता हैं। जहां सिर्फ राजधानी से नहीं बल्कि राज्य भर से लोग इलाज करवाने पहुंचते हैं। रिम्स अस्पताल में सभी वर्ग के लोग इलाज करवाने पहुंचते हैं लेकिन ज्यादा संख्या उनकी रहती है जो प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने के लिए सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे में झारखंड स्वास्थ्य विभाग और रिम्स प्रबंधन कि जिम्मेदारी है कि वह राज्य के लोगों का ख्याल करते हुए रिम्स असोताल को दुरुस्त रखे। अक्सर रिम्स कई मुद्दों को लेकर सुर्खियों में रहता है। वहीं, निदेशक राजकुमार से रिम्स में हो रहे बदलाव और सुधार पर विशेष बातचीत की।




## एमआरआई मशीन देने में मौजूदा कंपनी कर रही देरी

उन्होंने कहा कि रिम्स में एमआरआई की परेशानी को लेकर भी चर्चाएं चल रही है। एमआरआई की मशीन जहां से ऑर्डर कि गई थी फिलहाल उस कंपनी ने दिसम्बर तक एक्सटेंसन के लिए कहा है। निदेशक ने कहा कंपनी के द्वारा काफी लंबा समय लिया जा रहा है इसलिए प्रबंधन के द्वारा इसे कैंसल दूसरी कंपनी से लेने का विचार किया जा रहा है। जिसमे निर्णय पर्चेज कमिटी की ओर से लिया जायेगा।

## झारखंड का बेहतरीन अस्पताल हुआ करता था रिम्स : डॉ नरेंद्र सिन्हा



रिम्स में पढाई कर चुके डॉ नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि रिम्स वर्ष 1963 के आसपास में बनाया गया था। उस वक्त रिम्स में कई फैक्ल्टी हुआ करते थे। सबसे बेहतरीन और बड़े अस्पतालों में आता था रिम्स। उन्होंने कहा हालांकि बीच के दिनों में रिम्स कि स्थिति थोड़ी ख़राब हो गई लेकिन पिछले 10 वर्षों से रिम्स सुचारू रूप से चल रहा है।

## रिम्स में जल्द ही बढ़ाया जाएगा मैन पावर

रिम्स निदेशक राजकुमार ने कहा रिम्स में प्रशासन की ओर से हर एक वो सुविधाएं दी उपलब्ध करवाई जा रही है जो मरीजों के लिए सुविधादायक हो सकें। वहीं उन्होंने कहा मैन पावर कि कमी रिम्स में है इस बात को टाला नहीं जा सकता लेकिन जितने कर्मचारी और सभी विभाग के लोग हैं उतने में कोशिश कि जा रही मरीजों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की। वहीं, रिम्स में मैन पावर की कमी है जिसे दूर करने के लिए प्रबंधन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कुछ कानूनी बाधाएं बीच में आ रही है। हालांकि कोशिश की जा रही है कि जल्द से जल्द इन कानूनी बाधाओं को दूर कर आगे बढ़ा जाए। रिम्स में आने वाले मरीजों के लिए रिम्स सुविधाजनक हो इसके लिए परबंधन लगातार प्रयासरत है।

## ● रिम्स के कई हिस्से मरम्मत के लायक भी नहीं

उन्होंने बताया कि रिम्स परिसर में मौजूद कई भवन जवाब दे रहे हैं कही दीवार झड रहे तो कहीं सीढियां टूटी हुई है जिसके मरम्मत के लिए रिम्स प्रबंधन मोनिटरिंग करेगी। इंजीनियर को बुलाया जाएगा जिसके बाद रिम्स के रिपेयरिंग और कई चीजों बाते होंगी। उन्होंने कहा रिम्स की इमारत ने अब अपने जीवन को जी लिया है। रिम्स के कई क्षेत्र ऐसे हैं जो मरम्मत करके इस्तेमाल करने लायक भी नहीं है।

## ● रेफरल को लेकर नई प्लानिंग और रेगुलेशन की जरुरत

उन्होंने कहा रिम्स में भीड़ ज्यादा होती है। वहीं रिम्स में दूसरे अस्पतालों से गंभीर अवस्था में मरीजों को रेफर कर दिया जाता है जिस वजह से भी रिम्स का काम अधिक हो जाता है। रिम्स का डेथ रेट इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि क्रिटिकल मरीज दूसरे अस्पतालों से भेजे जाते हैं। जिस वजह से कई बार मरीज इतनी बुरी हालत में आते हैं कि कई कोशिशों के बाद भी मरीज सर्वाइव करने में सक्षम नहीं होते हैं। उन्होंने कहा पूरे भारत देश में मरीजों को किस टाइम में कब रेफर करना है इस पर कोई निर्णय या चर्चा नहीं हुई है। वहीं, निदेशक ने झारखंड में इस विषय पर समबधित विभागों से बात कि जाएगी। उन्होंने कहा रेफरल को लेकर नई प्लानिंग और रेगुलेशन की जरूरत है।

## ● निर्माणाधीन इलाकों की चल रही बेहतर मॉनिटरिंग

उन्होंने कहा हर दुसरे दिन रिम्स के निर्माणाधीन एरिया और अन्य एरिया कि मॉनिटरिंग कि जा रही है। सोमवार को उन्होंने सेंट्रलैब, डेंटल का ऑपरेशन थियेटर और ऑन्कोलॉजी में बन रहे नए वार्ड का प्रोग्रेस कि मोनिटरिंग की।




### पुनर्वास के बिना नहीं चलेगा रोहिणी खदान

# ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



तुमांग पंचायत अंतर्गत ढुब पेटपेट गांव के ग्रामीणों ने पुनर्वास की मांग को लेकर प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को ढुब कर्मा स्थल के समीप ग्रामीणों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें रोहिणी परियोजना के तहत हो रहे खनन कार्य और उससे उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा ने किया। मौके पर पंचायत के मुखिया संतोषकुमार महली और पंसस सहदेव महली भी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि रोहिणी खदान अब बस्ती के बेहद करीब पहुंच चुकी है और वहां प्रतिदिन हो रही भारी ब्लास्टिंग के कारण घरों में दरारें आ रही हैं। साथ ही उड़ते पत्थरों और कंपन से लोग डरे-सहमे रहते हैं। पूर्व में सीसीएल प्रबंधन को पुनर्वास की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन आज तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही कोई योजना धरातल पर उतर सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन केवल आश्वासन देकर समय निकालता आ रहा है, जबकि खदान का संचालन बदस्तूर जारी है। अब गांववाले साफ तौर पर कह चुके हैं कि जब तक पुनर्वास की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होती, तब तक खदान के आस-पास किसी भी प्रकार का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो वे खनन कार्य को पूर्णतः ठप करने के लिए आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन को खदान चलाने से पहले यहां के मूल निवासियों की सुरक्षा और जीवन की चिंता करनी होगी। अब खदान बंदी ही प्रबंधन को जगाने का अंतिम उपाय रह गया है। मुखिया संतोषमहली और पंसस सहदेव महली ने भी ग्रामीणों के इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि यदि प्रबंधन ने रैयतों की समस्याओं की अनदेखी की, तो पंचायत प्रतिनिधि भी आंदोलन में पूरी भागीदारी निभाएंगे। संचालन अमृत भोगता ने किया। बैठक में रमेशर भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, शिवनाथ भोगता, राजेन्द्र भोगता, मुरारी मेहता, संतोष मेहता, संतोष गंझू, बीफा गंझू, मनीचर भोगता, विजय भोगता, अरुण भोगता, रवि भोगता, रघुनाथ लोहरा, किशुन लोहरा, लालमणी भोगता, जगमोहन भोगता, एतवरिया देवी, रूबी देवी, मंजू देवी, गिरिजी देवी, अनिता देवी, बसंती देवी, अनिशा देवी, सोना देवी, खुशबू देवी, पारो देवी, राजो देवी, शांति देवी, चरकी देवी, सीता देवी, सुगिया देवी, झबरी देवी, जातरी देवी, पूनम देवी, पूजा देवी आदि उपस्थित थे।

## छऊ नृत्य हमारा सांस्कृतिक धरोहर इसे संजोए रखना है : जोबा माझी



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

सिंहभूम की सांसद जोबा माझी सोमवार को मासांत पर्व पर चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित छऊ नृत्य सह मेला कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद उठाया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा छऊ हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इसे विकसित और संजोय रखना हमारी सामूहिक दायित्व बनता हैं। उन्होंने स्थानीय कलाकारों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा पर्व-त्योहार के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिलता हैं। सांसद मोहुलबोराई, सिमिदीरी, चन्द्री कार्यक्रम में शिरकत की। चन्द्री कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव, जिला परिषद सदस्य मीना जोंकों, बाईपी की मुखिया पिंकी जोंकों, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, प्रदीप महतो ने सांसद के साथ मंच साझा की।

## न्यूज बॉक्स

### कृषि हाट बाजार शेड निर्माण का हुआ मंत्री ने किया शिलान्यास



**मांडर /चान्हो।** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखण्ड के टांगर कृषि हाट बाजार और मांडर प्रखण्ड के टांगर बसली हाट बाजार में शेड निर्माण योजना का शिलान्यास किया। दोनों बाजार में शेड निर्माण पर करीब 1 करोड़ 73 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसमें 23 सौ स्क्वायर फीट पर शेड का निर्माण , बाजार परिसर में सोलर लाइट कार्य शामिल हैं।

### धनबाद जमीन घोटाले से जुड़े मामले में सरकार ने शुरू की सख्ती

**रांची।** धनबाद में जमीन घोटाले से जुड़े मामले में अब सरकार ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार के मामलों में चार अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इन अधिकारियों पर निबंधन के दौरान दस्तावेजों की सही तरीके से जांच नहीं करने और नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं।

**इन अधिकारियों पर होगी कार्रवाई :** संतोष कुमार जो की सहायक निबंधक महानिरीक्षक-1 (मुख्यालय), वर्तमान में प्रोजेक्ट भवन, रांची में पदस्थापित हैं पर धनबाद में अवर निबंधक रहते हुए कई गड़बड़ियों के आरोप हैं। इनपर आरोप है कि इनके द्वारा दस्तावेजों की विधिवत जांच नहीं की गई, भूमि विवरण का सत्यापन भी लापरवाही से किया गया। इस मामले में उपायुक्त धनबाद ने 12 जुलाई 2023 को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। श्वेता कुमारी जो वर्तमान में उप निबंधन महानिरीक्षक, भू-राजस्व विभाग, मुख्यालय में पदस्थापित हैं पर तत्कालीन जिला अवर निबंधक धनबाद के रूप में कार्यकाल के दौरान गंभीर आरोप लगे। इनपर भूमि दस्तावेजों का सही तरीके से सत्यापन नहीं किये जाने और नियमों की अनदेखी करने का आरोप है। सुजित कुमार जो वर्तमान में कोल्हान प्रमंडल चाईबासा में निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं पर गोंविदपुर, धनबाद में अवर निबंधक रहते हुए लापरवाही बरतने का आरोप है। डीसी धनबाद की रिपोर्ट के आधार पर इनके खिलाफ भी कार्रवाई तय है। मिहिर कुमार जो तत्कालीन जिला अवर निबंधक, गोविंदपुर, धनबाद के पद पर कार्यरत है। इन पर भी गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

### रांची जिला ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप का हुआ समापन

**रांची।** रांची जिला यूनाइटेड ताइक्वांडो एसोसिएशन ने बीएनएन इंटेनेशनल स्कूल इरबा ओरमांझी और मिनी गोवा गेतलसूद डैम समीप दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया । जिसमें जिला भर से लगभग 36 जूनियर्स ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य कोच मोहम्मद जमील अंसारी, इबरार कुरैशी थे, तथा सहायक कोच के रूप में जयपाल महतो और मोहित मुंडा थे। यह प्रशिक्षण शिविर झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सकील अंसारी के देख रेख में संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नेशनल लेवल पर खेलने और मेडल जीतने की कई टिप्स प्रदान करना था। शिविर में खिलाड़ियों को ताइक्वांडो के बेसिक एडवांस किक, पंच, पूमसे, सेल्फ डिफेंस, स्टिक, लाठी की ट्रेनिंग दी गई। सकील अंसारी जी ने बताया कि ताइक्वांडो प्रशिक्षण से बच्चों का शारीरिक और मानसिक रूप मजबूत होता है आत्मविश्वास से भरपूर हो जाते है। हर प्रकार के नशे से बिल्कुल दूर हो जाते है। ताइक्वांडो एक बहुत ही शानदार खेल है क्योंकि यह एक ओलम्पिक गेम में शामिल है अगर किसी खिलाड़ी में लगन हो तो वो बहुत आगे तक बढ़ सकता है और एक कोच के रूप अपना भविष्य भी बना सकता है।

### कांके आंचल में भ्रष्टाचार की मार, सिंचाई के लिए दिया गया तालाब चढ़ा भू-माफियाओं के हत्थे



**पिठौरिया।** रांची कांके आंचल के कई मौजे में भूमाफियाओं के द्वारा सरकारी जमीन और गैर सरकारी जमीन की लुट मची है।भूमाफियाओं जमीन के कारोबार में इस तरह से अंधे हो गए हैं की सरकार के द्वारा किसानों की सिंचाई के लिए निर्माण तालाबों को भरकर अपनी रोटी सेक रहे हैं। गरीब किसान लाचार ग्रामीण आखिर कब तक इन भूमाफियाओं का शिकार बनते रहेंगे।पहला मामला कांके आंचल से सटे नगड़ी मौजा में जहां मवेशियों के लिए पीने का पानी और किसानों के लिए एकमात्र तालाब जिसको भूमाफियाओं के द्वारा लगभग भरा जा चुका है। दूसरा मामला कांके आंचल से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर पिठौरिया क्षेत्र के जमुवारी मौजा में स्थित जहां मवेशियों के लिए पीने का पानी और किसानों के लिए एकमात्र तालाब था।जिसको भूमाफियाओं के द्वारा लगभग पूरी तरह मिट्टी भरा जा चुका है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जीर्णोद्धार का आज से दूसरा चरण होगा प्रारंभ

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाऊन गोलमुरी, जमशेदपुर का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। जीर्णोद्धार कार्य का पहला चरण पूरा हो जाने के बाद कल दिनांक 17 जून को सुबह 8 बजे मंदिर जीर्णोद्धार का दूसरा चरण आरंभ होगा। यह जानकारी जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सह जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दी। सरयू राय ने बताया कि दूसरे चरण में मुख्य मंदिर के शिखर का निर्माण आरंभ होगा, जिसमें एक से अधिक स्तूप आकार की संरचना बनायी जाएगी, जैसा कि इस श्रेणी के मंदिर के ऊपरी भाग में बना है। श्री राय ने बताया कि शिखर निर्माण का कार्य पूरा होने पर मंदिर के बाहरी अवरण की भव्यता उजागर होगी। उसके बाद शिखर की रंगाई पुताई और ढाँचा का कार्य आरंभ होगा। शिखर निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद मंदिर के भीतर जर्जर हो चुके हिस्सों की मरम्मत होगी। फिर फर्श, रेलिंग तथा भूमिगत निर्माण कार्य का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 जून को प्रातः विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के उपरांत शिखर निर्माण कार्य आरंभ होगा। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति तथा ट्रस्ट के अन्य सदस्य इस अवसर पर उपस्थित होंगे।

### मूल्यों के बिना जीवन का आधार नहीं : मनमोहन वैद्य

**रांची।** भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रांत प्रमुख बैठक के समापन सत्र में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह एवं अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य डॉ मनमोहन वैद्य ने कहा कि जीवन में मूल्य बहुत आवश्यक है, मूल्य ही वह गूढ़ तत्व है जो मनुष्य को मनुष्य बनाता है | शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य मूल्यपरक समाज का निर्माण करना है जिससे समृद्ध एवं सशक्त भारत को दिशा दी जा सके। कौशलयुक्त व्यक्ति लोगों को आकर्षित करता है जबकि मूल्ययुक्त व्यक्ति लोगों को प्रेरित करके उनके जीवन में बदलाव लाता है। डॉ वैद्य ने कहा कि जीवन में थोड़ा ठहराव जरुरी है, यह आत्मचिंतन के लिए आवश्यक है, इससे जीवन को समझने और कार्य को गति देने में मदद मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि हम समाज से जितना लेते हैं उससे अधिक देने का भाव भारतीय मूल्यों के साथ ही संभव है।

## अब लाली के जंगल पहुंचा बाघ, तीन मवेशियों को मारा



**रांची।** जंगल में बाघ के विचरण और लगातार हमले से नामकुम प्रखंड के सुदुरवर्ती इलाकों के ग्रामीण बीते लगभग 2 माह से दहशत में हैं। सबसे पहले हुवांगहातु जंगल में बाघ दिखने का दावा किया गया था। वहां आसपास कई मवेशी पर हमला कर मार दिया गया था। कई मवेशी के शरीर पर गहरा पंजा मारने का निशान भी पाया गया था। इसे लेकर वन विभाग एवं पुलिस-प्रशासन की टीम भी जंगलों में बाघ को ढूंढने का प्रयास किए लेकिन कुछ हासिल नहीं हो पाया। डर से ग्रामीण शाम होते ही सभी अपने-अपने घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों को अकेले निकलने नहीं देते हैं। यहां तक की स्कूल भी भेजना बंद कर दिए हैं। रविवार को हुवांगहातु से लगभग 10 किलोमीटर दूर लाली कुदागड़ा जंगल में तीन मवेशी मृत पाए गए। तीनों मवेशी के गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर पंजे का निशान दिख रहा है। लोगों का कहना है कि बाघ दो की संख्या में है तभी इतना उत्पात मचा रहा है।

### फ्रंटलाइन माइनिंग पर्यवेक्षकों के सेंसिटाइजेशन पर कार्यशाला

## सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्रंटलाइन सुपरवाइजर अहम : सीएस



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय, रांची में "फ्रंटलाइन माइनिंग सुपरवाइज़रों के सेंसिटाइजेशन" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की खदानों से आये 76 ओवरमैन और माइनिंग सरदारों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक (तकनीकी/संचालन) सीएस तिवारी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्रंटलाइन सुपरवाइज़रों द्वारा अधिक सक्रिय और जागरूक भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। तकनीकी सत्र का नेतृत्व बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) ने किया। उन्होंने हाल के खान दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा के माध्यम से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और रोकथाम रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यशाला में फ्लोरेसेंट जैकेट्स का अनिवार्य उपयोग, अल्कोहल ब्रेथ एनालाइज़र, HEMMs में सीट बेल्ट्स का प्रयोग, और कार्यकाल के दौरान नींद न लेने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देशों पर विशेष जोर दिया गया। फ्रंटलाइन माइनिंग सुपरवाइज़रों की तुलना सेना में कप्तानों से करते हुए, उन्हें सुरक्षा नेतृत्व, ज़िम्मेदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया गया जो सबसे आगे रहकर अपने दल का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने कार्यस्थलों पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## बिरसा मुंडा फन पार्क में योग उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** बिरसा मुंडा फन पार्क, रिलेशंस एवं नटराज योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11 वी संस्करण के पूर्व योग के प्रति जागरूकता को लेकर जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में योग उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोग अपने तरीके से योग दिवस मनाते हैं। इसी क्रम में इस बार का थीम एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिए योग है। योग उत्सव कार्यक्रम में नटराज योग संस्थान के योगासन खिलाड़ियों ने संगीतमय नृत्य प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों ने कलात्मक नृत्य, थलात्मक नृत्य युगल नृत्य, योगासन सामूहिक नृत्य कर सभी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। मौके पर मुख्य अतिथि जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### दिखावे के लिए रह गई है रोहिणी हाजरी घर में लगी आरओ मशीन

# गर्मी में पानी को तरस रहे श्रमिक प्रबंधन की उदासीनता से नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



सीसीएल की रोहिणी परियोजना में काम करने वाले श्रमिक इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। परियोजना के हाजरी घर में लाखों रुपये की लागत से लगाया गया आरओ (रिवर्स ओस्मोसिस) वाटर फिल्टर सह चीलर मशीन, महज दो महीने के भीतर ही बेकार साबित हो गया है। अप्रैल 2025 में यह मशीन स्थापित की गई थी, लेकिन अब तक न तो प्लेटफार्म बना, न जल निकासी की व्यवस्था की गई। कामगारों का कहना है कि यह मशीन अब तक मुश्किल से दस दिन ही चालू रही है। ऐसे में प्रबंधन की मंशा और जवाबदेही दोनों पर सवाल उठना लाजिमी है। भीषण गर्मी में जब श्रमिकों को शुद्ध और ठंडे पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, तब मशीन जमीन पर ही पड़ी-पड़ी धूल फांक रही है। नल भी टूट चुकी है, जिससे पानी निकालना ही संभव नहीं रह गया है। श्रमिकों का कहना है कि मशीन से पानी नहीं मिल रहा, सिर्फ दिखावे के लिए मशीन लगाकर जनता और उच्च प्रबंधन को गुमराह किया जा रहा है। कामगारों ने आरओ मशीन को उपयोगी बनाने के लिए स्थायी प्लेटफार्म निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था, तकनीकी देखरेख, और जब तक मशीन चालू नहीं हो जाती, तब तक टैंकर या अन्य वैकल्पिक माध्यम से पानी की आपूर्ति की मांग की है। कई यूनियनों ने संकेत दिया है कि यदि जल्द से जल्द पेयजल संकट का हल नहीं निकाला गया तो आंदोलन की राह अख्तियार की जाएगी। यूनियन नेताओं का कहना है कि कामगारों की बुनियादी ज़रूरतों की अनदेखी करना मजदूरों के सम्मान के खिलाफ है, और अब वे चुप नहीं बैठेंगे।

### सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

## स्वच्छता हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी : एनके सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर में "स्वच्छ भारत मिशन" के अंतर्गत आयोजित "स्वच्छता पखवाड़ा" का शुभारंभ हुआ। यह 15 दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान 16 से 30 जून तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री निलेंदु कुमार सिंह द्वारा कर्मियों को 'स्वच्छता शपथ' दिलाकर की गई। इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के साथ-साथ निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार तथा विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित रहे। शपथ के उपरांत, अपने संबोधन में एनके सिंह ने कहा कि "स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। हमें इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। स्वच्छता पखवाड़ा हमारे लिए सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक संकल्प है– स्वच्छ सोच, स्वच्छ कार्यस्थल और स्वच्छ पर्यावरण के लिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्वयं स्वच्छ रहने से हमारा कार्य पूर्ण नहीं होता। हमें दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा और इसके लाभों को समझाना होगा। जब स्वच्छता एक सामूहिक आदत बनेगी, तभी हम एक स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत की ओर बढ़ पाएंगे।" "स्वच्छता पखवाड़ा" का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ाना एवं सामूहिक भागीदारी को प्रेरित करना है। इस वर्ष की थीम "स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है" है, जो नागरिकों, कर्मचारियों और समुदायों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करती है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी गांधीनगर के छात्रों ने निकाली शोभायात्रा



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में कक्षा पांचवीं से आठवीं के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह शोभायात्रा गांधीनगर कॉलोनी होते हुए कांके रोड, विद्यापति नगर, जवाहर नगर आदि स्थानों तक आयोजित की गई। योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित सूक्तियों वाली सैकड़ों तख्तियों, बैनरों के साथ नारा लगाते, गीतों को गाते छात्रों के समूह ने समाज में योग के प्रति जागरूकता की भावना को उत्पन्न किया। इसमें शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में शिक्षकेतर कर्मचारियों,अभिभावकों ने भाग लिया।

## सिकल सेल एनीमिया की पहचान और नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** केरेडारी प्रखंड में प्रोजेक्ट अदिति अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी की पहचान, जागरूकता और नियंत्रण के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस परियोजना का संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के अंतर्गत एवं सोसाइटी फॉर नेचर एजुकेशन एंड हेल्थ (स्नेह) के सहयोग से किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य, सिकल सेल एनीमिया की जांच, तथा ग्रामीणों के बीच इस बीमारी के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में केरेडारी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर जागरूकता पंपलेट का वितरण किया गया एवं पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी के चिकित्सक डॉ. शिवेंद्र उपाध्याय उपस्थित थे।


### गुरुनानक सेवक जत्था के 25 वर्ष पूरे, आज से श्री सहज पाठ की शुरुआत

**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार से श्री सहज पाठ की शुरुआत होगी। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा रोजाना सजाए जाने वाले सुबह के दूसरे दीवान में सुबह नौ बजे श्री सहज पाठ साहिब की शुरुआत जत्था द्वारा होगी।

**दहशत में ग्रामीण** सांपों को लेकर लोगों में भय का माहौल

# आम चुनने बगीचा गई छात्रा की सर्पदंश से मौत

**सुनील कुमार गुप्ता । बेडो.**



बेडो.प्रखंड के टेरो पंचायत अन्तर्गत पाकलमेडी. गांव के सैकड़ों ग्रामीण जहरीले सांपों के आतंक से त्रस्त है। सोमवार को शाम में मौसम बदला तो राजकीय प्राथमिक विद्यालय टेरो की पांचवीं कक्षा की छात्रा पूजा कुमारी जितुआ बगीचा में आम चुनने पहुंच गई। उसे जरा भी अहसास नहीं था कि उसे उसकी मौत यहां खींच लाई है। आम चुनने के दौरान ही उसे एक जहरीले सांप ने डस लिया। उसे सांप के डसने का अहसास हुआ और वह घर की ओर भागी लेकिन बेसिक स्कूल के मुड़सिरवा डांड़ घर के पास जेडेया उर्फ बिरसा उरांव के घर तक पहुंची और लोगों को बताया कि सांप ने काट लिया है और यह बोलकर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। एक घंटे के अंदर उसकी मौत हो गई। जैसे ही उसकी मां नेहा देवी को पता चला वह दौड़कर वहां पहुंची लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। आम खाने जितुआ बगीचा पहुंचने वाली उसकी होनहार बेटी हमेशा के लिए अपनी मां और अपने भाई बहन को छोड़कर अलविदा कह दिया। मृतका के पिता चमरा उरांव कि पहले ही मौत हो चुकी है। मृतका की मां नेहा देवी का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है। मृतका छात्रा के चार वर्षीय भाई आकाश एवं छोटी बहन अपनी बड़ी बहन का शव देखकर मां से लिपटकर रोने लगे। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी नवदीप कुमार महतो सहित कई लोग पहुंचे और पूरे परिवार को उन्होंने ढांढस बंधाया। नवदीप कुमार महतो ने बताया कि बारिश शुरू होते ही पाकलमेडी.गांव के चारों ओर खेतों में जहरीले सांप निकल आते हैं। हजारों की संख्या में खेतों में मौजूद सांप किसी की भी जान दे सकते हैं। यहां काम करने वाले किसान घुटने तक कवर वाले रैक्सिन के जुते पहनकर खेत जाते हैं तभी काम कर पाते हैं अन्यथा थोड़ी सी भी लापरवाही किसी की भी जान ले सकता है। पिछले दो दिनों के अंदर नौ जहरीले सांपों को ग्रामीणों ने मार डाला। लोगों ने बताया कि इतनी संख्या में सांप का यहां मिलना एक बड़े परेशानी का कारण बन गया है। उल्लेखनीय है कि अब तक इस गांव में पिछले कुछ सालों में 20 से 25 लोगों की मौत सिर्फ सर्पदंश से हो गई है।

### 1.53 करोड़ की ठगी करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** झारखंड सीआईडी ने 1.53 करोड़ की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। सीआईडी की टीम ने उत्तरप्रदेश के हापुड़ के रहने वाले मो. आसिफ को दबोच लिया। सीआईडी ने सोमवार को बताया कि साइबर अपराधियों ने वादी से वाट्सअप के माध्यम से संपर्क किया और राशि निवेश करने का प्रलोभन दिया। कहा कि जल्द ही पैसा 5-10 गुणा बढ़ जाएगा। इसके बाद भुक्तभोगी को वाट्सअप पर एक लिंक भेजा और कुल 1.53 करोड़ रुपए की ठगी कर ली थी।

### मतदान केंद्रों के जिओ फेंसिंग को लेकर उपायुक्त की बैठक आयोजित

# जिओ फेंसिंग के तहत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

मतदान केंद्रों के जिओ फेंसिंग को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठकमें उपस्थित मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों का जिओ फेंसिंग किया जाना है। इसे लेकर निर्धारित प्रक्रिया की विस्तार से सभी को उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी को जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को जिओ फेंसिंग के तहत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। उपायुक्त के द्वारा सभी को बैठक के दौरान बताई जाने वाली बातों को ध्यानपूर्वक सुनने एवं किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह समझ लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने किसी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे अधिकारियों से समन्वय कर दूर कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामगढ़, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बड़कागांव, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, बीएलओ सुपरवाइजर्स, कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित अन्य उपस्थित थे।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर उपायुक्त ने बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त-सह अध्यक्ष जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में त्रिस्तरीय छापेमार दस्ता के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत जिला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने किया और बताया की तंबाकू नियंत्रण हेतु जिले मे जागरूकता कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज एवं पंचायत के स्तर पर किए जा रहे है क्यों की स्कूल के बच्चों को ही तंबाकू कंपनियां अपना शिकार बना रही है। जिसके उपरांत जिला परामर्शी बिनय शर्मा ने जिले मे गठित छापेमार दस्ता के बारे मे बताया। उपायुक्त ने त्रिस्तरीय छापेमार दस्ता को सीओटीपीए, 2003 के उल्लंघन अर्थात सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान, किसी भी सरकारी कार्यालय मे तंबाकू के उपयोग पर कारवाई, तंबाकू के

## योग के माध्यम से निरोग रहने की बताई जा रही है विधि

**रामगढ़।** पतंजलि योग समिति और जिला स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बाजारटांड स्थित जिला मैदान में सात दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग कक्षा का शुभारंभ किया गया। शिविर का नेतृत्व पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला संयोजक प्रमोद लाल कर रहे है। इस शिविर को युवा भारत के जिला प्रभारी सह योग शिक्षक ठाकुर प्रसाद योग सिखाएंगे। यह आयोजन सुबह 05-07 बजे सातों दिन होगा। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रमोद लाल ने कहा कि योग तन, मन से हमें स्वस्थ्य तो बनाता ही है, इसके आध्यात्मिक लाभ भी है। प्रत्येक दिन प्रातः बेला में किये जाने वाले योग से हम बल और बुद्धि से परिपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान की ओर से सात दिवसीय शिविर लगाया गया।

## उपायुक्त ने 14 नुक्कड़ नाट्य दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हजारीबाग।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से 14 नुक्कड़ नाट्य दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नाट्य दल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 218 चिन्हित स्थलों पर नशा मुक्ति अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पूरे जिले में वृहत स्तर पर नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के द्वारा 14 नुक्कड़ नाट्य दल को रवाना किया गया है। ये नाट्य दल शहरी क्षेत्रों के चिन्हित स्थानों यथा प्रमुख कॉलेजों, स्कूल, मार्केट व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख हाट, बाजारों, स्कूलों, चौक चौराहा, पंचायत क्षेत्रों सहित अन्य प्रभावित स्थानों में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक की टीम 16 से 26 जून 2025 तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावे डीपीआरओ रोहित कुमार सहित सभी जनसंपर्क के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग में हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को लाभान्वित करने का दिया निर्देश

- उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीजों को रेफर किए जाने संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिना किसी वैध कारण के किसी भी मरीज को रेफर नहीं करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24×7 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक के सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्राचीन शिव मंदिर के छत का ढलाई कार्य हुआ पूरा



**रामगढ़ ।** नलकारी तट स्थित ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर की जर्जर हो चुकी छत के जीर्णोद्धार का कार्य रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। छत ढलाई कार्य की शुरुआत बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा कर तथा कंक्रीट की पहली कढ़ाई डाल कर की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। पूजा कार्य स्थानीय पुरोहित प्रह्लाद पांडेय द्वारा कराया गया। इसके पश्चात स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर छत ढलाई के कार्य को पूर्ण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शिव मंदिर वर्षों पुराना है, जिसकी बरामदे की छत काफी जर्जर हो गई थी। जनसहयोग से अब इसका पुनर्निर्माण शुरू हुआ है। मंदिर समिति और स्थानीय जनता ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए मंदिर के संरक्षण और संवर्धन में सहयोग की अपेक्षा जताई। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय राम, सचिव अरुण राम, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र विश्वकर्मा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भुईया, संजय मिश्रा, अनिल सोनी, केदार साव, विजय साव, गोपाल करमाली, सत्यनारायण कुमार, पिंटू सागर, संजीत राम, दीपक कुमार, योगेश दांगी आदि उपस्थित थे ।

## गिद्दी में मनाया गया आस्था और भक्ति का पर्व मंडा

**गिद्दी।** गिद्दी बस्ती मंडा टांड़ में रविवार की रात्रि में ग्रामीणों ने मंडा का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम में लोटन सेवा किया गया। इसके बाद सोक्ताइनों ने शिव मंदिर की जल कलश के साथ परिक्रमा की। इसके बाद 105 सोक्ताइनों और 80 भोक्ताओं ने भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया। फिर भोक्ता और सोक्ताइनों ने जलते अंगारों पर चलकर फूलखूंदी कर अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया। फूलखूंदी के बाद भोक्ताओं ने पीठ में कील गुंथ कर बनस झूला किया। वहीं पुरुलिया मांजी डीह और पिंड्रा बोकारों के छउ कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत करके मंडा मेला में पहुंचे लोगों का मनोरंजन किया। इसके पहले बतौर मुख्य अतिथि गिद्दी मुखिया हीरालाल गंझू ने फीता काटकर छउ नृत्य का शुरूआत किया। जबकि मंडा को सफल बनाने में मंडा पूजा समिति के बासुदेव पंडित, दुबराज गंझू, हीरालाल गंझू, अर्जुन रवानी आदि ग्रामीणों को योगदान रहा।

### चार बालू लदे ट्रैक्टर को किया गया जब्त

# बालू तस्करों पर हुई कार्रवाई

- सभी वाहनों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

एनजीटी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद गोरहर और आसपास के इलाकों में बालू की अवैध तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। दिन -रात बालू लदे ट्रैक्टर बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह तस्करी एक संगठित नेटवर्क के तहत संचालित की जा रही है । ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस महज औपचारिक कार्रवाई करती है और जब जिला स्तर से दबाव आता है तब 1-2 ट्रैक्टर जब्त कर खानापूर्ति कर दी जाती है। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि प्रतिदिन सैकड़ों बालू लदे वाहन बरकट्ठा, चलकुशा, गोरहर और अन्य इलाकों से गुजरते हैं। इसी कड़ी में रविवार की रात गोरहर पुलिस ने बंडा सिंगा के समीप कार्रवाई करते हुए एक महिंद्रा, दो स्वराज, समेत एक अन्य सहित कुल चार बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सभी वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गोरहर थाना कांड संख्या 26/25 के तहत दर्ज हुआ है। हालांकि, इस मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गौरतलब है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एनजीटी द्वारा बालू के उठाव पर रोक लगा दी गई है। लेकिन स्थानीय स्तर पर इन आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस तरह बालू की चोरी होने काफी राजस्व का भी घाटा हो रहा है। कड़ाई के बावजूद भी लोगों मानने को तैयार नहीं हैं।

### जलवायु परिवर्तन पर सेमिनार का आयोजन

# पर्यावरण स्वच्छता के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जीएम महाविद्यालय हजारीबाग में भूगोल विभाग के द्वारा जलवायु परिवर्तन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया । भूगोल विभाग के शिक्षक दीपेंद्र कुमार तथा रेयाज अहमद ने विषय प्रवेश करते हुए सेमिनार का आरंभ कराया ।प्राचार्य ने सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि"जलवायु जैव जगत के लिए महत्वपूर्ण है, जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारक पर्यावरण प्रदूषण है । पर्यावरण स्वच्छता के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा तभी स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा।" उन्होंने पॉलिथीन के स्थान पर कपड़ा तथा जूट से बने थैले का उपयोग पर भी बल दिया। महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने कहा कि "मानव की जीवनशैली के कारण ही जलवायु का परिवर्तन हुआ है। मानव वनों का विनाश तथा प्लास्टिक का प्रयोग इतना कर रहा है कि पूरा पर्यावरण गंभीर संकट से जूझ रहा है तथा जलवायु में परिवर्तन हुआ है। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से मानव को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, इसलिए हम सभी को प्रदुषण मुक्त पर्यावरण का निर्माण करना होगा जो केवल हमलोगों के प्रयास नहीं, बल्कि पूरे समाज के सहयोग से ही सफल हो सकता है। सेमिनार में कला विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान सपना कुमारी तथा कोमल कुमारी, द्वितीय स्थान प्रगति सिंह , तृतीय स्थान उज्जवल कुमारी सभी कला संकाय,तथा चतुर्थ स्थान सतीश कुमार (वाणिज्य)ने प्राप्त किया।

## शिव भक्तों ने की भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना

**रामगढ़।** श्री श्री शिव मेला मंडा पूजा समिति रामगढ़ पारसोतिया की ओर से भव्य तरीके से मंडा पूजा मनाया जा रहा है। शनिवार को पूजा को लेकर शिव भक्तों ने शिव मंदिर में भगवान शिव शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंज उठा। रात में छऊ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छऊ नृत्य के कलाकारों ने भगवान शिव और माता दुर्गा के चरित्र पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदविभोर कर दिया। रविवार को शिव भक्त दहकते अंगारों में चल कर शिव भक्ति की परीक्षा देंगे। साथ ही वनस झूला और फुलखुदी आयोजित किया जाएगा। मंडा पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विक्रम कुशवाहा, सचिव कुणाल कुशवाहा और कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि शनिवार को मंडप पूजा, लोटन सेवा और रात में छऊ नृत्य का भव्य आयोजन होगा।

## सात दिनों के अंदर विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : पुटूस


**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



रामगढ़ जिले में इन दिनों लगातार हो रही अनियंत्रित और अनियमित बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन-रात बिना पूर्व सूचना बिजली की आवाजाही ने आम नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों और आवश्यक सेवाओं को गहरा झटका दिया है। इस गंभीर समस्या को लेकर भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता को एक लिखित आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने बिजली व्यवस्था में अविलंब सुधार की मांग की है। अपने मांग पत्र में उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के लोग इस बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त हो चुके हैं। व्यापार चौपट हो रहा है, छात्र परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं, और घरों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है। यह सब सहन नहीं किया जा सकता। अगर 7 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति में स्पष्ट और ठोस सुधार नहीं किया गया, तो हम व्यापक जन आंदोलन शुरू करेंगे। इस अवसर पर कई स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी और युवा भी मौजूद रहे। जिन्होंने अपनी समस्याएं साझा कीं और आंदोलन में शामिल होने की घोषणा की।

# न्यूज बॉक्स

## दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को मिली राहत




**रामगढ़।** शहर सहित जिला के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को लगभग 3:00 बजे हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई। जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक बारिश का यह दौर जारी रह सकता है। यदि ऐसा हुआ तो किसानो को इससे लाभ होगा। क्योंकि धान सहित खरीफ के विभिन्न फसल इसी मौसम में होते हैं। ऐसे में यदि बारिश का दौर जारी रहता है तो किसानो का उत्साह बढेग़ा और वे खेती किसानी में लग जायेंगे।

## प्रदीप मंडल बरकट्ठा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बने

**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए जिला कांग्रेस कमिटी, हजारीबाग के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तथा हजारीबाग के जिला पर्यवेक्षक जलेश्वर महतो के संज्ञान में देते हुए पेसरा के निवासी प्रदीप कुमार मंडल को प्रखंड कांग्रेस कमिटी बरकट्ठा का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है । जिला अध्यक्ष ने आशा व्यक्त कि है की मनोनयन पत्र प्राति के साथ ही आप पूरी इमानदारी और लगन के साथ कांग्रेस पार्टी के सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे । उक्त जानकारी मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष निसार खान ने दी ।

## सामान्य जाति के 46 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में सोमवार दोपहर को पूरे बरकट्ठा प्रखंड के सामान्य जाति में अध्यनरत वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण सत्र 2024-- 25 का किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में 9 विद्यालय में अध्यनरत सामान्य जाति के 20 लड़का और 26 लड़की को वितरण किया गया। मौके पर छात्र-छात्राएं साइकिल पाकर काफी खुश नजर आए।इस दौरान बीपीएम धीरज शर्मा, बीआरपी जागेश्वर साव, कंप्यूटर ऑपरेटर विनय मंडल,आसिफ अली, एमडीएम ऑपरेटर संजय कुमार के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** 16 जून को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में मादक पदार्थ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू चट्टी की मुखिया अनिता कुमारी उपस्थित रहीं। उनका स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया । प्रधानाध्यापक ने विषय प्रवेश करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया नशे को ना और जिंदगी को हां। कहा की इन दिनों कम उम्र के युवक और युवतियां नशे का सेवन व्यापक रूप से करने लगे हैं । जो हमारे देश के लिए एक चिंता का विषय है। अगर ऐसा ही रहा तो भावी पीढ़ी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा । इसे रोकने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना पड़ेगा तभी इसे रोका जा सकता है । मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी ने कहा कि यदि भविष्य में आपको कुछ करना है और बनना है तो मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहना हेगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों के घर में अगल-बगल कोई इस तरह का नशा करता है उन्हें रोकिए। कहा कि मादक पदार्थों को रोकने के लिए सरकार को भी पहल करनी चाहिए। मौके पर विद्यालय के सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा ,गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी और बाल संसद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पुस्तकों का हुआ वितरण

**भुरकुंडा।** शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग का एक सुंदर उदाहरण भुरकुंडा में देखने को मिला, जब निःशुल्क कपड़ा एवं पुस्तक बैंक की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण समारोहपूर्वक किया गया। इस आयोजन ने उन विद्यार्थियों को एक नई प्रेरणा दी, जो संसाधनों की कमी के बावजूद आगे बढ़ने की चाह रखते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और शिक्षाविदों की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि यह पुस्तक एवं कपड़ा बैंक कई वर्षों से क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य कर रहा है। ऐसी संस्थाएं समाज में उम्मीद की किरण हैं। विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट मेंबर प्रो सुरेंद्र सिन्हा ने कहा कि हमारे समाज में कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में यह बैंक शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरक भूमिका निभा रहा है। एस्पायर कोचिंग के डायरेक्टर रत्नेश कुमार ने कहा कि पढ़ाई में आने वाली आर्थिक बाधाओं को हटाना बेहद जरूरी है। संस्थान का यह कार्य सराहनीय है। इससे विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी।

## फोरलेन पर स्टंट बना काल, एक की मौत, दूसरा घायल

**भुरकुंडा।** भदानीनगर-पतरातू फोरलेन पर रविवार शाम स्टंट के दौरान तेज़ रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बासल थाना क्षेत्र के बलकुदरा फ्लाईओवर पर शाम करीब 6:15 बजे हुआ। बजाज डॉमिनार बाइक (जेएच24एन-4521) पर सवार विक्की कुमार (27 वर्ष) और करम मुंडा पतरातू की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज़ रफ्तार में थी और फ्लाईओवर पर स्टंट करते हुए संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बासल थाना प्रभारी कैलास कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# पुलिस ने चर्च में डकैती कांड का किया उद्भेदन, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

● अन्य 05-06 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा चर्च में हुई डकैती की घटना का सिमडेगा पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य 05-06 अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। डीएसपी हेडक्वार्टर रणवीर सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक मो अर्शी के निर्देशानुसार गठित विशेष अनुसंधान दल ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। अनुसंधान में पता चला कि यह घटना एक अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है, जिसमें झारखंड और ओडिशा के अपराधियों की संलिप्तता पाई गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में ओडिल केरकेट्टा (पिता-प्रेमचंद्र केरकेट्टा), रिंकू सोनी उर्फ मूशा और सुभाष नाईक उर्फ रामबोला नाईक शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 21,500 नगद, टीवीएस रेडॉन बाइक (ओडी-15वाई -2487), काले रंग के मास्क, ग्लब्स, टोपी, लोहे की छड़ और सब्बल बरामद किया है।पुलिस ने बताया कि दोनों राज्यों में गिरोह के सदस्य चर्चों को निशाना बनाकर मारपीट व डकैती की वारदात को अंजाम देते थे, ताकि उन्हें नकद रकम मिल सके। पूछताछ में आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिसके आधार पर अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ओडिशा में की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपियों को वहां की अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं सिमडेगा पुलिस जल्द ही आरोपियों को रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ करेगी। पुलिस अधीक्षक ने इस केस के सफल खुलासे के लिए पुलिस अंचल निरीक्षक भिखारी राम, बोलबा थाना प्रभारी संतोष कुमार राय, कुरडेग की पुलिस अंचल निरीक्षक दिनेश प्रजापति ,सब इंस्पेक्टर सोनू पाठक, सब इंस्पेक्टर विनायक पांडेय,सब इंस्पेक्टर मनोहर मठपती एवं एसआइटी में शामिल अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## आदिवासी कांग्रेस के नेता ने खिजरी खूंटीटोली गांव के लोगों की सुनी समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा के खिजरी खूंटीटोली वार्ड नंबर 17 के ग्रामीणों संग कांग्रेस आदिवासी नेता दिलीप तिर्की ने मुलाकात कर कई समस्याओं पर उनसे चर्चा की। लोगो ने बताया कि इस टोले तक सड़क या पीसीसी नही होने के कारण आवागमन में बहुत दिक्कत है विशेष बरसात के मौसम में , साथ ही यहाँ कोई भी अच्छा डीप बोरिंग चापाकल नही जिससे हमारी पानी की समस्या सुलझ सके एक बोरिंग जो आंगनबाड़ी केंद्र में है वहाँ की मिट्टी धस चुकी है जिससे कि वह पूर्णतः ठप है। समस्याओं को सुन दिलीप ने उन्हें कहा कि नगर परिषद को जल्द पत्राचार के माध्यम से पीसीसी बनाने के लिए अवगत कराएंगे। एवं त्वरित पीएचडी विभाग अधिकारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि हम इसपर जल्द पहल कर बोरिंग देने की कोशिश करेंगे। दिलीप ने यह भी कहा कि आज आपकी मदद से ही राज्य में हमारी सरकार है इसलिए आप सभी की समस्या हल करना हमारा पहला दायित्व है। किसी भी समस्याओं में हमे याद कीजिये हम आपतक पहुँचकर जरूर मदद करेंगे। एवं यह भी संदेश दिया कि सभी बच्चों को नशे पान से दूर रखें क्योंकि हमारा आने वाला कल इनके ही ऊपर है। इन्हें एक अच्छा माहौल दीजिए ताकि ये पढ़ लिख कर अच्छे इंसान बने। मौके पर रोहित सोरेंग, ज्योति सोरेंग, ज़ेवियर बरवा, जेम्स सोरेंग, सुदीप सोरेंग, दुलारी सोरेंग, अस्विनी बा, निर्मला बरवा, एलिजाबेथ सोरेंग, बिरसी सोरेंग, रजनी सोरेंग सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुरुआत

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** एस एस+2 उच्च विद्यालय बानो में 7 दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर एक और भारतीय भाषा सीखें" की शुरुआत की गई। ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का उद्देश्य छात्रों को उनके मातृभाषा के अतिरिक्त अन्य भारतीय भाषाओं में संवाद कौशल विकसित कराना है। शिविर का उद्घाटन बीपीओ बानो और प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक और बीपीओ बानो ने अपने संबोधन में भारतीय भाषा और भाषा सीखने के उद्देश्य और महत्व के बारे में चर्चा की। विद्यालय के भाषा शिक्षकों के द्वारा भाषा संरक्षण और संवर्धन, बहुभाषी परिवेश में भाषाई विविधता, ज्ञान और सांस्कृतिक विविधता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने भारतीय भाषाओं का संवैधानिक स्थिति, संरक्षण और प्रचार प्रसार पर भी अपने विचार साझा किए। शिक्षकों के द्वारा भाषा व तकनीकी, लोक गीत, लोक साहित्य, राजकीय भाषा राजभाषा व 22 अनुसूचित भाषाओं की स्थिति और नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूली शिक्षा में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी आनंद कुमार, डा संजय कुमार, संदीप केशरी, संजय टोप्पो, भिखराम उरांव, मुकेश साहू, अंजन किंकर, लिदिया ग्रेस साहू, नीतिरन गुड़िया, अन्नू अंजलिन एक्का, एस्थर तिर्की, पूनम खेस, पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## नशा मुक्त सिमडेगा बनाने के लिए लोगों को गीत संगीत के माध्यम से किया जा रहा है जागरूक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के कलाकारों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला जनसम्पर्क कार्यालय के निर्देश पर सिमडेगा जिला के हर प्रखंड में लोकगीत गीत, लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, एवं पोस्टर पम्फलेट वितरण कर ग्रामीणों को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है।अभियान में गांव के मुखिया, पंचायत सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भारी भीड़ के बीच नशा पान से होने वाले दुष्प्रभाव को लोगों के बीच जानकारी देकर उन्हें नशा से दूर रहने एवं गांव घर में सभी को जागरूक करते नशा मुक्त सिमडेगा बनाने का आह्वान किया जा रहा है। साथ ही उन्हें शपथ ग्रहण कराकर नशा को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूक किया जा रहा है.नशा में मुख्य रूप से गांजा, चरस, अफीम, दारु,हड़िया, सहित कई अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए सभों को जागरूक किया गया।इस क्रम बाघचट्टा बाजार टाड़, घुटबहार बाजार टाड़ में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया.आज ठेठाईटांगर प्रखंड के अम्बा पानी बाजार टाड़ में टोली बाजार ठेठईटांगर बाजार, सलगा पोश बाजार, पाईक पारा पंचायत के देवबहार गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया।

## पबुड़ा नवाटोली में सांप काटने से युवक की मौत, झाड़-फूंक के चक्कर में गई जान

**सिमडेगा।** जलडेगा प्रखंड के पबुड़ा नवाटोली गांव में रविवार देर रात को सांप काटने की घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान लहरु सिंह के रूप में हुई है।जानकारी देते हुए मामी देवी देवी के अनुसार रविवार रात लहरु सिंह को विषैले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे प्राथमिक उपचार के बजाय पहले झाड़-फूंक के लिए तांत्रिक के पास ले गए। परंतु तबीयत में कोई सुधार नहीं होने पर उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल, सिमडेगा लाया गया। जहां सोमवार दोपहर 1:00 बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही सिमडेगा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।जागरूकता की कमी और चिकित्सा सुविधा तक देर से पहुंचने की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है। डॉक्टर के अनुसार, समय रहते अस्पताल ले जाने पर लहरु सिंह की जान बच सकती थी।

## सदर अस्पताल में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में सोमवार को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इकाई के द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे की लत से बचाव व उपचार के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट संतु बड़ाईक ने नशे की आदत और इसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को नहीं पकड़ता, बल्कि व्यक्ति स्वयं नशे को पकड़कर रखता है। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर कोई भी व्यक्ति नशे की आदत को छोड़ सकता है।उन्होंने बताया कि लंबे समय तक नशीले पदार्थों का सेवन करने से व्यक्ति गंभीर मानसिक समस्याओं जैसे अवसाद, चिंता, स्मृति हानि, निर्णय क्षमता में कमी, नींद और भूख में गिरावट जैसी समस्याओं से ग्रसित हो सकता है।वहीं नशा मुक्ति केंद्र की परामर्शदाता मनोनिका कुमारी ने बताया कि सदर अस्पताल सिमडेगा में नशा मुक्ति उपचार केंद्र संचालित है, जहां नशे के शिकार व्यक्तियों को निःशुल्क परामर्श और दवा दी जाती है। उन्होंने बताया कि नशे की आदत से छुटकारा पाने हेतु कोई भी व्यक्ति आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है।कार्यक्रम में अस्पताल कर्मियों के साथ-साथ आमजन की भी भागीदारी रही। वक्ताओं ने सभी से नशा मुक्त समाज की स्थापना में सहयोग करने का आह्वान किया।

## बानो में किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान का बीज 50प्रतिशत अनुदान पर वितरित

नवीन मेल संवाददाता



**बानो ।** बानो प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को एल्ला लेम्प्स के माध्यम से प्रखंड के किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान का बीज 50% अनुदान पर वितरित किया गया। इस बीज वितरण कार्यक्रम में किसानों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली।

मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग ने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि कार्य को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसी क्रम में ललाट व हाई ब्रीड किस्म के धान का बीज किसानों को अनुदान पर दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से समय पर प्रखंड कार्यालय में आकर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने बताया कि उन्नत किस्म के धानों का उत्पादन करने से किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बीज लेने हेतु किसान आधार कार्ड और भूमि रसीद की फोटोकॉपी साथ लाना अनिवार्य है।सरकार की ओर से जिन धान की किस्मों का वितरण किया जा रहा है उनमें प्रमुख रूप से पीएन-24 और आईआर-64 शामिल हैं, जो लगभग 125-130 दिनों में तैयार हो जाती हैं।कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, एल्ला लेम्प्स अध्यक्ष पूनम चंद बुढ़, मिंटू कुमार सिंह, मो. तनवीर, अमित बड़िंग, सुदीप बड़ाईक, सनिका बड़िंग समेत कई किसान और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## यीशु ही वह सत्य है जिससे संसार को उद्धार मिल सकता है: विशप डॉ. पांडा



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** हॉली फेथ अपोस्टॉलिक डायसिस के तत्वावधान में टुकुपानी में दो दिवसीय सुसमाचार सभा का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता बिषप डॉ. एम. एम. पांडा (चेयरमैन, हॉली फेथ अपोस्टॉलिक डायसिस झारखंड) ने कहा कि यीशु ही वह सत्य हैं जिससे मनुष्य को उद्धार मिल सकता है। उन्होंने पवित्र बाइबल के वचनों के माध्यम से लोगों से पाप से दूर रहकर प्रभु यीशु में विश्वास रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि "पाप मृत्यु की ओर ले जाता है, लेकिन परमेश्वर का वरदान अनंत जीवन है।विशिष्ट अतिथि प्रवीण कच्छप (महासचिव, ऑल इंडिया क्रिस्चियन माइनॉरिटी फ्रंट, झारखंड) ने कहा,ईश्वर पर विश्वास मनुष्य को दुर्बलता में भी सामर्थ देता है। उन्होंने बाईबल का उल्लेख करते हुए, बताया कि परमेश्वर थके हुओं को बल और शक्तिहीनों को सामर्थ देता है। जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान के अभाव में मनुष्य बुराई की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने समाज में व्याप्त वैमनस्य को दूर करने के लिए बाइबल शिक्षाओं को अपनाने की बात कही।

## अज्ञात हाईवा की टक्कर से तीन घायल



**ठेठईटांगर।** सिमडेगा-राउरकेला मुख्य मार्ग पर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के अर्जुन ढोढ़ा के पास रविवार को एक अज्ञात हाईवा ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अर्जुन टोली निवासी संजय केरकेट्टा, आइलिस केरकेट्टा एवं अनिशा टोप्पो घायल हो गए।टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को अपने निजी वाहन से उठाकर सदर अस्पताल सिमडेगा पहुँचाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों के अनुसार तीनों घायल फिलहाल खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। प्रखंड प्रमुख ने अस्पताल प्रशासन से समुचित इलाज सुनिश्चित करने का आग्रह किया और घायलों के परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।घटना के बाद स्थानीय लोगों में हाईवा चालकों की तेज रफ्तार और लापरवाही को लेकर आक्रोश देखा गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बानो प्रखंड परिसर में आम महोत्सव का आयोजन

**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उत्पादकों का मनोबल बढ़ाना और आम बागवानी को आजीविका के रूप में बढ़ावा देना था।महोत्सव में रेड पलमार, हिमसागर, गुलाब खास, मालिका, मालदा, दशहरी और आम्रपाली जैसे आम की उन्नत किस्में आकर्षण का केंद्र रहीं। बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना से जुड़े लाभुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर आम की खरीदारी की और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया। बागवानी लाभुक दरोबिया लुगुन ने बताया कि इस वर्ष दशहरी आम से प्रति पेड़ 8000 तक आमदनी हुई है, वहीं कमल सुरीन ने हर वर्ष 1,80,000 तक का आम विक्रय कर एक मिसाल कायम की है।

## मेहनत और लगातार प्रयास करने वाला ही सफल होता है : कल्याणी बारला

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के प्रस्तावित उच्च विद्यालय लचरागढ़ में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा परिणामों में जिला टापर सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानित विद्यार्थियों एवं प्रधानाध्यापिका कल्याणी बारला के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम मे समारोह में जिला टापर प्रियांशु कुमार साहू, के अलावा मैट्रीक परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विधार्थी राहुल कुमार सिंह, जीविका कुमारी, सपना कुमारी साहू, नैतिक सिंह, अमित लुगुन, दिव्यांशु कुमार सिंह, संध्या कुमारी, हिमेश महतो, युधिष्ठिर सिंह, सलमान खान और शिवानंद सिंह को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम मे स्वागत गान वर्ग दशम वर्ग के छात्राओ ने प्रस्तुत किया. सम्मानित विधार्थियो ने अपनी मेहनत और लगन विद्यालय का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कल्याणी बरला ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता की सीढ़ियाँ मेहनत की नींव पर ही खड़ी होती हैं।इसी भावना के साथ सभी विद्यार्थियों को आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी सफल होने विधार्थी परिश्रम और अनुशासन का फल है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की आगे कहा कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए हमेशा परिश्रम करना चाहिए।

## बसरकोचा में बोरे में बंद मिले शव की हुई पहचान, परिजनों को न्याय की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत लतापानी एवं घोड़ी टोली के बीच बसरकोचा नामक स्थान पर 12 जून को एक बोरे में बंद अज्ञात शव बरामद हुआ था। शव की पहचान अब बांसपहाड़ गांव निवासी सुशील बा के रूप में हुई है। उसकी मां द्वारा शव की पहचान की गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज से संपर्क किया। प्रखंड प्रमुख ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क किया और शव की पहचान तथा अन्य कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कराया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय केरकेट्टा द्वारा अंतिम क्रिया के लिए आवश्यक सामग्री जैसे शव वाहन, बक्सा आदि की व्यवस्था की गई। आज मृतक का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ किया गया, जिसमें प्रखंड प्रमुख स्वयं उपस्थित रहे और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।प्रखंड प्रमुख ने थाना प्रभारी से इस हत्या की गंभीरता से जांच करते हुए जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक हैं तथा दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**क्रिकेट एसोसिएशन** सिमडेगा जिले में क्रिकेट को नया आयाम देने की कवायद तेज

## क्रिकेट स्टेडियम और एकेडमी के लिए जमीन की मांग, एजीएम में बनी नई कार्यकारिणी

नवीन मेल संवाददाता







**सिमडेगा।** क्रिकेट को नया आयाम देने और खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने कमर कस ली है। रविवार को जिला परिषद डाक बंगला में आयोजित सालाना आमसभा में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सक्रियता के साथ गठित नई कमेटी झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन से अनुबंधित सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष बिजय कुमार पुरी, सचिव तौकीर उस्मानी, कोषाध्यक्ष शशिभूषण मिश्रा, उपाध्यक्ष सुनील सहाय, सुहैब शाहिद, दिलीप तिर्की, उप सचिव दीपक अग्रवाल, तस्लीम आरिफ खान बनाए गए। बैठक में कुल 09 कार्यकारिणी सदस्य भी शामिल किए गए।बैठक में जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को मेमोरेंडम सौंपकर सिमडेगा में क्रिकेट स्टेडियम और एकेडमी निर्माण के लिए जमीन की मांग की गई। इस पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, एसपी मो. अर्शी, पूर्व मंत्री विमला प्रधान सहित अन्य अतिथियों ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।कमेटी ने निर्णय लिया कि पूर्व सदस्य स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल के नाम पर स्कूल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जाएगा। विजेता टीम को रांची के इंटरनेशनल स्टेडियम में राज्य स्तरीय मुकाबले में खेलने का मौका मिलेगा।बैठक में स्पष्ट किया गया कि अनुशासनहीनता पर खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही सदस्यता शुल्क 500 रुपए वार्षिक रखा गया है, जबकि नए सदस्यों को कमेटी की अनुमति से 5000 रुपए शुल्क पर सदस्यता दी जाएगी।विधायक नमन कोंगाड़ी ने कहा कि वे क्रिकेट को राज्य सरकार की खेल नीति में शामिल कराने के लिए सरकार से मांग करेंगे। एसपी मो. अर्शी ने स्टेडियम निर्माण को लेकर भरपूर समर्थन देने की बात कही। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि जैसे उन्होंने हॉकी को प्रोत्साहित किया था, क्रिकेट को भी उतना ही समर्थन मिलना चाहिए।बैठक में पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की, झामुमो अध्यक्ष अनिल कुंडलना, युवा आयोग सदस्य विशाल तिर्की, संदीप मिश्रा समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

## लचरागढ़ में नशा मुक्ति अभियान को लेकर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत दोमनिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य फादर क्लेमेंट लकड़ा द्वारा की गई। यह रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर करंजटोली बस्ती, मुख्य चौक, मिशन रोड होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में नशा छोड़ो जीवन जोड़ो नशा का नाश होगा देश का विकास होगा" जैसे नारों से युक्त तख्तियां एवं बैनर लेकर जनजागरूकता फैलाई।कार्यक्रम के दौरान फादर क्लेमेंट लकड़ा ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया और नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई।इस अवसर पर फादर अल्बिनुस केरकेट्टा, शांति केरकेट्टा, मनोरमा सोरेंग, राजेश कुल्लू, पास्कल टोपनो, अमित केरकेट्टा, जोसफिन कुल्लू, रश्मि एक्का, संजय पुरान, अंजलि डांग, पंकज लुगुन सहित कई शिक्षक, छात्र और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली की समस्या पर मंत्री इरफान अंसारी ने की बैठक, पदाधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा




स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में बिजली समस्या को लेकर पदाधिकारी के साथ बैठक की. इस दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से साफ कहा कि अब जामताड़ा को 24 घंटे बिजली की सप्लाई होनी चाहिए. जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या से त्रस्त आम जनता की शिकायत पर, मंत्री इरफान अंसारी ने अपने आवास पर एक बैठक की. जिसमें बिजली विभाग के पदाधिकारी के साथ सभी मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में बिजली विभाग के जनरल मैनेजर और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, विभाग के एसडीओ मौजूद रहे. साथ ही उपायुक्त रवि आनंद भी शामिल हुए. इस मीटिंग में मंत्री इरफान अंसारी ने विभाग के पदाधिकारी को बिजली की समस्या दूर करने और जामताड़ा में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई. इसके अलावा बिजली बिल को लेकर लोगों को हो रही परेशानी और बिजली मीटर लगाने समेत बिजली लाइन काटने और सुधारने को लेकर मिली शिकायत को भी मंत्री इरफान अंसारी ने गंभीरता से लिया है. साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए है. इस बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कुछ दिनों से जामताड़ा में बिजली समस्या को लेकर क्षेत्र की जनता परेशान थी. इसे लेकर लोगों में आक्रोश था. शिकायत और समाधान को लेकर मैंने पदाधिकारी के साथ बैठक की है. मीटिंग में पदाधिकारी को बिजली को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. मंत्री इरफान अंसारी ने आगे कहा कि अब जामताड़ा को 24 घंटे बिजली मिलेगी. जितनी मेगावाट बिजली की आवश्यकता थी उतनी बिजली उपलब्ध करा दी गई है.

### स्मार्ट मीटर के नाम पर पैसा मांगने पर होगी कार्रवाई

रवि आनंद, उपायुक्त ने कहा कि दरअसल, विधानसभा क्षेत्र में खंभे और स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है. क्षेत्र की जनता की ओर से शिकायत मिल रही थी कि मीटर लगाने के नाम पर 200 तक की वसूली की जा रही हैं. शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने का मंत्री ने निर्देश दिया है. इस मामले पर मंत्री इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर बिजली विभाग द्वारा मुफ्त में लगाए जा रहे हैं. यदि इसके बाद भी कोई भी पैसों की मांग करे तो तुरंत विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दें ताकि कार्रवाई हो सके. उपायुक्त ने कहा कि जामताड़ा के लोगों को 24 घंटे बिजली मिले इसके लिए काम करेंगे. पोल लगाने और मीटर लगाने का नाम पर जो शिकायत मिली है उसकी जांच करेंगे और जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, जामताड़ा में इन दिनों बिजली कटौती की समस्या से लोग काफी परेशान है. बिजली की समस्या से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि बिजली विभाग के पदाधिकारी के साथ मंत्री के आवास पर हुई बैठक के बाद बिजली में कितना सुधार आएगा? यह देखने वाली बात होगी.

## धनबाद के युवा पत्रकार नीरज कुमार का निधन शोक की लहर



**धनबाद।** धनबाद के युवा पत्रकार नीरज कुमार अब इस दुनिया में नहीं रहे. सोमवार की अहले सुबह उन्होंने एसएनएमएमसीएच में अंतिम सांस ली. वे लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. बावजूद इसके पत्रकारिता के जुनून और समर्पण में कभी कोई कमी नहीं आने दी. नीरज कुमार ने न केवल खबरों की दुनिया में अपनी कलम की धार से पहचान बनाई, बल्कि हाल ही में आयोजित प्रेस क्लब के फैंसी क्रिकेट मैच में भी एक योद्धा की तरह खेला. लेकिन जीवन की इस कठिन लड़ाई में वे मौत से जंग हार गए. तेली पाड़ा स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के पत्रकारों ने भाग लिया.

### गिरिडीह में पंचायत सेवक का शव रखकर दिया धरना

# आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अड़े प्रदर्शनकारी

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह




डुमरी बीडीओ सहित चार पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कीटनाशक खाने वाले पंचायत सेवक सुखलाल महतो का शव रविवार देर रात डुमरी लाया गया. शव को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा और आजसू पार्टी के नेता समेत कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिजनों के साथ प्रखंड परिसर में बैठकर धरना दिया. इनके द्वारा चार मांग रखी गई है, जिसमें मृतक के परिजनों को नौकरी के साथ साथ, 50 लाख का मुआवजा और आरोपियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी शामिल है. बता दें कि इलाज के क्रम में पंचायत सेवक की मृत्यु रांची के रिम्स में हो गयी थी. इस बीच शांतिपूर्ण तरीके से शव लेकर बैठे लोगों का साफ कहना था कि जब तक उनकी मांगे पूरी

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता अभियान का आयोजन




**बरही ।** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना के निर्देश पर गौरियाकरमा पंचायत के विभिन्न गांवों में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान लोगों को बुजुर्गों के सम्मान की रक्षा संबंधित जानकारियां दी गई. साथ ही बुजुर्गों के अधिकार हनन पर कानूनी रक्षा और अधिकार से संबधित कई महत्पूर्ण जानकारियां दी गई. इस दौरान पीएलवी सुनील कुमार वर्मा, नीरज कुमार पासवान आदि ने लोगों को बुजुर्गों के सम्मान और अधिकार देने के अनुरोध भी किया. उन लोगो ने बताया कि बुजुर्ग सम्मान के अधिकारी हैं उनका सम्मान करना हम सबों का दायित्व है. इन्ही उद्देश्यों से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गांव गाने घूमकर लोगो को जानकारियां दी जा रही है.

## प्रतिनिधि ने बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केन्द्र का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के लेवड़ा स्थित बुचई मोड़ में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन तूइयो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संतोष शर्मा ने फीता काटकर किया। मौके पर संतोष शर्मा ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से यहां के लोगों दूर नहीं जाना होगा। साथ ही पैसे की लेनदेन करने में लोगों को सुविधा होगी। मौके पर संचालिका रिंकी कुमारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सरयू यादव, सहदेव यादव, सिकंदर अंसारी, संजय कुमार, वार्ड सदस्य तेजराज राणा, उमेश यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की यात्रा को लेकर जिलास्तरीय बैठक

# चाक चौबंद ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था रखें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी

- सभी पुलिस अधिकारी व कमी अपने दंडाधिकारी के साथ ससम्मय रहेंगे उपस्थित : एसपी

नवीन मेल संवाददाता। बरही



मंगलवार की सुबह 9 बजे के बाद सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता का सड़क मार्ग से कोलकाता यात्रा प्रस्तावित है. झारखंड में यात्रा सुरक्षित, शांतिपूर्ण व व्यवधान रहित संपन्न करवाने को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह व आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन ने नगर भवन बरही में जिलास्तरीय बैठक किया. जिसमे बरही, चौपारण, बरकट्ठा, गोरहार के पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित जिला के प्रमुख अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे. न्यायमूर्ति की यात्रा के मद्देनजर एसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होने, ट्रैफिक दुरुस्त रखने और यात्रा के आधे घंटे पूर्व प्रस्तावित यात्रा मार्ग को वाहन या भीड़ मुक्त रखने का निर्देश दिया. एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को प्रातः 9 बजे तक सभी स्पॉट निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त कर्मियों व अधिकारियों की उपस्थिति सत्यापित करते हुए न्यायमूर्ति की यात्रा का स्कॉट करने का निर्देश दिया. डीसी श्री सिंह ने डीसीएलआर अजय भगत व डीटीओ को स्कॉट के साथ रहते हुए सुरक्षित यात्रा व्यवस्था का निर्देश दिया. इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के साथ आपातकालीन मेडिकल व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति के यात्रा को सुरक्षित व आरामदेह तरीकों से बिहार झारखंड के बॉर्डर दनुआ से गिरिडीह की सीमा तक संपन्न करवाने की जिम्मेवारी हजारीबाग जिला प्रशासन का है. इस दौरान बरही स्थित वन विश्रामगार में न्यायमूर्ति के स्वेच्छा पर विश्राम की भी व्यवस्था की गई है. इसलिए विश्रामगार तक सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए. एसडीपीओ ने सभी एकल मार्ग पॉइंट पर पुलिस अधिकारियों को विशेष तैनाती का निर्देश दिया. बैठक में एसी, प्रशिक्षु आईएएस, बीडीओ, सीओ, एनडीसी, इंस्पेक्टर, एसडीएच के उपाधीक्षक, सर्कल इंस्पेक्टर, बीटीएम, बरही, चौपारण, बरकट्ठा, गोरहर के थाना प्रभारी आदि सहित अंचल व प्रखंड कर्मी और पुलिस कर्मी मौजूद थे.

## डेढ़ घंटे की बारिश से गिरा पारा, गर्मी से मिली राहत

**बरही ।** मंगलवार को करीब डेढ़ घंटे की जोरदार वारिस से तापमान मे कमी आई और लोगों को गर्मी से राहत लिया है. लगातार हुई वारिस से सड़कों पर पानी भर आया और कई स्थान पर नालियों के गंदे पानी सड़क और गली में बहने लगे. जानकारी के अनुसार कलाली रोड, मस्जिद रोड, अग्रवाल गली आदि कई गलियों में नालियों का पानी मार्ग पर आने से लोगो को आने जाने में परेशानी होने लगी. बदबू और गंदगी से लोग परेशान हो गए. स्थानीय लोगो ने बताया कि बरसात में इन गलियों की स्थिति बदतर हो जाती है. यदि इस दिशा में उचित व्यवस्था नही किया गया तो आने वाले समय में लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. इनलोगो ने स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि से बरसात के पूर्व नाली की मरम्मती की मांग किया है.


e-Procurement Cell

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, Ranchi**

**CORRIGENDUM**

e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-09/2025-26 Date:-11.06.25, PR No-354792 Building(25-26):D MAKING AND INSTALLATION OF FREEDOM FIGHTER SCULPTURES OF JHARKHAND AND INDIA AT RAJBHAWAN (JHARKHAND) कार्य के लिए बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों से संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 28.06.2025 | 01.07.2025 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि/समय | 29.06.2025 | 02.07.2025 |

शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department,
Ranchi

PR 355190 Building (25-26)_D


## 493 बोतल अवैध शराब के साथ पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा



**तिसरी (गिरिडीह)।** दुमका से दरभंगा ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया है. साथ ही इसमें प्रयुक्त कार व दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. यह कार्रवाई गिरिडीह जिले के तिसरी थाना पुलिस ने की है. सोमवार को तिसरी थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने इसकी जानकारी दी है.जिसमें इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो भी उपस्थित थे. बताया जाता है कि रविवार की देर रात पुलिस को सफ़ेद रंग की टोयोटा कार में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब लोड कर तिसरी - चंदौरी होते हुए बिहार भेजे जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार दल बल के साथ मुस्तैद थे. शराब लोड गाड़ी जैसे ही चंदौरी बाजार पहुंची,पुलिस ने उसे दबोच लिया. हालांकि पुलिस को आता देख गाड़ी में सवार चालक और उसका सहयोगी भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछा कर पकड़ लिया. जिसमें 20 वर्षीय कृष्ण कुमार पासवान पिता मोहन पासवान और 20 वर्षीय ही राजन कुमार पासवान पिता लालमोहन पासवान शामिल है. दोनों तस्कर बिहार के दरभंगा जिले के रहने वाले हैं. दोनों के पास से दो मोबाइल फोन भी पुलिस ने जब्त किया है. तलाशी के क्रम में कार से 15 कार्टून और 4 बोरी में शराब पाया गया. जिसमें आईकोनिक व्हाइट की 68 बोतल,रॉयल स्टेज की 216 बोतलें, स्टर्लिंन रिजर्व बी 7 की 119 बोतल तथा इंपीरियल ब्लू की 63 बोतल समेत कुल 466 बोतलें बरामद की गई. सभी बोतलों पर फॉर सेल इन झारखंड ओन्ली का टैग लगा हुआ है.

### मासूम को गोद में लेकर, 2 घंटे तक बिलखती रही महिला

# बच्चे के इलाज के लिए भटकते रहे माता पिता, बीच रास्ते में ही हो गई मौत

नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



इस मासूम को अपनी गोद में लेकर रोती बिलखती ये महिला कोडरमा जिले के सतगांवा की रहने वाली है.सड़क किनारे अपने 10 वर्षीय मृत बेटे को गोद में लेकर दहाड़े मारकर रो रही है. दरअसल इस मृत बच्चे का नाम अशोक मरांडी है, यह सतगांवा के रहने वाले सालखन मरांडी का पुत्र है.परिजनों के अनुसार अशोक पिछले 4 महीने से बीमार था. लिवर की समस्या के कारण उसके परिजन कोडरमा से लेकर देवघर तक इलाज कराने के लिए दौड़ रहे थे. लेकिन 10 वर्षीय अशोक की स्थिति में. सुधार नहीं हुआ. रविवार को भी इलाज के लिए अशोक के माता पिता उसे बाईक से देवघर ले गए थे.लेकिन किसी कारणवश उसका इलाज नहीं हो सका. परिजनों के अनुसार रविवार की देर शाम वापसी के क्रम में चलती बाईक पर बेलाटांड के पास ही बच्चे ने दम तोड़ दिया. लेकिन तिसरी पहुंचने के बाद उन्हें इसका आभास हुआ, जिसके बाद बीएसएनएल टावर के पास बाईक रोककर बच्चे को देखा तो उसकी मृत्यु हो चुकि थी. अपनी गोद में ही अपने जिगर के टुकड़े का दम निकलते अशोक की माँ जोर जोर से रोने लगी. उसकी चित्कार से आस पास के लोग जुटे तब इस पुरे जाकर मामले की जानकारी हुई. इस मासूस की मौत पूरा परिवार काफी दुखी नजर आ रहा है। लोगों का रो-रोकर बुरा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 15/2025–26**
**जिला योजना अनाबद्ध निधि**

1.विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3.परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–23.06.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4.निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–24.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5.निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–24.06.2025 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6.निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7.निविदा प्राप्ति का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Extension works which include distribution pipeline in Gomat village of Panchayat- Belagarha of Ghaghra block and valve requirement in the distribution main under Drinking Water & Sanitation Division, Gumla for the year 2025-26. | 13,69,590.00 | 27,400.00 | 2,500.00 | 30 Days |

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 355121 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D


### 50 लाख के माल लदे कंटेनर में लगी आग

# जीटी रोड में कंटेनर की आग बुझाकर बड़ी घटना टाली गई

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह



दिल्ली से कोलकाता को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे पर रविवार रात, एक कंटेनर में आग लग गई. जिससे कंटेनर में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा. आग लगने की घटना के बाद कंटेनर में रखा लाखों का सामान जल गया. घटना बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डोरियो के निकट की है. इधर आग लगने की सूचना के बाद थाना प्रभारी विनय कुमार यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी. इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. कंटेनर में जैसे ही आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली वैसे ही दमकल की टीम ने आग बुझाना शुरू कर दिया. घटना के दौरान नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा. हालांकि ड्राइवर ने समझदारी का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया. जानकारी के मुताबिक आग बुझाने से पहले ही वाहन में रखा सामान जल चुका था. दरअसल कंटेनर में पार्सल की सामग्रियां लदी हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख के करीब आंकी गई है. कंटेनर में आग लगने से कितना सामान जला है और कितने का नुकसान हुआ है ।

### पश्चिम बंगाल से हरियाणा जा रहा था कंटेनर

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर ड्राइवर ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी के पीछले हिस्सा से धुआं निकलता देख मैंने वाहन मालिक और फिर लोकल पुलिस को सूचना दी. मालिक के बताए गए स्थान पर मैंने गाड़ी खड़ी कर पुलिस को सूचना दी. दरअसल कंटेनर पार्सल लेकर पश्चिम बंगाल से हरियाणा के गुड़गांव के लिए जा रहा था. विनय कुमार यादव, थाना प्रभारी ने कहा कि कंटेनर में आग कैसे लगी? इसकी जानकारी नहीं हो पाई है लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

## अधिकारी व पीड़ित पक्ष के बीच हुए लिखित समझौते के बाद धरना हुआ समाप्त



**डुमरी।** प्रखंड के बलथरिया पंचायत सचिव सुखलाल महतो के प्रखंड कार्यालय परिसर में बिषपान कर लेने के पश्चात रिम्स मे इलाज के दौरान मौत के बाद परिवार सहित अन्य राजनैतिक पार्टी द्वारा बीडीओ सहित चार लोगों के निलंबन व गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों को लेकर रविवार की रात से प्रखण्ड कार्यालय के गेट के सामने मृत पंचायत सेवक का शव लेकर धरना पर बैठे लोगों के साथ अधिकारियों की हुई वार्ता और लिखित आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। वार्ता में डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो, सहित मृतक के परिजन, जेएलकेएम और आजसू पार्टी के पदाधिकारी व अन्य लोग उपस्थित थे। आज एक बार फिर सरिया बगोदर के एसडीएम संतोष कुमार गुप्ता, डुमरी के प्रभारी एसडीओ जितराय मुर्मू, डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद और डुमरी सीओ शशि भूषण बर्मा शव के साथ धरना दे रहे लोगों से वार्ता करने धरना स्थल पहुंचे। एसडीएम ने धरना पर बैठे लोगों को बताया कि मृतक के पुत्र के लिखित आवेदन पर डुमरी बीडीओ, पीएमएवाइ के बीसी, बलथरिया के रोजगार सेवक और मुखिया पति के खिलाफ डुमरी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। बीसी और रोजगार सेवक का ट्रांसफर दूसरे प्रखण्ड में कर दिया गया है।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची**
**शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची–834001, फोन– 2215544,**
**ईमेल न0–rmsaranchi0651@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम (मेडिकल/इंजीनियरिग/क्लैट) सत्र– 2025–27 में छात्र–छात्राओं के नामांकन हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची द्वारा दिनांक 11.06.2025 को परीक्षाफल प्रकाशित किया जा चुका है।

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची द्वारा प्रकाशित सूची में चयनित छात्रों का निर्धारित सीट के अनुरूप नामांकन हेतु द्वितीय चयन परीक्षा 2025 का आयोजन कराया जाना है, जिसके तहत् द्वितीय चयन परीक्षा दिनांक 29.06.2025 को रांची जिले के 02(दो) परीक्षा केन्द्रों में समय 10:00 बजे पूर्वा0 से 01:00 बजे अपराह्न तक आयोजित की जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

**परीक्षा तिथि :– 29.06.2025 (दिन– रविवार)**
**समय :– समय 10:00 बजे पूर्वा0 से 01:00 बजे अपराह्न तक**

| क्र0 | संकाय | परीक्षार्थियों की संख्या | परीक्षा केन्द्र का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इंजीनियरिंग | 227 | एल0 ई0 बी0 बी0 उच्च विद्यालय, रांची | 10:00 बजे पूर्वा0 से 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | मेडिकल | 150 | बालकृष्ण +2 उच्च विद्यालय, रांची | |
| 3 | क्लैट | 149 | | |

अतः उक्त के आलोक में संबंधित छात्रों को सूचित किया जाता है कि उक्त द्वितीय चयन परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगें। (चयनित छात्रों की सूची JAC की वेबसाईट पर उपलब्ध है।)

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक अभिलेख:–
1. आकांक्षा परीक्षा का प्रवेश पत्र (JAC से निर्गत)
2. पहचान पत्र– (आधार/पैन)

जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची
–सह– नोडल पदाधिकारी,
राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम

PR 355174 Human Resource Developement(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**


## संपादकीय

# युद्ध या महायुद्ध फैसला इस्राइल करेगा

पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल रहा है। ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले और ईरान के कम से कम दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की हत्या के साथ बेंजामिन नेतन्याहू अकेले आगे बढ़ने और ट्रंप प्रशासन के दबाव को नजर अंदाज करने की अपनी इच्छाशक्ति दिखा रहे हैं। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का कूटनीतिक हल चाहते थे, लेकिन ऐसा लगता है कि पहले से अच्छे संबंधों के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति नेतन्याहू को रोकने में असमर्थ थे। हमलों का समय महत्वपूर्ण है। ट्रंप प्रशासन को संभवतः पता था कि वह इस्राइल को ईरान पर हमले करने से नहीं रोक सकता, लेकिन उसने सोचा कि वह इस्राइल पर दबाव डालकर तब तक हमला करने से रोक सकता है, जब तक कि वह ईरान के साथ नया परमाणु समझौता नहीं कर लेता। हवाई हमले से कुछ घंटों पहले ट्रंप ने कहा था, 'मुझे लगता है कि ईरान के साथ कोई समझौता हो जाएगा, मैं नहीं चाहता कि इसमें कोई व्यवधान आए।' अमेरिका का इस्राइल पर कितना असर है, इसको लेकर विशेषज्ञों की राय बंटी हुई है। जो बाइडन प्रशासन द्वारा महीनों तक की गई तैयारी के बाद ट्रंप जनवरी में इस्राइल और हमास में संघर्ष विराम कराने में सफल रहे। लेकिन वार्ता के एक हिस्से के रूप में नेतन्याहू वेस्ट बैंक में बसने वालों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने में सफल रहे, जिससे उन्हें वहां कार्य करने की पूरी छूट मिल गई। इसके अलावा, अमेरिका ने इस्राइल को 2,000 पाउंड के बमों के हस्तांतरण पर लगी अपनी रोक भी हटा दी, जो इस्राइल के लिए एक और रियायत थी। अमेरिका गाजा में मानवीय संकट को रोकने में भी अक्षम साबित हुआ। वाशिंगटन इस्राइल द्वारा लेबनान पर हमले और ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिजबुल्ला को खत्म करने के उसके प्रयासों को रोकने में भी शक्तिहीन दिखाई दिया। अमेरिका शक्तिशाली क्षेत्रीय नेता के बजाय एक दर्शक बनकर रह गया है। सूत्र से बताते हैं कि अक्तूबर 2024 में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला को मारने के लिए किए गए हवाई हमले से पहले भी इस्राइल ने वाशिंगटन को सूचना नहीं दी थी, जो अमेरिकी इजाजत के बिना कार्रवाई करने की इस्राइल की बढ़ती इच्छाशक्ति का संकेत है। वास्तव में, गाजा में चल रहे युद्ध का लेबनान तक विस्तार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण क्षण था। हिजबुल्ला (जो उत्तरी इस्राइल की ओर रॉकेट दाग रहा था) को रोकने के लिए इस्राइल ने दक्षिणी बेरूत पर हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्ला के कई उच्च पदाधिकारी मारे गए। इसके बाद अपने करिश्माई नेताओं के बिना युवाओं को भर्ती कर हिजबुल्ला खुद को फिर से उठ खड़ा करने में असमर्थ था और उसका संगठन बिखर गया। नवंबर, 2024 तक अमेरिकी मध्यस्थता में हिजबुल्ला संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गया। सैन्य और संगठनात्मक रूप से हिजबुल्ला का पतन ईरान की क्षेत्रीय शक्ति के लिए बड़ा झटका है। हिजबुल्ला एक समय दुनिया का सबसे ज्यादा हथियारों से युक्त गैर-सरकारी हिंसक संगठन था। उसके पास लगभग 50,000 लोगों की फौज और विभिन्न रेंज की दो लाख से ज्यादा रॉकेट व मिसाइलें थीं। इस्राइल के साथ छद्म युद्ध में हिजबुल्ला और हमास के कई शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद ईरान काफी कमजोर पड़ गया। इसके अलावा, ईरान आर्थिक संकट से भी गुजर रहा है। दशकों से ईरान पश्चिम एशिया में रणनीतिक वर्चस्व हासिल करने की कोशिश कर रहा था।

*हवाई हमले से कुछ घंटों पहले ट्रंप ने कहा था, 'मुझे लगता है कि ईरान के साथ कोई समझौता हो जाएगा, मैं नहीं चाहता कि इसमें कोई व्यवधान आए।'*

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी...!



साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा।

पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16% से घटाकर 10% कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9% पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है।

भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ़ 30 सेकंड के लिए रुकेगी। ऐसा काम केवल दफ़्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की ज़रूरत होती है! सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9% और कार की बिक्री में 10.4% की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोज़गार के कई अवसरों का भी सृजन किया है।

कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़े-2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60% बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्स की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। 'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफ़र केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है। पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज़ गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके।

"अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं।" पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।"

आज की बात



**नितिन गडकरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं

# हिंदी की छाती पर अंग्रेजी की चप्पल

जब साहब का आदेश आया कि "हिन्दी में फ़ाइल लिखो, अंगरेज़ी में नहीं," तो हमारे विभाग के कम्प्यूटर जैसे सन्न हो गए। उधर चपरासी ने चाय पूछी, इधर बाबू ने हिन्दी का पहला अक्षर पूछा-"भाई, फ़ाइल में 'रिफरेंस' की जगह क्या लिखें? संदर्भ? सुनते ही पेट में मरोड़!" कम्प्यूटर ने पंखा रोक दिया, प्रिंटर ने दस्ताने पहन लिए। जैसे ही एक वरिष्ठ अधिकारी ने फ़ाइल पर 'निवेदन है कि' लिखा, नीचे से आत्मा कांपी और बोली-"मुझे इस अपमान से बचा लो, हे टाइपराइटर के देवता!" दफ्तर में हिन्दी ऐसे चल रही थी जैसे बैलगाड़ी में रेसिंग करवाना। जो लोग अंगरेज़ी में "Yours faithfully" लिखते थे, अब "आपका विश्वासपात्र" लिखकर आत्महत्या के कगार पर थे। टाई लगाए बाबू अब हिन्दी में 'संलग्नक' और 'प्रेषित' जैसे शब्द देखकर बाथरूम भाग जाते थे। कुछ ने तो हिंदी शब्दकोश को इस तरह घूरा जैसे वो सीबीआई की चार्जशीट हो। एक बाबू ने "सूचना" को "इनफ़ॉर्मेशन" समझ कर छुट्टी की अर्जी दी-"सर, माफ कीजिएगा, मैं हिंदी से डर गया हूँ।" हिन्दी अब फ़ाइलों की देहरी पर थी, पर भीतर घुसने नहीं दिया जा रहा था। अधिकारी महोदय ने तो कसम खा ली थी-"मैं अंगरेज़ी छोड़ सकता हूँ, पर अपनी बीवी की जगह हिन्दी नहीं!" वह रोज़ अपने कमरे में हिन्दी की आत्मा को बुलाते थे और कहते-"आ जाओ, घबराओ मत, तुम माँ होपर कमरे में पैर मत रखो।" जैसे ही हिन्दी 'कार्यालय आदेश' में आई, सबने अपने मोबाइल में गूगल ट्रांसलेट डाउनलोड कर लिया। एक दिन दफ्तर में एक नयी कन्या आई-वह संस्कृत में एम.ए. थी और हिन्दी को सीने से लगाकर लाई थी। उसने जब फ़ाइल में लिखा-"प्रेषक को सूचित किया जाए कि" तब साहब ने आँखें बंद कर लीं। बोले-"ऐसा तो मैंने जीवन में आखिरी बार गुरुकुल में सुना था, जब मुझे तुलसीदास की चौपाइयाँ पढ़नी थीं।" फिर धीरे से बोले-"तुम्हारी हिन्दी से मेरी अंग्रेज़ी शरमा गई है।" हिन्दी अब सबके लिए हथियार नहीं, हथकड़ी बन गई थी। बच्चे ट्यूशन में जाकर "गुड मार्निंग" की जगह "शुभ प्रभात" बोलते थे तो मम्मी कहती थीं-"ये क्या संस्कृत सिखा रहे हैं वहां?" कार के शीशे पर स्टिकर लगने लगे-"सीमित गति में चलें, क्योंकि हिन्दी ज़िंदा है।" हिन्दी अब प्यार की नहीं, परीक्षा की भाषा हो गई थी। जिसे हिन्दी आती थी, वह लाचार था। जिसे नहीं आती थी, वह अफ़सर। फिर एक घटना घटी-एक सज्जन हिन्दी में 'स्पीच' देने लगे। बोले-"आज हिन्दी दिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि" तभी माइक बंद हो गया, बिजली चली गई और आयोजक ने कहा-"बोलना बंद कीजिए, सबको सोने दीजिए।" हिन्दी भी रो पड़ी। वह स्टेज से उतरी और बोली-"मुझे जब बोलने का मौका मिलता है, तो माइक मर जाता है।" अगली बार उस सज्जन को अंग्रेज़ी में बोलने दिया गया, हिन्दी की आत्मा वहाँ भी ताली बजा रही थी। अब हिन्दी के प्रचार में वही लोग लगे हैं, जिनके बच्चे अमेरिका में हैं। जिनका खुद का नाम 'शर्मा' है लेकिन दस्तखत 'S. Ray' करते हैं। हिन्दी अब भाषणों की चीज़ रह गई है। एक अफ़सर तो कहने लगे-"हिन्दी हमारी आत्मा है, पर प्रमोशन की सीढ़ी अंग्रेज़ी है।" एक दिन तो हद हो गई-हिन्दी में विभागीय परीक्षा हुई, टॉप किया तमिलनाडु के एक इंजीनियर ने। और भोपाल का हिन्दी भाषी छात्र फेल हो गया क्योंकि वह "पुनर्निर्माण" और "संप्रेक्षण" का अर्थ नहीं बता सका। अब हिन्दी प्रेम केवल सरकारी फाइलों और दीवारों पर लिखा नारा बन गया है-"हिन्दी हमारी शान है"-जिसके ठीक नीचे लिखा होता है-"Speak only in English." अब बच्चों को सिखाया जाता है-"A for Apple, B for Ball, C for Cultureजो हिन्दी में नहीं पढ़ते।" हिन्दी के लिए अब भी कुछ कवि आँसू बहाते हैं, हिन्दी के लिए साहित्य अकादमी में सम्मान बाँटा जाता है, लेकिन हिन्दी खुद को शीशे में देखकर पूछती है-"क्या मैं रानी हूँ या अब भी चेरी?" अंततः हिन्दी अकेली पड़ गई है। वह अब मंच पर नहीं, मचान पर बैठी है। पाठशाला में नहीं, पाठ के बाहर है। उसे अब भी प्रेम चाहिए, पर दिखावा नहीं। वह अब राजभाषा नहीं, पीड़ाभाषा है। लोग उसके नाम पर तो खाते हैं, पर उसे कभी जीते नहीं। हिन्दी को माँ कहने वाले अब उसे वृद्धाश्रम भेजने की योजना बना रहे हैं।

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाना होगा

विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस

मानव एवं जीव-जंतुओं का जीवन भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, भूमि का दोहन, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण आज की जलवायु समस्याओं का सटीक समाधान हो सकता है, इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस 17 जून को मनाया जाता है। यह दिन मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य' है, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार यह दिवस पर भूमि के महत्व और इसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। कोलंबिया गणराज्य इस वर्ष 17 जून को मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस के वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा, जो प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से भूमि क्षरण को संबोधित करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बोगोटा में आयोजित यह कार्यक्रम स्थिरता, शांति और समावेशी विकास के उत्प्रेरक के रूप में भूमि बहाली एवं सूखा निवारण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालेगा, साथ ही भोजन, पानी, रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वस्थ भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देगा। स्वस्थ भूमि संपन्न अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा से अधिक हिस्सा प्रकृति पर निर्भर है। फिर भी हम इस प्राकृतिक पूंजी को खतरनाक दर से नष्ट कर रहे हैं-हर मिनट, भूमि क्षरण के कारण चार फुटबॉल मैदानों के बराबर भूमि नष्ट हो जाती है। इससे जैव विविधता का नुकसान होता है, सूखे का खतरा बढ़ता है और समुदाय विस्थापित होते हैं। इसके प्रभाव वैश्विक हैं-खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से लेकर अस्थिरता और पलायन तक। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा हमारे समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से हैं तथा विश्वभर में 40 प्रतिशत भूमि क्षेत्र पहले से ही क्षरित माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहाली दशक 2021-2030 के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही, हमें भूमि क्षरण की लहर को बड़े पैमाने पर बहाली में बदलने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे, तो हमें 2030 तक 1.5 बिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करना होगा और एक ट्रिलियन डॉलर की भूमि बहाली अर्थव्यवस्था को गति देनी होगी। भूमि को पुनःस्थापित करें, अवसरों को खोलें थीम के अंतर्गत, इस बात पर प्रकाश डालता है कि प्रकृति की नींव-भूमि-को पुनःस्थापित करने से किस प्रकार रोजगार सृजित हो सकते हैं, खाद्य और जल सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है, जलवायु कार्रवाई का समर्थन किया जा सकता है और आर्थिक लचीलापन निर्मित किया जा सकता है। यह विशेष रूप से उन शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें शुष्क भूमि के रूप में जाना जाता है, इन स्थानों पर सबसे कमज़ोर पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सहयोग से उपजाऊ भूमि को मरुस्थल होने से बचाता, बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर जन जागृति का माहौल निर्मित करने के लिये इस दिवस की घोषणा की। बढ़ते मरुस्थल के प्रति सचेत होना इसलिये जरूरी है कि दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। मरुस्थलीकरण से बचाव के लिए जल संसाधनों का संरक्षण तथा समुचित मात्र में विवेकपूर्ण उपयोग काफी कारगर भूमिका अदा कर सकती है। मरुस्थलीकरण एक तरह से भूमि क्षरण का वह प्रकार है, जब शुष्क भूमि क्षेत्र निरंतर बंजर होता है और नम भूमि भी कम हो जाती है। साथ ही साथ, वन्य जीव व वनस्पति भी खत्म होती जाती है। इसकी कई वजह होती हैं, इसमें जलवायु परिवर्तन और इंसानी गतिविधियां प्रमुख हैं। इसे रेगिस्तान भी कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2025 तक दुनिया के दो-तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। ऐसे में मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन बढ़ने की संभावना है और 2045 तक करीब 13 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है। विश्व में जमीन का मरुस्थल में परिवर्तन होना गंभीर समस्या एवं चिन्ता का विषय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पहले जो संदिग्ध थे, बिगड़े हुए चरित्र।
वे भी अब कहने लगे, खुद को नृप का मित्र।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अथश्री फ्लाईओवर नामकरण कथा

किसी देश के किसी जनपद के किसी शहर में दो फ्लाईओवर बने। शिलान्यास के बाद संघर्ष करते हुए अंततः ये बन गए। लोगों के आश्चर्य की सीमा ही नहीं रही। उनकी आँखें उन्हें देख फ़टी की फ़टी रह गयीं। कोरों से खून तब बहने लगा जब एक का उद्घाटन हो चुका। यह नामाकरण भी अक्षरंश और विधिवत, पारम्परिक और परिवारवादी सिद्धांत पर हुआ। इस नामकरण के लिए एक परिवारवाद के एक साधक ने पूरे विधि-विधान से कर्मकांड कराया और जजमान स्वयं बन डटे रहे। ताकि किसी को इस यज्ञ के जजमान के रूप में उनके होने में लेशमात्र भी संदेह न हो। विधि-विधान से किए गए इस यज्ञ में कोई कमी नहीं की गयी। घेराव, सड़क अवृद्धिकरण, शहर बंद और राज्य बंद जैसे अनुष्ठान पूरी मर्यादा से सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए। सफल यज्ञ से देवता प्रसन्न हुए। राजा को देवता ने स्वप्न में कहा कि अमुक जजमान का यज्ञ सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। इससे मैं प्रसन्न हूँ। तुमको आदेश देता हूँ कि जजमान के दिवंगत पिता के नाम पर फ्लाईओवर की घोषणा कर दो, नहीं तो बड़ा अनिष्ट होगा। तुम्हारे सिंघासन की एक कील टूट जाएगी और इधर कील टूटी नहीं कि तुम उधर धड़ाम से गिरोगे। राजा अपनी गहरी नींद में पसीने-पसीने हो उठा और उसकी निद्रा भंग हो गयी। राजा ने रात्रि में ही मंत्री को बुलाकर कह दिया कि देखो फ्लाईओवर का नामाकरण फ्लाईओवर के विषय पर चल रहे यज्ञ के जजमान के पिता के नाम पर करो। वैसे चाहता तो मैं अभी भी हूँ कि मुझसे पूर्व हुए राजा, जिन्होंने मुझे लाख प्रपंच रचाकर राजगद्दी दिलाई और जो मेरे पिता हैं, के नाम पर ही इस फ्लाईओवर का नामाकरण करूँ। पर मामला ईश्वरीय हो गया है। ईश्वर ने स्वप्न में मुझे आदेश दिया है कि ऐसा न करने से अनिष्ट हो जाएगा। मैं विवश हूँ पर उद्घाटन मैं ही विवश हो भारी मन से करूँगा। इसके कुछ दिनों बाद दूसरे फ्लाईओवर के नामाकरण की परिस्थिति आ धमकी। राजा ने इसे टालने का आदेश इस विचार से दे दिया कि मामला ठंढा हो जाए तब अपने पिता के नाम से नामकरण कर उसका उद्घाटन अपने अप्रासांगिक पिता से ही करा देंगे। ऐसे में वंशवाद, परिवारवाद का उत्कृष्ट उदाहरण भी स्थापित होगा साथ ही विकट परिस्थिति में रानी को राजगद्दी सौंप सकेंगे। उधर कभी सनातनी राजा रहे, सम्प्रति राजगद्दी से निष्कासित, के गुट के गुप्तचर को वर्तमान राजा की इस मंशा की भनक लगी। बात उन तक पँहुची फिर कानों-कान उस पक्ष के सब तक पँहुची।

कानाफूसि तक होने लगी। प्रजा भी जान गयी। अब छोटे-बड़े सभी परिवारवादियों में आशा की लहर जगी। सभी ने अलग-अलग रूप से अपने-अपने परिवार के पुरुखों के नाम पर इस फ्लाईओवर के नामाकरण के लिए पृथक-पृथक यज्ञ प्रारम्भ करने की घोषणा करने लगे। जजमान अनेक और फ्लाईओवर बेचारी एक इधर यज्ञों के लिए शंख फूके जाने से वतावरण सनातन होने लगा। वर्तमान राजा चिंतित हो गया। वह नामाकरण में टाल - मटोल करने लगा। मामला संग्राम की ओर बढ़ता देख राजा ने चुप्पी साध ली। परिवारवादी सभी एक से बढ़कर एक कर्मकांडी आचार्यों की शरण गहने लगे। कोई टोटकों का भी सहारा लेने लगे तो कोई तंत्र-मंत्र के राजा सन्न रह गया। आंदोलनों की भूमिका और पटकथा लिखी जाने लगी। राजा ने फ्लाईओवर का काम ही लटका दिया। अब यज्ञ की अग्नि के आह्वान व प्रज्वलन का मंत्रोचार होने की शुभ घड़ी की गणना की जाने लगी है। भविष्यवक्ताओं, पुरोहितों, तांत्रिकों, टोटके करने वाले बाबाओं की बन आयी है। ढेर सारे जजमान तैयारी में लगे हैं। राजमहल में भी ओझा-गुनी आते - जाते दिखने लगे। अब मूक प्रजा देखने में लगी है कि इन यज्ञों में से किस जजमान को यज्ञ का फल मिलता है अथवा राजा तो राजा ही होता है, सिद्ध होगा!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली के अशोक विहार में झुग्गियों पर चला ताबड़तोड़ बुलडोजर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के अशोक विहार-वजीरपुर इलाके की झुग्गियों में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उत्खननकर्ताओं और खुदाई करने वालों (जिन्हें आम बोलचाल में बुलडोजर या जेसीबी मशीन भी कहा जाता है) द्वारा अभियान के दौरान कई अवैध संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया। यह ध्वस्तीकरण रेखा गुप्ता सरकार के राष्ट्रीय राजधानी में अतिक्रमण विरोधी अभियान का हिस्सा है। यह कार्रवाई कालकाजी और जंगपुरा में इसी तरह के ध्वस्तीकरण अभियान के कुछ ही दिनों बाद की गई है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में व्यवस्था बनाए रखने और अशांति को रोकने के लिए लगभग 250 पुलिसकर्मी मौके पर तैनात थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह के अनुसार, अशोक विहार के जेलर वाला बाग इलाके में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा था। एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ), कई उत्खननकर्ताओं के साथ, हटाए जाने के लिए पहचाने गए ढांचों को गिराने के लिए दिन में जल्दी ही पहुंच गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए माने जाने वाले 200 से अधिक घरों को इस अभ्यास के हिस्से के रूप में ध्वस्त करने की योजना है। इलाके में तनाव बना रहा, परिवार असहाय होकर बुलडोजरों को आते हुए देख रहे थे। जबकि कुछ निवासी अपने सामान को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, अन्य लोग चुपचाप खड़े थे, अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे क्योंकि दशकों पुरानी संरचनाएं मलबे में तब्दील हो गई थीं। यह अभियान राजधानी भर में सार्वजनिक संपत्ति को पुनः प्राप्त करने के लिए नागरिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में विस्फोट, तीन लोग घायल



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हुए विस्फोट में 10 वर्षीय एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के लंगेट इलाके के कछरी में एक पुरानी मस्जिद को गिराने के दौरान विस्फोट हुआ। मस्जिद प्रबंधन समिति नई मस्जिद बनाने के लिए पुरानी ढांचे को गिरा रही थी। विस्फोट के कारण का तुरंत पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान मुदासिर अहमद मीर (26), गुलाम अहमद तंत्रे (65) और डी ए लोन (10) के रूप में हुई है। घायलों को उप जिला अस्पताल लंगेट ले जाया गया।

"घुसपैठिया"

## दिल्ली में 36 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी इलाके में 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 17 बच्चे शामिल हैं। सभी आरोपी अवैध रूप से रह रहे थे और उनके पास वैध यात्रा दस्तावेज या वीजा नहीं था। इन पर कार्रवाई को लेकर दिल्ली पुलिस ने सोमवार को प्रेस रिलीज जारी की। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 7 स्मार्टफोन जब्त किए गए, जिनमें प्रतिबंधित ऐप इंस्टॉल था। 13 लोगों के पास बांग्लादेश का राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला। दिल्ली पुलिस ने बताया कि कई दिनों की मैनुअल और तकनीकी निगरानी के बाद 13 जून को वजीरपुर इलाके में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी मिली थी। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए टीम ने इलाके की घेराबंदी की और बड़े स्तर पर अभियान चलाया। गहन तलाशी अभियान के दौरान लगभग 25 फुटपाथ और 32 गलियों की जांच की गई। ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने भारत में अवैध रूप से रहने की बात स्वीकार की और खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया। उसके खुलासे के आधार पर अन्य सदस्यों की पहचान की गई और उन्हें पुलिस ने पकड़ा।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ''गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ की गई। उन्होंने खुलासा किया कि वो पहले हरियाणा के मेवात में एक ईंट भट्टे पर काम करते थे। वहां हरियाणा पुलिस की ओर से पकड़े जाने के डर से भाग गए। उस समय से सभी लगातार अपना स्थान बदल रहे थे और स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने की कोशिश कर रहे थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला की हत्या

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरनगर जिले में रविवार को पारिवारिक विवाद को लेकर 24 वर्षीय महिला की कथित तौर पर उसके भाई ने हत्या कर दी और उसके परिजन ने सुबूत मिटाने के लिए शव का अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार ने बताया कि घटना बुढ़ाना क्षेत्र के उकावली गांव में हुई। यहां लाली नामक महिला पर उसके भाई अर्जुन ने कुदाल से हमला करके उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि परिवार के सदस्य गुपचुप तरीके से उसके शव का अंतिम संस्कार करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने चिता से आधा जला हुआ शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतका के पिता किशनपाल, भाई अर्जुन, उसके दोस्त और चचेरे भाई सौरभ समेत परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) और 238 (साक्ष्य मिटाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि किशनपाल और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# वो वीडियो जो है सबसे अहम सबूत जिसे बनाने वाला अभी भी है सदमे में

- एयरपोर्ट पर मौजूद एक सूत्र का यह कहना भी उपकरण संबंधी खराबी की ओर इशारा करता है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के एक किशोर 12वीं के छात्र आर्यन असारी ने महज उत्सुकतावश अपनी छत पर खड़े होकर वह वीडियो बनाया था। वीडियो से हादसे की काफी स्पष्ट तस्वीर सामने आई है, जिससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उपकरण संबंधी आपात स्थिति या फिर पॉवर बैकअप में आई समस्या जोरदार धमाके की वजह हो सकती है। वैसे तो विमान का फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर यानी ब्लैक बॉक्स मिल चुका है और हादसे की असली वजह इससे ही पता चलेगी। लेकिन, आर्यन का वीडियो हादसे के कारणों को लेकर लगाई जा रही कई अटकलों को चुनौती देता लग रहा है। विशेषज्ञ अभी इस पर अटकलें लगा रहे हैं कि विमान में इमरजेंसी पॉवर सोर्स एपीयू (ऑक्सीलरी पावर यूनिट) या आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) सक्रिय हुए थे या नहीं। पर, आर्यन के फोन पर रिकॉर्ड वीडियो से पता चलता है कि आरएटी नीचे था। अगर आरएटी नीचे होने की बात को सही मानें, तो यह एकमात्र जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश के बयान से मेल खाता लगता है। विश्वास का कहना है कि एक तेज धमाके के साथ लाइट चली गई, फिर केबिन में एक हरी लाइट चमकी। इसके बाद ही पायलट ने मेडे कॉल की थी।

एयरपोर्ट पर मौजूद एक सूत्र का यह कहना भी उपकरण संबंधी खराबी की ओर इशारा करता है कि विमान में ईंधन भरने में जरूरत से ज्यादा समय (42 मिनट) लगा था। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यह सामान्य बात है।वैसे, तो दोनों इंजन के एकसाथ फेल होने को दुर्लभ घटना माना जाता है, लेकिन विमान में आरएटी सक्रिय होने का मतलब है कि कोई गंभीर आपात स्थिति थी। यह विद्युत प्रणाली पूरी तरह विफल होने, हाइड्रोलिक सिस्टम गड़बड़ाने से विमान का ऊपर उठना मुश्किल होने या दोहरा इंजन फेल होने की समस्या का संकेत हो सकता है। पहले विशेषज्ञ मान रहे थे कि एक साथ दोनों इंजन फेल होने की गुंजाइश नहीं है।



**अहमदाबाद विमान हादसे** से जुड़े जिस वीडियो ने पूरे देश का ध्यान खींचा था, वह हादसे की जांच में अहम सुराग साबित हो सकता है

### तकनीकी समस्या के कारण हांगकांग वापस लौटा एयर इंडिया का विमान

**नई दिल्ली।** हांगकांग से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के एक विमान को सोमवार को तकनीकी समस्या आने के कारण बीच रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। सूत्रों ने पुष्टि की है कि एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 315, विमान बोइंग 787- 8 ड्रीमलाइनर हांगकांग से दिल्ली के लिए उड़ान भर चुका था और बीच रास्ते में ही तकनीकी समस्या का पता चला। विमान सुरक्षित रूप से हांगकांग वापस लौट चुका है और किसी भी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, तकनीकी समस्या की वास्तविक प्रकृति का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। एयर इंडिया की ओर से फिलहाल अभी तक इस घटना को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब भारतीय विमानन क्षेत्र पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रहा है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने गुजरात में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की

# डॉ. मिश्र ने समय पर पूरा करने के लिए अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया

- प्रधान सचिव डॉ. मिश्र ने धोलेरा को वैश्विक मानक स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए गुजरात सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई
- डॉ. मिश्र ने लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने आज गुजरात के धोलेरा और लोथल में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करते हुए स्थल निरीक्षण और उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें कीं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के औद्योगिक और आर्थिक विकास की परिकल्पना के अनुरूप हैं। डॉ. मिश्र ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा कार्यान्वित निर्माणाधीन अहमदाबाद-धोलेरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का दौरा किया। उन्होंने अहमदाबाद और धोलेरा के बीच यात्रा के समय को 45 मिनट तक कम करने की एक्सप्रेसवे की क्षमता पर प्रकाश डाला और वैश्विक-गुणवत्ता वाले सड़क मानकों के साथ समय पर निष्पादन पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (डीएसआईआर) में धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की प्रगति का आकलन किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि कार्गो संचालन अक्टूबर 2025 तक शुरू हो जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को समयसीमा का पालन करने और एक्सप्रेसवे के साथ निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्र ने टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन (फैब) परियोजना का निरीक्षण किया। यह परियोजना घरेलू चिप निर्माण में एक प्रमुख पहल है। उन्होंने मोबाइल उपकरणों, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव अनुप्रयोगों के लिए चिप्स सहित इसके उत्पादन दायरे की समीक्षा की। उन्होंने धोलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड (डीआईसीडीएल) द्वारा विकसित सामाजिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-स्कूल, अस्पताल और आवासीय परिसरों का भी दौरा किया। डॉ. मिश्र ने उपयोगकर्ता अनुभव पर बल देते हुए हितधारक प्रतिक्रिया एकीकरण का आह्वान किया। डॉ. मिश्र ने डीआईसीडीएल, डीआईएसीएल, एनएचएआई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे, भीमनाथ-धोलेरा फ्रेट रेल लिंक, अहमदाबाद-धोलेरा सेमी-हाई-स्पीड रेल लाइन, धोलेरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। श्री मिश्र ने धोलेरा के एक वैश्विक मानक स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकास के लिए गुजरात सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने समय पर परियोजना पूरी होने, कुशल कार्यबल की उपलब्धता और मजबूत योजना के महत्व पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) का निरीक्षण किया। उन्होंने श्री टी. रामचंद्रन, सचिव, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों, गुजरात समुद्री बोर्ड, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणऔर भारतीय रेलवे के अधिकारियों साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। श्री मिश्र ने इस बात पर बल दिया कि एनएमएचसी को भारत के समुद्री अतीत के प्रति एक विद्वत्तापूर्ण श्रद्धांजलि के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने गहन शोध, शैक्षिक सहयोग और एक सुविचारित योजनाबद्ध आगंतुक अनुभव के महत्व पर बल दिया। श्री मिश्र ने स्थानीय प्रजातियों के वृक्षारोपण और जल प्रबंधन प्रणालियों सहित पर्यावरण स्थिरता उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने एनएमएचसी के अद्वितीय पैमाने और महत्व पर प्रकाश डाला तथा हड़प्पा सभ्यता से लेकर अब तक भारत की समुद्री विरासत का उल्लेख करने वाली कलाकृतियों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. मिश्र ने छह दीर्घाओं सहित चरण एआई निर्माण का भी निरीक्षण किया और अगस्त 2025 तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्र के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी श्री तरुण कपूर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और प्रधानमंत्री कार्यालय के उप सचिव श्री मंगेश घिल्डियाल भी उपस्थित थे।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले में रेलवे ट्रैक के किनारे युवक की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मृतक की पत्नी कुलफसा ही उसकी कातिल निकली। उसने अपने प्रेमी और पति के चचेरे भाई मोहम्मद खालिद के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया। जीआरपी ने 72 घंटे में हत्याकांड को सुलझाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 13 जून को रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बड़ौदा गांव निवासी 26 वर्षीय साजिद के रूप में हुई। घटनास्थल पर चाकू और डंडा भी बरामद हुआ था। घटना रेलवे क्षेत्र में होने के कारण मामला जीआरपी के अधीन आया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसे अस्पताल भिजवाया। शव को जींद से खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या की गुत्थी तब सुलझी जब घटनास्थल के आसपास की मोबाइल लोकेशन जांची गई। घटनास्थल पर कुलफसा और मोहम्मद खालिद दोनों के मोबाइल की लोकेशन एक ही मिली।

## आज का राशिफल

**मेष :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है।

**सिंह :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन :** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**विमान हादसा** सिविल अस्पताल के एडिशनल सिविल सुपरिडेंट रजनीश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी

# अब तक 87 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान हुआ

- 47 लोगों के शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है

**एजेंसी**

**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद सिविल अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों की पहचान के लिए लाइनें लगी हैं। पिछले दो दिन से अस्पताल ने शवों की पहचान करने की प्रक्रिया भी तेज की है। अब तक 90 के करीब लोगों की पहचान डीएनए सैंपल के मिलान से की जा चुकी है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के एडिशनल सिविल सुपरिडेंट रजनीश पटेल ने खुद इसकी जानकारी दी।

विमान हादसे के बाद शवों की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित होने के कारण पहचान में मुश्किलें आ रही थीं, जिससे डीएनए टेस्ट की जरूरत पड़ी। डॉक्टर रजनीश पटेल ने सोमवार को बताया कि अस्पताल में आए शवों में से 92 शवों के डीएनए सैंपल मैच हो चुके हैं। इनमें कुछ समान थे, जिन्हें हटाया गया और 87 डीएनए फाइनल किए गए। बता दें कि इनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जिनकी पुष्टि रविवार को डीएनए सैंपल के जरिए की गई।

डॉक्टर ने बताया कि अब तक 47 लोगों के शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। अभी भी 13 परिवार ऐसे हैं जो अपने प्रियजनों के अंतिम दर्शन और उनके शवों की सुपुर्दगी का इंतजार कर रहे हैं। डॉक्टर रजनीश पटेल के मुताबिक, अभी तक गुजरात के अहमदाबाद, खेड़ा, बोटाद, मेहसाणा, भरूच, अरावली, आणंद, जूनागढ़, महीसागर और गांधीनगर के परिवारों को उनके सदस्यों की डेड बॉडी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों के कंफर्मेशन की प्रक्रिया में 12 परिवारों के लोग हैं। अपने परिजन के शव के बारे में जानकारी लेने वाले 11 लोग यहां मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रशासन लगातार पीड़ित परिवारों से संपर्क में है।




### जांच में शामिल हुए ग्लोबल एक्सपर्ट्स

**अहमदाबाद।** भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की अहमदाबाद विमान हादसे की जांच करने में मदद के लिए उच्च स्तरीय इंटरनेशनल एविएशन इन्वेस्टिगेटर्स और बोइंग के प्रतिनिधि अहमदाबाद पहुंच गए हैं। अहमदाबाद विमान हादसे में क्रू समेत 241 लोगों की मृत्यु हो गई थी। कई सूत्रों के हवाले से बताया गया कि जांच प्रतिनिधिमंडल में यूएस नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड, फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) के अधिकारी शामिल हैं।

# इंग्लैंड दौरे से पहले बोले शुभमन- विराट भाई से मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल

## फिटनेस को देखते हुए बुमराह के खेलने पर फैसला लेंगे



**नई दिल्ली । एजेंसी**

टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वे इंग्लैंड सीरीज के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को दिए इंटरव्यू में बताया कि विराट भाई की टेस्ट कप्तानी ने बहुत सिखाया। जस्सी भाई की फिटनेस को देखते हुए फैसला लेंगे कि उन्हें कौन से मुकाबलों में रेस्ट देना है।

दिनेश कार्तिक ने इंग्लैंड के स्काई स्पोर्ट्स चैनल के लिए शुभमन गिल का इंटरव्यू लिया। जानते हैं कार्तिक के सवालों पर शुभमन ने क्या जवाब दिए... कार्तिक- भारतीय टेस्ट टीम के लिए आपका विजन क्या है? शुभमन- ट्रॉफी जीतने के अलावा मैं टीम इंडिया में एक कल्चर बनाना चाहूंगा, जहां सभी खिलाड़ी खुश रहें। सभी टीम में अपनी जगह को लेकर सिक्योर रहें, मैं जानता हूं कि स्क्वॉड में कम प्लेयर्स की जगह रहती है, लेकिन मैं फिर भी प्लेयर्स को ये संदेश देने में कामयाब रहा कि उनकी जगह टीम में कहां है तो मेरे लिए यह अच्छा अचीवमेंट होगा।

कार्तिक- जब आपको टेस्ट कप्तान बनाया गया, तब फैमिली में क्या माहौल था? शुभमन- घरवालों ने कभी नहीं सोचा था कि मैं टेस्ट टीम का कप्तान बनूंगा। मैंने खुद भी बचपन में सिर्फ टीम इंडिया के लिए टेस्ट खेलने का सपना ही देखा। मैंने हमेशा से अपनी परफॉर्मेंस से टीम को जिताने के बारे में ही सोचा था। कप्तान बनने के बाद पापा ने मुझे कॉल किया, हमारी लंबी बातचीत हुई, वे इस फैसले से काफी खुश थे। कार्तिक- कप्तान के रूप में आपकी खुद से क्या उम्मीदें हैं? शुभमन- गौतम भाई और अजीत सर ने बस यही बताया कि मुझे कप्तान के रूप में खुद को एक्सप्रेस करने पर ही फोकस करना है। सिलेक्शन कमेटी ने ज्यादा दबाव नहीं डाला, लेकिन कप्तान बनने के बाद मेरी खुद से जरूर कुछ उम्मीदें हैं, जिन्हें मैं टीम इंडिया के साथ पूरी करना चाहता हूं।

कार्तिक- आईपीएल में कोच नेहरा के साथ खेले, अब कोच गंभीर के साथ खेलेंगे। दोनों की कोचिंग में कितना अंतर है? शुभमन- आशु पा (आशीष नेहरा) के साथ खेलने के अहसास बहुत मजेदार है। दूसरी ओर गौतम भाई अपने फैसलों को लेकर बहुत क्लियर रहते हैं। वे खिलाड़ियों को पहले ही बता देते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जा रही है। गौतम भाई खिलाड़ियों के माइंडसेट पर ज्यादा फोकस करते हैं।

### भारतीय टेस्ट टीम के लिए विज़न

- शुभमन का कहना है कि सिर्फ ट्रॉफी जीतना ही मकसद नहीं है।
- वे टीम में ऐसा कल्चर बनाना चाहते हैं जहां सभी खिलाड़ी खुश और आत्मविश्वासी महसूस करें।
- उनका लक्ष्य है कि हर खिलाड़ी टीम में अपनी भूमिका को लेकर आश्वस्त महसूस करे।
- कम स्क्वॉड साइज के बावजूद, अगर वे प्लेयर्स को यह समझा सकें कि उनकी जगह टीम में कहां है, तो यह उनके लिए एक उपलब्धि होगी।

## जिसे समझा अपना 'आइडल' उसी के साथ इंग्लैंड दौरे पर खेलेंगे साईं सुदर्शन



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से लीड्स में टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। इसी बीच शानदार फॉर्म से चल रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साईं सुदर्शन ने खुलासा किया है कि तमिलनाडु टीम के साथी खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर उनके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। ऐसा पहली बार है, जब वॉशिंगटन सुंदर और साईं सुदर्शन इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं। सुदर्शन ने 'बीसीसीआईडॉटटीवी' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "जब मैं युवा था, तब से ही वाशिंगटन मेरे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैंने उनके खिलाफ कुछ मैच खेले हैं, इसलिए यह हमेशा खास होता है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे बहुत प्रेरणा ली है। जिस तरह से वह आगे बढ़े और देश के लिए खेले, वह वाकई बहुत शानदार था।" उल्लेखनीय है कि आईपीएल में कुछ साल अच्छा खेलने के बाद वाशिंगटन सुंदर को भारत की सीनियर टीम में खेलने का मौका मिला था। साईं सुदर्शन ने आगे बताया, "जब मैं छोटा था, तब से उन्हें जानता हूं। उनके साथ खेलता हूं। यह एक तरह की प्रेरणा है। इससे मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह बचपन से ही मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं। आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेल चुके हैं।

## एमएलसी 2025 : सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लगाई जीत की 'हैट्रिक'



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के छठे मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने कैलिफोर्निया में खेले गए मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को तीन विकेट से मात दी। यह इस सीजन में सैन फ्रांसिस्को की लगातार तीसरी जीत है। टीम प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर मजबूती से खड़ी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। टीम 10 रन पर अग्नि चोपड़ा (8) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने मोनांक पटेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की, जिसने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। मोनांक ने 20 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 38 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 63 रन की पारी खेली। क्विंटन डी कॉक इस पारी में अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उनके अलावा कीरोन पोलार्ड ने 16 गेंदों में 30 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर एमआई को विशाल स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। विपक्षी टीम की ओर से हसन खान, हारिस रऊफ और कार्मी ले रॉक्स ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

### विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का शेड्यूल जारी

## भारत-पाकिस्तान मैच 5 अक्टूबर को कोलंबो में, टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू

**नई दिल्ली । एजेंसी**



विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का हाई-प्रोफाइल मैच 5 अक्टूबर को न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत 12 साल के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है, जिसका आगाज 30 सितंबर 2025 को होगा। भारत 2013 के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है। टूर्नामेंट में खेले जाएंगे 28 लीग मैच इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा। भारत अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा भारत अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। जबकि बांग्लादेश के खिलाफ मैच 26 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

## अपना आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे एंजेलो मैथ्यूज, साथी खिलाड़ी ने लिखा 'इमोशनल पोस्ट'



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** श्रीलंकाई विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश चांडीमल ने पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज के लिए इमोशनल मैसेज लिखा है। मैथ्यूज गाले में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के लिए अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे। पिछले महीने मैथ्यूज ने घोषणा की थी कि वह गाले में बांग्लादेश के विरुद्ध पहले मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज इस समय 38 साल के हैं। मैथ्यूज 15 से अधिक वर्षों से श्रीलंकाई क्रिकेट के अहम सदस्य रहे हैं। उन्होंने एक ऑलराउंडर और एक लीडर, दोनों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। दिनेश चांडीमल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, "इसमें कोई शक नहीं है कि 'एंजी', आप श्रीलंकाई क्रिकेट के अब तक के सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से एक हैं।

## 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज

### एंजेलो मैथ्यूज के लिए बेहद खास होगा पहला मैच

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 17 जून से शुरू होने जा रही है। पहला मैच गाले और दूसरा कोलंबो में खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के अलावा श्रीलंका दौरे पर बांग्लादेश की टीम तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच क्रिकेट इतिहास में अब तक 26 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें 20 श्रीलंका ने अपने नाम किए। बांग्लादेश की टीम श्रीलंका के खिलाफ महज एक ही टेस्ट जीत सकी है।

वहीं, पांच मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट सितंबर 2001 में खेला गया था। बांग्लादेश ने जो इकलौता टेस्ट इस देश के खिलाफ जीता, वह मार्च 2017 में खेला गया था। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम अपने नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने जा रही है। बांग्लादेश के खिलाफ चुनी गई टीम में कई नए खिलाड़ियों को श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है। इनमें पवन रत्नायके, इसिथा विजेसुंदरा और पसिंदु सूरियाबंडारा नए चेहरे हैं। इस टीम में सोनल दिनुषा और लाहिरु उदारा अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं, जबकि स्क्वॉड में चुने गए चोटिल तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

बांग्लादेश की कमान नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में है। मेहदी हसन मिराज, लिटन दास, इबादत हुसैन और शादमान इस्लाम से फैंस को खासा उम्मीदें होंगी। बांग्लादेश और श्रीलंका की टीमें पहला टेस्ट गाले में 17-21 जून के बीच खेलेंगी। दूसरा मुकाबला कोलंबो में 25-29 जून के बीच खेला जाना है।

सीरीज का पहला टेस्ट मैच एंजेलो मैथ्यूज के लिए बेहद खास होगा। मैथ्यूज पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि बांग्लादेश के खिलाफ इस सीरीज का शुरुआती टेस्ट मुकाबला, उनके करियर का अंतिम टेस्ट होगा।

## मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखना चाहते हैं जस्टिन लैंगर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर ने टीम को सलाह दी है कि वह मार्नस लाबुशेन को टॉप ऑर्डर में बनाए रखें। इसके साथ ही उन्होंने इस खिलाड़ी को टीम के लिए महत्वपूर्ण कड़ी बताया है। लैंगर ने पर्थ में 'स्टेट ऑफ ओरिजिन रग्बी लीग सीरीज' की तैयारियों के दौरान पत्रकारों से कहा, "मार्नस 50 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। उनका औसत (46.19) अभी भी अच्छा है। सभी खिलाड़ी ऐसे दौर से गुजरते हैं। अगर आप रन नहीं बना रहे, तो सुर्खियों में रहेंगे। अगर मार्नस अच्छा नहीं खेल रहे, तो एक बड़ा अंतर आ जाता है, क्योंकि ट्रेविस हेड निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं। इसलिए वह टीम के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

उन्होंने आगे कहा, "अगर मैं ऑस्ट्रेलियाई मैनेजमेंट में होता, तो अपना पूरा फोकस मार्नस को बेहतर प्रदर्शन करने पर करता। मुझे यकीन है कि वह ऐसा कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार का सामना पड़ा था, जिसके बाद लाबुशेन को आगामी सीरीज में मौका मिलना मुश्किल नजर आ रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मैच में लाबुशेन को ओपनिंग के लिए भेजा गया था, लेकिन वह 17 और 22 रन की पारी ही खेल सके। इसी के साथ उन्होंने दो साल के डब्ल्यूटीसी चक्र को 27.82 के साधारण औसत के साथ समाप्त किया।

हालांकि, डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने जोर देकर कहा कि लाबुशेन अभी भी भविष्य के लिए उनकी योजनाओं में हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## प्रधानमंत्री के समर्थन पर आशीष चौहान ने जताया आभार, बताया निर्णायक पहल



**मुंबई (आईएएनएस)**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने सोमवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एनएसई और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच समझौते की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। साइप्रस में बिजनेस राउंडटेबल मीटिंग में पीएम मोदी ने गिफ्ट सिटी को एक उभरते ग्लोबल फाइनेंशियल हब के रूप में रेखांकित किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में चौहान ने लिखा, "साइप्रस में बिजनेस कम्युनिटी के साथ बातचीत करने और गिफ्ट सिटी में साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज-एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज के बीच समझौते की सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। पीएम मोदी ने गिफ्ट सिटी में एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (एनएसई आईएक्स) और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच सहयोग का स्वागत किया और पर्यटन सहयोग को प्रोत्साहित किया।

### मोदी : भारत जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, नीति स्पष्ट

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "पिछले एक दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और निकट भविष्य में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और देश के पास एक स्पष्ट नीति है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और भविष्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर देश के फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने नए मैन्युफैक्चरिंग मिशन, समुद्री और बंदरगाह विकास, जहाज निर्माण और तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन सहित केंद्रित क्षेत्रों के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) और यूरोबैंक साइप्रस ने दोनों देशों के बीच सीमा पार भुगतान के लिए यूपीआई शुरू करने पर सहमति बनाई है।

## प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए हुई रवाना : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हो रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'चेरी किसानों' के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है और अब उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने पोस्ट किया, "बहुत खुशी की बात है। जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई है।

## सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर बंद, निवेशकों ने इजरायल-ईरान संघर्ष को किया दरकिनार

**मुंबई (आईएएनएस)**



इजरायल-ईरान संघर्ष को दरकिनार करते हुए भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुए। दिन के अंत में सेंसेक्स 677.55 अंक या 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,796.15 और निफ्टी 227.90 अंक या 0.92 प्रतिशत बढ़कर 24,946.50 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 541.05 अंक या 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,768.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 174.40 अंक या 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,549.20 पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर ने बाजार को लीड किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.57 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। मेटल, रियल्टी, इन्फ्रा, कमोडिटीज, पीएसई और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है।

## अरुण श्रीनिवास को भारत में मेटा का प्रबंध निदेशक व प्रमुख नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** मेटा ने अरुण श्रीनिवास को अपने भारतीय ऑपरेशंस के लिए प्रबंध निदेशक और प्रमुख नियुक्त किया है। अरुण श्रीनिवास, मेटा में संध्या देवनाथन की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में कंपनी ने भारत और साउथ ईस्ट एशिया का प्रमुख बनाया है। टेक्नोलॉजी दिग्गज ने बयान में कहा, "हम अरुण श्रीनिवास को भारत में मेटा के प्रबंध निदेशक और प्रमुख के रूप में नियुक्त कर रहे हैं।

## टेक टिप्स : फोन भीगने पर न करें ये गलतियां, वरना हो सकता है बड़ा नुकसान

### जानिए क्या करें और क्या नहीं



बारिश में फोन भीगने के बाद अधिकतर लोग सबसे पहले यह चेक करना चाहते हैं कि डिवाइस चालू हो रहा है या नहीं। लेकिन यह जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। अगर फोन के अंदर पानी मौजूद है और आप उसे ऑन करते हैं, तो इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मानसून का मौसम जहां सुकून और ताजगी लाता है, वहीं आपके स्मार्टफोन के लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है।

1. **फोन को तुरंत ऑन न करें :** यह सबसे पहली और सबसे बड़ी गलती है : बारिश में फोन भीगने के बाद अधिकतर लोग सबसे पहले यह चेक करना चाहते हैं कि डिवाइस चालू हो रहा है या नहीं। लेकिन यह जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। अगर फोन के अंदर पानी मौजूद है और आप उसे ऑन करते हैं, तो इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है। ऐसा करने से फोन की मदरबोर्ड, प्रोसेसर या अन्य सेंसिटिव पार्ट्स पर स्थायी नुकसान हो सकता है।
   - **क्या करें:** फोन को तुरंत बंद कर दें (अगर ऑन हो) और बैटरी निकाल सकें तो निकाल लें। किसी साफ कपड़े से फोन को पोंछकर सुखाने के लिए कुछ घंटे या एक दिन के लिए अलग रख दें।
2. **चार्जिंग पर लगाना हो सकता है खतरनाक :** कुछ लोग फोन के भीगने के तुरंत बाद उसे चार्जिंग पर लगा देते हैं यह सोचकर कि वह जल्दी चालू हो जाएगा। लेकिन यह सबसे खतरनाक कदम हो सकता है। चार्जिंग के समय अगर फोन में नमी मौजूद हो, तो चार्जर और फोन के बीच शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे न केवल आपका फोन बल्कि चार्जिंग उपकरण भी खराब हो सकता है।
   - **क्या करें:** फोन को सुखाए बिना उसे चार्ज पर कतई न लगाएं। कम से कम 24 घंटे सूखने दें और पूरी तरह नमी निकलने के बाद ही चार्ज करें।
3. **हेयर ड्रायर या हीटर का इस्तेमाल – फायदेमंद नहीं,** नुकसानदेह जरूर है : फोन को सुखाने के लिए कुछ लोग हेयर ड्रायर या हीटर का सहारा लेते हैं, लेकिन यह तरीका खतरनाक साबित हो सकता है। तेज गर्मी से फोन के अंदरूनी सर्किट, बैटरी और स्क्रीन को नुकसान पहुंच सकता है। खासकर ओएलईडी या एमोलेड स्क्रीन वाले फोन में पिक्सल डैमेज या बर्न-इन की समस्या आ सकती है।
   - **क्या करें:** फोन को सामान्य हवा में, फैन के नीचे या सिलिका जेल के साथ बंद डिब्बे में रखकर सूखने दें। यह धीरे-धीरे लेकिन सुरक्षित तरीका है।
4. **फोन को झटकना – नुकसान और बढ़ा सकता है :** बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर फोन को झटका देंगे, तो अंदर का पानी बाहर आ जाएगा। लेकिन असल में यह तरीका उल्टा असर करता है। झटका देने से पानी उन हिस्सों में पहुंच सकता है जहां अभी तक वह नहीं गया था – जैसे कि स्पीकर, माइक्रोफोन या चार्जिंग पोर्ट।
   - **क्या करें:** फोन को एक ही पोजीशन में रखें, ताकि गुरुत्वाकर्षण की मदद से पानी एक जगह इकट्ठा हो सके और बाहर निकलने की संभावना बने।
5. **फोन को चावल में डालना –** यह ट्रिक अब आउटडेटेड है: पुराने समय में चावल को नमी सोखने वाला उपाय माना जाता था और आज भी कई लोग यह तरीका अपनाते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि चावल से पूरी तरह नमी नहीं निकलती और उल्टा चावल के कण चार्जिंग पोर्ट या हेडफोन जैक में फंस सकते हैं, जिससे अतिरिक्त नुकसान हो सकता है।
   - **क्या करें:** सिलिका जेल पैक, जो नए जूतों या बैग्स में आते हैं, उन्हें फोन के साथ एयरटाइट डिब्बे में रखें। यह चावल से बेहतर और सुरक्षित तरीका है।

### सावधानी ही सुरक्षा है

मानसून के मौसम में स्मार्टफोन की सुरक्षा के लिए वॉटरप्रूफ पाउच का इस्तेमाल करें या ऐसे स्मार्टफोन लें जो आईपी67 या आईपी68 रेटिंग के साथ आते हों। अगर फोन पानी में भीग जाए, तो जल्दीबाजी में कोई कदम न उठाएं। धैर्य और सही जानकारी से आप अपने फोन को गंभीर नुकसान से बचा सकते हैं।

## लातेहार बार एसोसिएशन चुनाव की घोषणा, मतदान 5 जुलाई को

**लातेहार।** लातेहार जिला बार एसोसिएशन चुनाव (सत्र 2025-27) के लिए सोमवार को आधिकारिक घोषणा की गई। इस संबंध में स्टेट बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि परमेश्वर मंडल एवं मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव ने बतौर ऑब्जर्वर लातेहार पहुंचकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि चुनाव 5 जुलाई को होगा, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, लाइब्रेरियन, प्रशासनिक सचिव और पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। चुनाव समिति में अधिवक्ता अनिल ठाकुर, संतोष रंजन और गणेश प्रसाद शामिल हैं।

# डीसी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रचार रथ को दिखायी हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु उपायुक्त ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के दूरस्थ और आदिवासी बहुल गांवों में सरकारी योजनाओं, अधिकारों और विकासात्मक कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई




जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य चयनित जनजातीय गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है, जिससे जनजातीय समुदायों का समग्र और टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो सके। रथ के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन खाता, बीमा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, महिला-बाल कल्याण योजनाएं (पीएमएमवीवाई, आईसीडीएस, टीकाकरण) जैसी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अवर निबंधक विपिन साहू, आईटीडीए कार्यालय के सहायक लव कुमार व सत्यदेव कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हंटरगंज में दो नवचयनित अग्निवीरों को सांसद ने किया सम्मानित

**चतरा/हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के कौलेश्वरी स्टेडियम में सोमवार को जीरो टू सक्सेस स्पोर्ट्स एंड डिफेंस एकेडमी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरुआत की। सांसद ने अग्निवीर चयनित युवाओं—आकाश और शुभम—को माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## सिमरिया के विभिन्न पंचायतों में 25 जून तक चलेगा आयुष्मान शिविर

- **एसडीओ-बीडीओ ने शिविरों का किया निरीक्षण, 61 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के जिरवाखुर्द और जबड़ा पंचायत भवन में सोमवार को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। उन्होंने कर्मियों को समयबद्ध रूप से कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। जिले के निर्देशानुसार 25 जून तक प्रखंड की सभी 17 पंचायतों में आयुष्मान और राशन कार्ड से संबंधित शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत एनीमिया जागरूकता के लिए स्किल सेल भी जोड़ा गया है। सोमवार को जिरवाखुर्द और जबड़ा पंचायत में कुल 61 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। तिथि-वार पंचायतों में शिविर का आयोजन 16 से 25 जून तक निर्धारित है, जिसमें प्रत्येक पंचायत भवन में कार्ड निर्माण और सुधार की प्रक्रिया चलाई जाएगी।

## अर्धनग्न होकर किसानों ने जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे दिन जताया विरोध



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा प्रखंड के चटुआग डैम परिसर में सोमवार को जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन का दूसरा दिन भी तीव्र स्वरूप में जारी रहा। आंदोलन कर रहे किसानों ने अर्धनग्न होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के पोस्टरों के साथ डैम में उतरकर शांतिपूर्ण लेकिन तीव्र विरोध दर्ज कराया। किसानों की मांग है कि टोरी-चंदवा में प्रस्तावित आरओबी (फ्लाई ओवरब्रिज) और पश्चिम दिशा में अधूरा पड़ा फुट ओवरब्रिज जल्द से जल्द बनाया जाए। आंदोलन का नेतृत्व पंचायत समिति सदस्य अयूब खान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 3 अप्रैल 2021 को मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री द्वारा टोरी चंदवा आरओबी का शिलान्यास किया गया था। तब दो वर्षों में कार्य पूर्ण करने की घोषणा हुई थी, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है। अब तक छह-सात बार टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है।

**जाम से परेशान लाखों लोग :** किसानों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना घंटों का जाम लगता है, जिससे गढ़वा, रांची, गुमला, मेदिनीनगर, चतरा, हजारीबाग, पटना और छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले लोग प्रभावित होते हैं। लाखों स्थानीय ग्रामीणों की परेशानी को सरकार और रेलवे विभाग नजरअंदाज कर रहे हैं।

**प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं :** आरओबी के निर्माण के लिए नया प्राक्कलन स्वीकृत किया जाए। अधिग्रहित भूमि और मकानों का पुनर्मूल्यांकन कर उचित मुआवजा दिया जाए। बंद पड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जाए। टोरी से बालूमाथ के बीच पैसेंजर ट्रेन शुरू की जाए।

**आंदोलन में शामिल प्रमुख किसानः** कामता मुखिया, नरेश भगत, गुज्जर भगत, मठु गंझु, रविशंकर गंझु, सजेबुल खान, जसमुद्दीन खान, कार्तिक गंझु, रसीद खान, मोफील खान, असरफुल खान, माईकल हांस, दीपेश टोपनो समेत दर्जनों अन्नदाता उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी टंडवा की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी द्वारा टंडवा स्थित नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन रविवार देर रात सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। अब परियोजना से कुल 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। कार्यपालक निदेशक एसके सुवार ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया और बताया कि इससे एनटीपीसी की कुल बिजली उत्पादन क्षमता अब 81,368 मेगावाट हो गई है। यह यूनिट झारखंड, बिहार, ओडिशा, बंगाल व सिक्किम को सस्ती दर पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति में सहायक होगी।

## शिक्षिका संध्या कुमारी को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**बालूमाथ।** राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बालूमाथ की सहायक शिक्षिका संध्या कुमारी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024–25 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान देशभर के नवाचारी शिक्षकों के चयन के बाद प्रदान किया गया। शिक्षिका ने बताया कि यह पुरस्कार "नवाचारी गतिविधियां समूह भारत" द्वारा प्रदान किया गया, जो एक स्वप्रेरित शिक्षक समूह है। इस प्रक्रिया में देश भर के 700 से अधिक शिक्षकों ने आवेदन दिया था।

## वज्रपात की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालिका की मौत

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के पोकला गांव में वज्रपात की चपेट में आकर आठ वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान सुरेंद्र भुईयां की पुत्री के रूप में हुई है। बताया गया कि बच्ची तेज आंधी के बीच आम चुनने गई थी, इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने शोक संवेदना प्रकट की है तथा पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति जताई है।

## वज्रपात की चपेट में आकर पशुपालक व सात बकरियों की मौत

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडारकोम गांव में रविवार की शाम आंधी-बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक बुजुर्ग पशुपालक जगदीश यादव (65 वर्ष) एवं सात बकरियों की मौत हो गई। मृतक हर दिन की तरह बकरियों को चराने जंगल गया था। शाम में मौसम बिगड़ते ही वह बकरियों के साथ एक पेड़ के नीचे छुप गया, तभी वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई और बकरियां भी झुलस कर मर गईं। घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। घटना से पूरे गांव में मातम है और परिजन शोकाकुल हैं।

## एनटीपीसी टंडवा की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी द्वारा टंडवा स्थित नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना की तीसरी यूनिट से बिजली उत्पादन रविवार देर रात सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। अब परियोजना से कुल 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। कार्यपालक निदेशक एसके सुवार ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया और बताया कि इससे एनटीपीसी की कुल बिजली उत्पादन क्षमता अब 81,368 मेगावाट हो गई है।

## विद्यालय स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम किशोरावस्था के लिए प्रेरणादायी: अमृता सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेदिनीनगर में सोमवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत बैच संख्या 33, 34 और 35 के लिए आरोग्य दूतों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या अमृता सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह, संकाय सदस्य मो. हसन राजा एवं जितेंद्र कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तथा आयुष्मान भारत का संयुक्त उपक्रम है। जहां देशभर में 11 मॉड्यूल संचालित किए जा रहे हैं, वहीं झारखंड की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें 5 अतिरिक्त मॉड्यूल भी जोड़े गए हैं। अपने उद्बोधन में प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम किशोरावस्था के विद्यार्थियों के समग्र विकास और स्वास्थ्य चेतना को सशक्त करने के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने इसे भविष्य निर्माण के लिए एक प्रेरक पहल बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में आरोग्य दूतों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और मानसिक जागरूकता जैसे विषयों से परिचित कराना बेहद जरूरी है। इस प्रशिक्षण में पांकी और पिपरा प्रखंड के कक्षा 6 से 12 तक शिक्षण कराने वाले विद्यालयों से चयनित 105 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में नामित किया गया है। इन शिक्षकों को जेसीआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः गैर-आवासीय है और पांच दिनों तक डायट परिसर में चलेगा। प्रशिक्षण उपरांत शिक्षक अपने विद्यालयों में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे।

# एनएच 75 समेत सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, डीसी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिले में चल रही एनएच-75 फोरलेन, आरओआर, आरओबी और राज्य सरकार की सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई की विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण, एलपीसी निर्गमन और मुआवजा भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, वहां लाभुकों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भुगतान में आ रही अड़चनों को शीघ्र दूर कर अवार्डियों को लाभ पहुंचाया जाए। विश्रामपुर अंचल में 367 अवार्डी के विरुद्ध अब तक 318 एलपीसी निर्गत किए जा चुके हैं, जबकि पड़वा के पांच गांवों में 309 में से 279 एलपीसी निर्गत किए गए हैं। बैठक में नवाबाजार के अंचलाधिकारी के बिना दस्तावेजों के पहुंचने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि भविष्य में सभी सीओ दस्तावेजों के साथ बैठक में उपस्थित हों। उपायुक्त ने कहा कि जिला भू-अर्जन कार्यालय के साथ बेहतर समन्वय से कार्य में गति लाई जा सकती है। अंचल स्तर से कार्य प्रभावित होने पर निर्माण परियोजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा सहित सभी संबंधित अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## आयुष विभाग का निःशुल्क शिविर शुरू, हड्डी व जोड़ों के रोगियों को मिल रहा लाभ

**मेदिनीनगर।** जिले में आयुष विभाग की ओर से ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल विकारों से ग्रसित मरीजों तथा वायोमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों के लिए निःशुल्क इलाज हेतु शिविरों की शुरुआत की गई है। यह शिविर 16 जून से 24 जून 2025 तक चरणबद्ध रूप से जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, सदर मेदिनीनगर, नीलांबर-पीतांबरपुर, पांकी और मनातू प्रखंड कार्यालयों में दो दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ, जो 17 जून तक चलेगा। शिविर में मरीजों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों – आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी – के माध्यम से हड्डी, मांसपेशियों, जोड़ों के दर्द, कब्ज, गैस आदि असाध्य रोगों का उपचार किया गया। दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं और योगाभ्यास के लिए जागरूक किया गया। शिविर में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सहिया, तथा योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राम नारायण कारक ने सतबरवा, सदर, और रामगढ़ में शिविर का निरीक्षण किया, वहीं कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मृत्युंजय कुमार मेहता ने पांकी, मनातू एवं नीलांबर-पीतांबरपुर का दौरा किया।

**डॉ. कारक ने बताया कि ये शिविर प्रत्येक प्रखंड में दो दिनों के लिए आयोजित किए जाएंगे। आगामी शिविरों की तिथि इस प्रकार है:** 18-19 जूनः पाटन, नवाबाजार, उंटारी रोड, विश्रामपुर, नौडीहा बाजार, पड़वा, तरहसी

**23-24 जूनः** हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, पांडु, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, छतरपुर

आयुष विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती प्रखंडों में जाकर शिविर का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

**जागरूकता** — शिविरों में बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवारों ने भाग लिया

# धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत दी जा रही योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर जिले में चल रहे धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत सोमवार को पलामू जिले के सतबरवा, पाटन, नौडीहा बाजार और छतरपुर प्रखंडों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में आदिम जनजाति परिवारों ने भाग लिया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

सतबरवा प्रखंड के लेदवाखांड़ (पोंची पंचायत) में आयोजित शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन,



मुखिया गिरवर प्रसाद राम, पंचायत सचिव रमेश कुमार मेहता, राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज, जेएसएलपीएस के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि मौजूद रहे।

पाटन प्रखंड के होमिया गांव (कसवाखांड़) में शिविर का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार मिश्रा की देखरेख में हुआ। यहां आपूर्ति विभाग, आधार पंजीकरण टीम, पंचायत सचिव, मुखिया यशोदा देवी और समिति सदस्य सबिता देवी सहित अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं : उपायुक्त**

पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने कहा कि धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत प्रशासन का लक्ष्य है कि आदिम जनजाति परिवारों को सीधा लाभ दिया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

छतरपुर प्रखंड के कव्वल पंचायत में आयोजित शिविर में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीव कुमार, मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मी, सामाजिक सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नौडीहा बाजार के करकट्टा पंचायत में भी शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविरों में मुख्य रूप से आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे राशन, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, आधार पंजीकरण आदि की जानकारी दी गई। मौके पर संबंधित विभागों द्वारा कई लाभुकों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

## पेज एक के शेष

### इजराइल ने तेहरान...

ईरानी हमले में मरने वालों की संख्या 17 हुई : इजराइल की आपातकालीन सेवा 'मैगन डेविड एडोम' सेवा ने बताया कि मध्य इजराइल में चार जगहों पर मिसाइल हमलों में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इसके साथ ही इजराइल में मरने वालों की संख्या कम से कम 17 हो गई है। 'मैगन डेविड एडोम' ने बताया कि बचाए गए 74 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से 30 वर्षीय एक महिला की हालत गंभीर है। बचावकर्मी मिसाइल हमलों में तबाह हुए घरों के मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इजराइल के हमले में ईरान में 224 से अधिक लोगों की मौत : इजराइल ने ईरान पर जोरदार मिसाइल हमला किया है। अब तक ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 224 हो गई है। ईरान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 1,277 लोग घायल हैं, हालांकि उसने यह नहीं बताया कि इसमें आम नागरिक कितने हैं और सैन्य अधिकारी कितने हैं।

### सेना का फर्जी...

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना अपराध को स्वीकार किया गया है। पुछताछ के क्रम में पता चला कि सर्वेश कुमार सिंह के द्वारा नामकुम मिलिट्री स्टेशन के पदाधिकारियों का कार्यालयी मुहर बनवाए जाते थे साथ ही यह काम उनके द्वारा विगत चार वर्षों से किया जा रहा था। रांची पुलिस द्वारा इस घटना में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की बिंदु पर भी छानबीन की जा रही है।

### हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों...

जबकि उनका कार्यकाल 14 फरवरी 2025 तक था। मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार की ओर से भेजे जाने वाले आईपीएस अधिकारियों के पैनल से यूपीएससी तीन बेहतर छवि और कार्यकाल वाले नामों का चयन करता है और इसके बाद राज्य की सरकार इनमें से किसी एक को कम से कम दो वर्ष के लिए डीजीपी पद पर नियुक्त करती है। इसी नियम के तहत राज्य सरकार ने 14 फरवरी 2023 को अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया था, लेकिन उन्हें बिना किसी आरोप के कार्यकाल पूरा होने के पहले ही पद से हटा दिया गया। याचिका में प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश को दरकिनार करने और कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए जो चयन समिति बनाई है, उसमें एक संघ लोक सेवा आयोग और एक झारखंड लोक सेवा आयोग का नामित सदस्य रखना अनिवार्य है, लेकिन सरकार ने अपने ही इस नियम का अनुपालन नहीं किया। जिस चयन समिति ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुराग गुप्ता के नाम की अनुशंसा की, उसकी बैठक में यूपीएससी और जेपीएससी का कोई सदस्य नहीं था।

### दो चरणों में...

यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी। इसमें आगे कहा गया है, "उक्त जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के लिए और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के लिए संदर्भ तारीख अक्तूबर, 2026 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। यह पहली बार है, जब जाति गणना को जनगणना में शामिल किया जा रहा है। हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र ने जाति आधारित गणना को मंजूरी दी थी, ताकि सरकार बेहतर नीतियां बना सके और इन्हें लक्ष्य-आधारित कर सके। हालांकि, जाति आधारित गणना की मंजूरी ने राजनीतिक विवाद भी पैदा किया। कांग्रेस ने दावा किया कि मोदी सरकार को सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के उनके विचार को शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं, भाजपा ने विपक्ष का मजाक उड़ाया और कहा कि विपक्ष पिछड़े वर्गों का चैंपियन होने का दावा करता है, लेकिन असल में एनडीए सरकार ही जमीनी स्तर पर बदलाव ला रही है।

### आतंकवाद के विरुद्ध...

उन्होंने कहा कि हम साइप्रस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमारी साझेदारी के मजबूत आधार हैं। भारत और साइप्रस की मित्रता न परिस्थितियों से बनी है और न ही सीमाओं से बंधी है। यह समय की कसौटी पर बार-बार परखी गई है और समय के हर दौर में हमने सहयोग, सम्मान और समर्थन की भावनाओं को जीवंत रखा है। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा हो रही है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का स्वर्णिम अवसर है। आज राष्ट्रपति और मैंने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। साइप्रस के 'विजन 2035' और 'विकसित भारत 2047' के कई पहलुओं में समानता है, इसलिए हम साथ मिलकर भविष्य को आकार देंगे। अपनी साझेदारी को सामरिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनाएंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय 'डिफेंस को-ऑपरेशन प्रोग्राम' के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जाएगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से डायलॉग शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग्स और आर्म्स की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसी के बीच रियल टाइम इंफॉर्मेशन एक्सचेंज का मैकेनिज्म तैयार किया जाएगा। साइप्रस में योग और आयुर्वेद के प्रसार को देखकर हम उत्साहित हैं। भारतीय टूरिस्टों के लिए भी साइप्रस एक पसंदीदा डेस्टिनेशन है। पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे कॉन्फ्लिक्ट को लेकर हम दोनों ने चिंता व्यक्त की है। इनका नकारात्मक प्रभाव सिर्फ उन क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। हम दोनों मानते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है, संवाद से समाधान और स्थिरता की बहाली, ये मानवता की पुकार है। भूमध्य सागर क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

### कनाडा की यात्रा...

पीएम मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16-17 जून को कनानास्किस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को विशेष गर्मजोशी दिखाते हुए साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनका स्वागत किया। मोदी दो दशकों से अधिक समय में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया।

### विनम्रता व कृतज्ञता...

उन्होंने कहा, ''ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III सम्मान के लिए मैं आपका (साइप्रस के राष्ट्रपति), साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का अभिनंदन करता हूं। ये सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, ये 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है। ये हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे और "वसुधैव कुटुंबकम" की विचारधारा का सम्मान है। मैं यह अवॉर्ड भारत और साइप्रस के महत्वपूर्ण संबंधों को,हमारे साझा मूल्यों को समर्पित करता हूं। सभी भारतीयों की तरफ से मैं ये सम्मान अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये सम्मान शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों की समृद्धि के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मैं इस सम्मान को भारत और साइप्रस के संबंधों के प्रति एक जिम्मेदारी समझता हूं और मैं उस भाव से इसे स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सक्रिय साझेदारी आने वाले समय में नई ऊंचाइयां छुएगी। हम मिलकर न केवल अपने देशों के विकास को मजबूत करेंगे, बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वैश्विक वातावरण के निर्माण के लिए मिलकर योगदान देंगे। पीएम मोदी ने साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''साइप्रस के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III' का सम्मान पाकर मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच मित्रता को समर्पित करता हूं। इससे पहले श्रीलंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा गया था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने उन्हें यह सम्मान दिया था।

### गुजरात के पूर्व...

डीएनए टेस्ट के बाद रूपाणी के शव को परिजनों को सौंपा गया था : रूपाणी का शव इतनी बुरी तरह जल चुका था कि उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी, इसलिए रविवार को शव की पहचान उनके रिश्तेदारों के डीएनए नमूनों से मिलान के बाद की गई। शहर के सिविल अस्पताल में सोमवार को जब रूपाणी का शव उनके परिजनों को सौंपा गया तो उस समय उनकी पत्नी अंजलि रूपाणी और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। 2016 से 2021 तक रूपाणी गुजरात के मुख्यमंत्री रहे : अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे 68 वर्षीय रूपाणी ने कोविड-19 के बाद के महत्वपूर्ण दौर में राज्य का नेतृत्व किया था।

# ईरान ने अमेरिकी दूतावास पर ही दनादन दागी कई मिसाइलें

## डोनाल्ड ट्रंप अंजाम भुगतने की धमकी देते रह गए

**नई दिल्ली । एजेंसी**

अमेरिका की तमाम धमकियों के बाद भी ईरान पीछे हटने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक वो इजरायली हमले का पलटवार कर रहा है। तेल अवीव में ईरानी मिसाइल हमलों के कई वीडियो भी सामने आ रहे हैं। लेकिन बड़ी बात ये है कि अमेरिकी की चेतावनी के बाद भी ईरान के मिसाइल हमले में तेल अवीव स्थित अमेरिकी दूतावास को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुले तौर पर धमकी दी थी कि अगर ईरान ने अमेरिका पर किसी भी प्रकार का हमला किया तो अमेरिका का जवाब ऐसा होगा कि दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा। ट्रंप ने ये भी स्पष्ट किया था कि इजरायल के हालिया हमले में अमेरिका की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। लेकिन अगर अमेरिका को निशाना बनाया गया तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे।



### दूतावास पर हमला अमेरिकी राजनयिक मिशनों के लिए खतरा

अमेरिकी दूतावास के पास मिसाइल हमला क्षेत्र में अमेरिकी राजनयिक मिशनों के लिए पहला सीधा खतरा है, क्योंकि इजरायल और ईरान के बीच शत्रुता बढ़ गई है। ईरान ने सोमवार को तड़के इजरायल पर मिसाइल हमलों की एक नई लहर चलाई, जिससे पूरे देश में हवाई हमले के सायरन बजने लगे, जबकि आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि क्षेत्रीय दुश्मनों के बीच खुले युद्ध के चौथे दिन कम से कम पांच लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए, जिसमें कोई कमी नहीं दिख रही थी। ईरान ने घोषणा की कि उसने करीब 100 मिसाइलें दागी हैं और अपने सैन्य और परमाणु ढांचे पर इजरायल के व्यापक हमलों के लिए आगे भी जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है, जिसमें पिछले शुक्रवार से देश में कम से कम 224 लोग मारे गए हैं। ईरान ने सोमवार तड़के इजरायल पर मिसाइल हमलों की एक नई लहर चलाई।

### यूक्रेन युद्ध में 6,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिक हताहतः ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय

**सोल।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई में उत्तर कोरिया के 6,000 से अधिक सैनिकों के हताहत होने का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने रविवार को 'एक्स' पोस्ट पर यह आकलन साझा किया। मंत्रालय का यह आकलन अप्रैल की शुरुआत में रूस के पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में 5,000 से अधिक उत्तर कोरियाई सैनिकों के हताहत होने के अनुमान के दो महीने बाद आया है। मंत्रालय ने कहा, "कुल हताहतों की संख्या कुर्स्क क्षेत्र में शुरू में तैनात किए गए लगभग 11,000 डीपीआरके सैनिकों के आधे से ज्यादा है। डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है, जिसका मतलब है- डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया। मंत्रालय के अनुसार अब तक युद्ध में उत्तर कोरिया की कार्रवाई कुर्स्क क्षेत्र तक ही सीमित रही है।

### यूपी में शख्स ने लाश से रचाई शादी, पंडित ने पढ़ा विवाह का मंत्र


**महाराजगंज ।** यूपी के महाराजगंज जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने एक मृत युवती से शादी की है। यहां युवती के अंतिम संस्कार के लिए आए पंडित ने शादी का मंत्र पढ़ा और उसके बाद शव को अग्नि दी गई। पूरा मामला जिले के निचलौल इलाके का है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती के बीच कई सालों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। दोनों के परिवार वाले शादी के लिए राजी हो गए थे। इसी साल दोनों की शादी होने वाली थी। हालांकि युवती ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों के मुताबिक निचलौल के कृष्णा नगर वार्ड की रहने वाली प्रियंका मद्धेशिया (23) और हरेडीह निवासी सनी मद्धेशिया (29) कई सालों से एक-दूसरे से प्यार करते थे।

# कहो मोरारी! ई का कइला सूतक में बाबा के धइला

कथा 14 जून को शाम 4 बजे से शुरु हुआ, 22 जून को खत्म होगा

- **मोरारी बापू को जब पिता के स्वर्गवास की सूचना मिली तो उन्होंने श्राद्ध किया और सूतक का पालन भी : स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती**

**ब्यूरो**



**वाराणसी ।** गुजरात के प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू की पत्नी नर्मदाबेन का बीते बुधवार 11 जून 2025 को गुजरात के ही भावनगर जिले के तलगाजरडा गांव में निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं। और मोरारी बापू अपने इस सूतक काल में काशी में राम कथा कहने आये तो 14 जून को काशी विश्वनाथ का स्पर्श दर्शन किया । इसको लेकर काशी के विद्वानों ,धर्म- कर्मकांडियों , बुद्धिजीवियों ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। मोरारी बापू के सूतक में कथाववाचन व विश्वनाथ धाम में दर्शन मामले पर विशेश्वर शास्त्री द्राविड़ ने कहा कि धर्मसिंधु के अनुसार कोई भी हो सात पीढ़ी तक सूतक लगता ही है। वैष्णव, शैव व शाक्त से कोई मतलब नहीं होता है। निर्णय सिंधु व धर्मशास्त्र के अनुसार सभी के लिए सूतक के नियमों का पालन जरूरी है। मसान पर जाने मात्र से ही सूतक लग जाता है। काशी की वैष्णव पीठ गोपाल मंदिर के शास्त्री विश्वंभर पाठक ने बताया कि जनना और मरणा का शौच सभी को लगता है। अगर हम सनातन धर्म में है तो सूतक का पालन करना जरूरी है। चाहे वह संत हो, शैव हो या वैष्णव। सूतक के दौरान तो मंदिर में प्रवेश वर्जित होता है। 16 दिनों तक सूतक की विधियों का पालन करना जरूरी है। इस बारे में अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मोरारी बापू कथा के नाम पर कितना पाखंड फैलाएंगे। वह जिन भगवान राम की कथा सुना रहे हैं, जब उनको अपने पिता के स्वर्गवास की सूचना मिली तो उन्होंने श्राद्ध किया और सूतक का पालन भी। धर्मशास्त्रों के अनुसार राजा, योगी, यति और ब्रह्मचारी को सूतक नहीं लगता है। मोरारी बापू बताएं कि वह इन चारों में से किस श्रेणी में आते हैं? रामकथा के यजमान भी ऐसे कथावाचक से रामकथा कराकर काशी में अपने नाश को आमंत्रण दे रहे हैं। अपने मंच से अल्लाह हो अकबर की धुनी रमाने वाले सनातन धर्म पर ज्ञान न दें। वहीं, मोरारी बापू के बाबा विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने विरोध जताया।

काशी के हास्य कवि दमदार बनारस ने लिखा कि कहो मुरारी ! ई का कइला सूतक में बाबा के धइला...। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने लिखा कि 11 जून को पत्नी का निधन, 14 जून से काशी में मानस सिंदूर के रूप में रामकथा करेंगे। सूतक में रहने के बावजूद काशी विश्वनाथ का दर्शन। क्या ऐसे ही होते हैं सनातन धर्म के आचार्य? काशी विद्वत परिषद के संगठन मंत्री प्रो. विनय पांडेय ने कहा कि मोरारी बापू ने जो कृत्य किया है उसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है।

#### 2021 में सूतक में अर्चक ने कराई थी मंदिर में पूजा तो मिली सजा

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सूतक में पूजन कराने का मामला 2021 में भी हो चुका है। मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र ने विश्वनाथ धाम के लोकार्पण में 13 दिसंबर 2021 को पूजन करा दिया था। उनको एक साल के लिए चंदौली भेज दिया गया था। हम वैष्णव परंपरा से हैं हम वैष्णव साधु हैं। हम पर यह नियम लागू नहीं होता। हम न क्रिया करते हैं और ना उत्तर क्रिया करते हैं। भगवान का भजन करना और कथा करना इसमें सुकून है ना कि सूतक में। विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के जवाब में कहा कि हम तो देखो दर्शन करके आए हैं। - मोरारी बापू, कथावाचक इस तरह श्रीरामकथा वाचक संत मोरारी बापू 14 जून को काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए पहुंचे। उन्होंने विधिपूर्वक बाबा विश्वानाथ के दरबार में अर्जी लगाई और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया है। मोरारी बापू काशी में मानस सिंदूर सुनाने पहुंचे हैं। उन्होंने इस बार अपनी अपनी रामकथा का ये शीर्षक ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर रखा है।ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित प्रचार कड़ी में उन्होंने इसका नाम मानस सिंदूर दिया है और यह 14 जून को शाम 4 बजे से शुरू हुआ, 22 जून को ख़त्म होगा। मोरारी बापू अपनी 958वीं रामकथा काशी काशी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कर रहे हैं।

14 जून को बाबा विश्वनाथ के दर्शन के दौरान उन्होंने नव्य व भव्य काशी विश्वनाथ धाम को निहारते हुए कहा कि यह अद्भुत। यहां आकर वो आत्मविभोर हो गए और उनका चित आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम की प्रशंसा करते हुए कि यह सिर्फ कोई आध्यात्मिक स्थल नहीं बल्कि सनातन धर्म में आस्था का विराट स्वरूप है। मोरारी बापू ने कहा कि "यह मेरा सौभाग्य है कि काशी में कथा सुनाने के बहाने मुझे बाबा के साक्षात दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए जीवन की सबसे विशेष और पावन अनुभूतियों में से एक है।

### हरदोई में युवती ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर तानी रिवॉल्वर, मुकदमा दर्ज

**हरदोई ।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब सीएनजी को लेकर हुए विवाद में एक युवती ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर रिवॉल्वर तान दी। यह घटना बिलग्राम कस्बे से दो किलोमीटर दूर सांडी रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप की है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया।

## ये जो किराए के टट्टू हैं, छोड़िए उन्हें खालिस्तानियों पर बोलें हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली । एजेंसी**



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा से पहले उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों को किराए का टट्टू करार देते हुए कहा कि उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री से मोदी की यात्रा से पहले कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के वीडियो के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जवाब दिया, "उसे छोड़ो... एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिखाया गया है कि पड़ोसी देश (पाकिस्तान) से फंडिंग पाने वाले लोग फंड न मिलने पर उनके (पाकिस्तान) खिलाफ धरना दे रहे हैं... देखिए ये जो किराए के टैटू जो हैं ना, उन्हें गंभीरता से मत लीजिए। रविवार को कनाडा में खालिस्तानी बैनर लिए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने मोदी की कनानास्किस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की यात्रा के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन किया।

## मतदाता को पीड़ित और दूसरे लोगों को दोषी बताने की राजनीति हो रही : रघुराम

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन की एक नई पुस्तक आई है 'द कॉस्ट्स ऑफ विक्टिमोमिक्स'। उन्होंने इसमें लिखा है कि राजनेता कैसे मतदाताओं को पीड़ित बताकर बाहरी लोगों को दोषी ठहराकर और उनकी सफलता को सीमित करके वोट पाते हैं। जिससे देश का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। राजन ने अपनी किताब में भारतीय आरक्षण की राजनीति और डोनाल्ड ट्रंप की द्वारा विदेशी छात्रों पर किए जा रहे हमलों की आलोचना करते हुए भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि लोकलुभावनवाद हानिरहित नहीं है। यह वैश्विक प्रतिस्पर्धा को कमजोर कर रहा है। राजन के अनुसार, आजकल सबसे आसान राजनीतिक रणनीति है कि दुखी मतदाताओं को बताया जाए कि वे पीड़ित हैं।राजन का कहना है कि इस रणनीति में लोगों में नाराजगी पैदा की जाती है। उन्हें सुरक्षा का वादा किया जाता है। बदले में उनसे कुछ भी नहीं मांगा जाता है। लेकिन, मतदाताओं की इसकी कीमत चुकानी पड़ती है जो लंबी अवधि में और भी ज्यादा है। उन्होंने लिखा है कि भारत में स्थानीय राजनेता तेजी से बढ़ते शहरों में स्थानीय लोगों के लिए जॉब कोटा की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि बाहरी लोग ऊंची क्वालिटी वाले निजी क्षेत्र की भूमिकाएं ले रहे हैं। राजन का कहना है कि यह उनकी अधिक योग्यता को दर्शाता है।राजन चेतावनी देते हैं कि अवसर को सीमित करने से फर्म की उत्पादकता कम होती है। उन्होंने लिखा है, 'फर्म के ऊपरी स्तरों को कम प्रतिभावान स्थानीय लोगों से भरने से उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है।' इसका नतीजा यह होता है कि व्यवसाय सिकुड़ते हैं। ट्रांसफर होते हैं या ढह जाते हैं। इससे स्थानीय लोगों के लिए नौकरियां भी खत्म हो जाती हैं।

राजन ने अमेरिका व ट्रम्प पर लिखा है कि समुद्र पार भी यही कहानी चल रही है। राजन ने डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव की आलोचना की है जिसमें उन्होंने अमेरिका के बेहतरीन विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों को 15% तक सीमित करने की बात कही है। यह पहले 31% था। ट्रंप का दावा है कि अमेरिकी छात्रों को बाहर किया जा रहा है। राजन इसे आत्म-विनाश बताते हैं। उन्होंने लिखा, 'ऐसी नीति स्थायी नुकसान कर सकती है।' विदेशी छात्र अनुसंधान और नवाचार की ओर ले जाते हैं। उन्हें सीमित करने से अमेरिकी विश्वविद्यालयों का पतन होगा। अमेरिका की वैश्विक बढ़त भी कम हो जाएगी।ट्रंप के आईफोन मैन्युफैक्चरिंग को घर वापस लाने के प्रयास की भी राजन ने आलोचना की है। राजन बताते हैं कि ऐपल को अमेरिका में मैन्यूफैक्चर करने के लिए मजबूर करने से लागत बढ़ेगी। वैश्विक मांग में गिरावट आएगी। ऐप स्टोर जैसे प्लेटफार्मों से सर्विस रेवेन्यू भी खत्म हो जाएगा। इसका परिणाम यह होगा कि ऐपल कमजोर होगी। अर्थव्यवस्था में भी गिरावट आएगी। इसके बजाय राजन नेताओं से ऊपर उठने की अपील करते हैं। उन्होंने सिंगापुर को स्पष्टता के मॉडल के रूप में पेश किया। जब माता-पिता ने शिकायत की कि ऊंची उपलब्धि प्राप्त करने वाले चीनी छात्र स्थानीय छात्रों से आगे निकल रहे हैं तो एक मंत्री ने जवाब दिया- '15 वर्षों बाद जब आपके बच्चों को नौकरी मिल जाएगी तो क्या आप चाहेंगे कि ये चीनी बच्चे उनके पक्ष में प्रतिस्पर्धा करें, क्योंकि वे यहीं पले-बढ़े हैं, या उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करें?' इसके बाद शिकायतें बंद हो गईं।राजन का संदेश स्पष्ट है: पीड़ित राजनीति चुनाव जीत सकती है। लेकिन, सबसे चतुर देश प्रतिभा के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, न कि इसे सीमित कर रहे हैं।

### भारतीय तटरक्षक बल को मिला नया फास्ट पेट्रोलिंग जहाज 'अचल'



**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में सोमवार को एक नया जहाज शामिल हुआ है। तटरक्षक बल का यह जहाज 'अचल' एक पेट्रोलिंग जहाज है। 'अचल' का मुख्य उद्देश्य समुद्री सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और समुद्र में गश्त करना है। यह पोत विशेष रूप से अपतटीय परिसंपत्तियों और द्वीपीय क्षेत्रों की सुरक्षा में सहायक होगा। यह पोत विभिन्न और महत्वपूर्ण उपकरणों से सुसज्जित है। भारतीय तटरक्षक बल के नए पोत 'अचल' में स्वदेशी निर्माण की बड़ी झलक दिखाई देती है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल का यह पोत 52 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा है। इस आधुनिक पोत का वजन 320 टन है। इसमें सीपीपी-आधारित प्रणोदन प्रणाली लगी है। इस प्रणाली के कारण यह पोत अधिकतम 27 नॉट्स की गति प्राप्त कर सकता है।

## एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार महिला प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) एमआई6 के 116 साल के इतिहास में पहली बार एक महिला इसके प्रमुख के रूप में नियुक्त की गई हैं। ब्लेज मेट्रेवेली इस साल के अंत में सर रिचर्ड मूर का स्थान लेंगी और 18वीं प्रमुख बनेंगी। वह 1999 में इस संगठन में शामिल हुई थीं। ब्लेज मेट्रेवेली वर्तमान में एमआई6 में प्रौद्योगिकी और नवाचार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यह ऐतिहासिक नियुक्ति एक ऐसे समय में हो रही है जब इन खुफिया सेवाओं का काम पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। एमआई6 ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी है, जिसका काम विदेशी धरती पर खुफिया जानकारी जुटाकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके मुख्य कार्यों में आतंकवाद को रोकना, शत्रु देशों की गतिविधियों को बाधित करना, और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना शामिल है। इसका प्रमुख आमतौर पर "सी" के नाम से जाना जाता है। "सी" विदेश सचिव को रिपोर्ट करता है और जॉइंट इंटेलिजेंस कमेटी का हिस्सा होता है, जिसमें अन्य विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होते हैं। यह समिति खुफिया रिपोर्ट प्राप्त करती है, चल रही स्थितियों का विश्लेषण करती है और प्रधानमंत्री को सलाह देती है।

## जनपथ के कपड़ों को हाई रेट में बेच रही हैं नुपुर सेनन



कहानी फिल्म जगत की

कृति सेनन पिछले कुछ सालों में सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों और उद्यमियों में से एक बन गई हैं। हालांकि, ऐसा लगता है कि प्रशंसक उनकी बहन नुपुर सेनन के उद्यमी कौशल से उतने खुश नहीं हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनेत्री-व्यवसायी महिला अपने उत्पादों की कीमत अनुचित दरों पर रख सकती हैं। नुपुर कपड़ों की लाइन लेबल नोबो की संस्थापक हैं, जो हाल ही में उन कारणों से चर्चा में आई है, जिनके बारे में शायद सेनन बहनों ने नहीं सोचा होगा। अधिकांश लोगों को मुख्य समस्या कीमतों को लेकर थी। वेबसाइट पर, सबसे सस्ती ड्रेस भी लगभग 7,000 रुपये में है।

### बहन नुपुर कपड़ों की 'बेतुकी' कीमत के लिए ट्रोल की गईं

रिडीट यूज़र्स ब्रांड को ट्रोल कर रहे हैं क्योंकि वे यह बताने में असमर्थ हैं कि "बेसिक" दिखने वाले कपड़ों की इतनी ज्ययादा कीमत क्यों है। एक व्यक्ति ने लिखा, "मुझे लगता है कि उसका ब्रांड नाम अधूरा है क्योंकि वह स्पष्ट रूप से लेबल लिखना भूल गई है। कोई भी मुझसे यह ज़्यादा कीमत वाली फ़ास्ट फ़ैशन वाली चीज़ नहीं खरीदेगा।" दूसरे ने कहा, "अपनी बहन के नाम के लिए भी कौन इन कीमतों पर खरीदने जा रहा है?" दूसरे ने लिखा, "वह लोगों को धोखा दे रही है।

